CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 25°C
न्यूनतम : 20°C

हल्द्वानी, बुधवार 6 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 249 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 18 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव पेज 2



बेंगलुरु में आईपीएल फाइनल की मेज़बानी के मौकों पर संकट खेल टाइम्स



जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है सम्पादकीय



होर्मुज़ तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: ग़ालिबफ़ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने की यूएई में ड्रोन हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह ऑयल इंडस्ट्रीज जोन पर हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए थे। उन्होंने नागरिकों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य बताया और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया।

### एमपी के दो सांसद साउथ में विधानसभा चुनाव हारे

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में भाजपा को पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में बड़ी जीत मिली है। वहीं, एमपी कोटे से राज्यसभा के दो सांसदों को दक्षिण भारत के चुनावी रण में करारी हार का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार में मंत्री एल. मुरुगन को तमिलनाडु और जार्ज कुरियन को केरलम विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन को भाजपा ने केरलम की कांजीरापल्ली सीट से मैदान में उतारा था। ईसाई बहुल इस इलाके में कुरियन से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि कुरियन मुख्य मुकाबले से पूरी तरह बाहर नजर आए। वे तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें महज 26984 के करीब वोट मिले।

### चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फ्लाइट के अंदर धमाका

**चंडीगढ़।** हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की फ्लाइट में लैंडिंग के दौरान मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। लैंडिंग के दौरान फ्लाइट में मोबाइल पावर बैंक फट गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में पांच लोगों के घायल होने की जानकारी है। फ्लाइट नंबर 6ई108 बताया जा रहा है। हालांकि घायलों की संख्या अभी बढ़ने की संभावना है। यह हादसा मोहाली स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दोपहर के बाद हुआ। जानकारी के मुताबकि फ्लाइट में 39-एफ सीट पर बैठे देवांश नाम के शख्स के पावर बैंक में लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। उसने इसकी जानकारी क्रू मेंबर्स को दी। इतनी देर में पावर बैंक फट गया। विमान दोपहर में 3 बजकर 32 मिनट पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था।

### स्टालिन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव हारने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इस बीच, राजनीति में नवागंतुक और तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय ने मंगलवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से अगली सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश करने के लिए मुलाकात का समय मांगा है। श्री स्टालिन ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र भेज दिया है और इसे लोक भवन में सौंप दिया गया है। इसी बीच विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है।

# यूएस-ईरान के बीच फिर भड़का तनाव, होर्मुज में बन रहे जंग जैसे हालात

**वाशिंगटन/तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि सीजफायर की घोषणा के बावजूद दोनों पक्षों की सैन्य गतिविधियां जारी हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्पष्ट किया है कि सीजफायर अभी भी लागू है और इसे खत्म नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा अभियान अलग और सीमित प्रकृति का है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन केवल वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए अस्थायी व्यवस्था है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प को युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम अभी भी लागू है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने पेंटागन ब्रीफिंग में कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को निकालने का अमेरिकी प्रयास ऑपरेशन एपिक फ्यूरी से अलग है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट फ्रीडम रक्षात्मक प्रकृति का अभियान है। इसका दायरा सीमित है और यह अस्थायी अवधि के लिए है। इस अभियान का एकमात्र मिशन ईरानी आक्रामकता से निर्दोष वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा करना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि दो अमेरिकी वाणिज्यिक जहाज स्ट्रेट से सफलतापूर्वक गुजर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, छह अन्य जहाजों ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी का उल्लंघन करने का प्रयास किया था।



- अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ बोले- सीजफायर अभी भी लागू

## UAE के फुजैराह पर ड्रोन हमले में तीन भारतीय घायल

**नई दिल्ली/ अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह तेल औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुजैराह में मंगलवार को हुए हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों की उचित चिकित्सा देखभाल और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा कि ईरान ने नवीनतम हमले में चार क्रूज मिसाइलें दागीं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तीन मिसाइलों को वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक लिया जबकि चौथी मिसाइल समुद्र में गिर गई। एक ड्रोन हमले के कारण फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र में आग लग गई, जो संयुक्त अरब अमीरात के ऊर्जा निर्यात का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए बचाव दल तैनात किए गए और घायलों को मामूली चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया।

## अमेरिका ने यूएई के तेल संयंत्र पर हमले के जवाब में किया ईरानी नौकाओं पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में सात ईरानी नौकाओं पर हमला किया है, क्योंकि वाशिंगटन लगभग बंद जलमार्ग के माध्यम से खाड़ी में फंसे जहाजों को बाहर निकालने का प्रयास कर रहा है। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया दोनों ने सोमवार को महत्वपूर्ण जलमार्ग में जहाजों पर हमले की सूचना दी। संयुक्त अरब अमीरात ने यह भी कहा कि ईरानी हमले के बाद फुजैराह के तेल बंदरगाह पर आग लग गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि स्ट्रेट में हुई घटनाओं से यह स्पष्ट हो गया है कि राजनीतिक संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम प्रोजेक्ट डेडलॉक है। फरवरी में अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर हवाई हमले शुरू करने के बाद से होर्मुज स्ट्रेट बहुत हद तक अवरुद्ध रहा है।

# दीदी हैं कि मानती नहीं..

## ममता बनर्जी की चुनौती, इस्तीफा नहीं दूंगी

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा कि चुनाव आयोग असली विलेन है।

उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने -शेष पृष्ठ दो पर



कहा: हम हारे नहीं, हराया गया, चुनाव आयोग विलेन, भाजपा से मिलकर 100 सीटें लूटीं, मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी

### ममता बनर्जी ने इस्तीफा नहीं दिया, तो क्या कहता है संविधान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस का 15 साल के शासन का अब अंत हो चुका है। इस बीच मंगलवार को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर गलत तरीके से चुनाव जीतने का आरोप लगाया। साथ ही चुनाव आयोग को भी घेरा। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर अगर कोई मुख्यमंत्री चुनाव में हार के बाद अपने पद से इस्तीफा देने से इन्कार कर दे तो क्या हो सकता है, अगर कोई मुख्यमंत्री विधानसभा में बहुमत खोने या चुनाव हारने के बाद भी इस्तीफा देने से इन्कार कर देता है, तो स्थिति को संभालने के लिए सांविधानिक और कानूनी रास्ते अपनाए जाते हैं। विधानसभा में बहुमत खोने पर अगर ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के पास बहुमत बनाए रखने के लिए विधायकों का समर्थन नहीं है, तो उन्हें फ्लोर टेस्ट का सामना करना पड़ता है।

# जनहित याचिका अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सबरीमाला केस में वकीलों ने याचिका लगाई
- जज ने कहा: अपने लोगों के लिए काम करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं।

यह कमेंट नौ जजों की संविधान बेंच ने केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान किया। कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन के 2006 के पीआईएल के मकसद पर सवाल उठाया, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर रोक को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि पीआईएल कानून की प्रोसेस का गलत इस्तेमाल है और एसोसिएशन को ऐसी पीआईएल फाइल करने के बजाय बार और अपने युवा सदस्यों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक जगहों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर 11वें दिन भी सुनवाई चली। सितम्बर 2018 में 5 जजों की संविधान बेंच ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी। तब कोर्ट ने कहा था कि सदियों पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। एसोसिएशन के वकील ने दलील दी कि पीआईएल जून 2006 में छपे चार अखबारों के आर्टिकल पर आधारित थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि इसे सीधे खारिज कर देना चाहिए था। यह आर्टिकल जनहित याचिका फाइल करने का कारण कैसे बताता है। पीआईएल फाइल करने के लिए आर्टिकल लिखवाना आसान है। पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन अब प्राइवेट इंटरेस्ट लिटिगेशन, पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं। सभी को पीआईएल कहा जाता है, लेकिन हम सिर्फ असली पीआईएल पर ही सुनवाई करते हैं। सीजेआई को रोज सैकड़ों चिट्ठियां मिलती हैं, जिनमें सवाल किया जाता है कि क्या उन सभी को पीआईएल में बदला जा सकता है।



# भाजपा ने शाह को बंगाल व नड्डा को असम का पर्यवेक्षक बनाया

- ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक बनाए गए

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक बनाया।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण निंदासह की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में श्री शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। श्री निंदासह ने बताया कि श्री नड्डा ओडिशा में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब निंदासह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।




जम्मू : एक स्कूली छात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की बरसी से पहले पेंटिंग प्रदर्शित करती हुई।

# गन्ना और कपास किसानों को बड़ी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

- केंद्रीय कैबिनेट की दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रमुख औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक फैसलों पर मुहर लगाई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी।

इन फैसलों में मुख्य रूप से विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), कृषि नीतियां और समुद्री बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) शामिल हैं, जो देश के समग्र विकास और रोजगार सृजन को रफ्तार देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। केंद्र सरकार की कैबिनेट ने हालिया बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है, जिन पर कुल लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए 'कपास कांती मिशन' पर 5,659 करोड़ रुपये खर्च होंगे, वहीं 2026-27 सीजन के लिए गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) से जुड़ा फैसला भी लिया गया है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए -ईसीएलजीएस-5 योजना पर 18,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर वडिनार में शिप रिपेयर सुविधा (1,570 करोड़ रुपये) और कई रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिनमें नागदा-मथुरा, गुंटकल- वाडी और बुरहवाल-सीतापुर रेल लाइनों के विस्तार पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा सेमीकंडक्टर सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड और सुची सेमिकॉन प्राइवेट लिमिटेड की यूनिट्स पर भी निवेश किया जाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट को मजबूत करने से जुड़ा एक नीतिगत निर्णय भी शामिल है। इन फैसलों से कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल सकता है। देश के 32 लाख कपास किसानों को सीधा फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट ने कपास क्रांति नाम से एक ऐतिहासिक पहल को मंजूरी दी है।

# प. बंगाल: 10 साल में भाजपा 3 से 207 सीटों पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भाजपा महिला को दे सकती है पश्चिम बंगाल में कमान
- संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे

**नई दिल्ली।** बंगाल में टीएमसी को हराकर भाजपा पहली बार सत्ता में आई। पार्टी दस साल में 3 सीटों से 207 सीटों पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया।

59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें डीएमके या एआईएडीएमके नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन चुनाव हार गए।



बंगाल में भाजपा ने बिना चेहरे के चुनाव लड़ा, इसलिए अब बड़ा सवाल यह है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे है। पार्टी किसी महिला चेहरे को भी ला सकती है। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70 फीसदी का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, टीएमसी 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6 फीसदी रहा। सीएम ममता समेत 35 मंत्रियों में से 22 चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है। 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सैन्य शक्ति रक्षा उद्योगों के कारखानों में निर्मित होती है: संजय सेठ

**नई दिल्ली/प्रयागराज।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑपरेशन सिदूर की सफलता का श्रेय रक्षा बलों के अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प को देते हुए कहा है कि अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों और प्रणालियों ने इसे और मजबूत बनाया है। सेठ ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मंगलवार को 'नॉर्थ टेक संगोष्ठी' को संबोधित करते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ तथा स्टार्ट-अप को देश के ब्रांड एंबेसडर बताया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप और एमएसएमई भविष्य की वृद्धि के प्रेरक बल हैं और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे हमारे युग के विश्वकर्मा हैं।

### मुर्गों का दंगल कराने पर हिस्ट्रीशीटर समेत कई पर मुकदमा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के कांट थाना क्षेत्र में मुर्गों का दंगल कराकर उस पर बाजी लगाने के मामले में पुलिस ने टॉप-टेन हिस्ट्रीशीटर समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक जैन ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिली थी कि रावतपुर गांव के पास कुख्यात हिस्ट्रीशीटर सुहेल खां उर्फ बॉर्डर अपने साथियों के साथ मुर्गों का दंगल कराता है। पुलिस द्वारा जांच किए जाने पर सामने आया कि 25 अप्रैल को आम के बाग में चोरी-छिपे मुर्गों को लड़ाकर उन पर जीत-हार की बाजी लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि यह स्थान उस पशु बाजार के पास है, जहां नियमित रूप से गाय, भैंस और बकरियों की खरीद-फरोख्त होती है।

# केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया जनतंत्र की हत्या का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भाजपा ने जनतंत्र को हाइजैक कर लिया है, जनतंत्र की हत्या कर दी है, पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर जनतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है, क्योंकि एजेंसियां लगाकर विधायकों को तोड़कर सरकारें गिरा देते हैं।

केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिह मान के साथ दिल्ली आए पार्टी के विधायकों के साथ कपूरथला हाउस में संवाद किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज पूरे देश में बहुत बघ संकट छाया हुआ है। भाजपा ने जनतंत्र को हाइजैक कर लिया है, जनतंत्र की हत्या कर दी है। पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पघ्ता है। इसके बाद ए ईडी-सीबीआई और पैसे से उस पार्टी के विधायक तोड़ लेते हैं, पार्टियां तोघ लेते हैं, जेल भेज देते हैं और सरकारें गिरा देते हैं। जीतने के लिए ये लोग वोट काट देते हैं, अपना वोट जुड़वा देते हैं। सोमवार को पश्चिम बंगाल चुनाव का आया परिणाम कोई चुनाव नहीं था। पिछले 3-4 महीने से हम देख रहे हैं कि पश्चिम बंगाल के अंदर तांडव चल रहा है। इसी तरह इन्होंने बिहार, महाराष्ट्र में किया। उन्होंने कहा कि जब मैं जेल गया, उससे पहले नई दिल्ली विधानसभा में 1 लाख 48 हजार वोट थे। जब मैं लौट कर आया तो 1 लाख 6 हजार वोट बचे थे। इन्होंने करीब 6 महीने के अंदर 42 हजार वोट कटवा दिया। पिछली बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से मैं 30 हजार वोट से जीता था। इन्होंने 42 हजार वोट कटवा दिए और इस बार मैं 03 हजार वोट से हार गया। विपक्ष कैसे जीत सकता है, जब उसके सारे वोट कटवा देंगे। आज पूरे देश के अंदर यही तांडव चल रहा है। आज देश के जनतंत्र के उपर संकट है। हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान कुर्बान करके हमें आजादी दिलाई थी, आज उस आजादी पर सकंट खघ हो गया है। उन्होंने कहा कि चार साल बाद भी पंजाब में प्रो-इंकम्बेंसी है। भगवंत मान सरकार के कामों से लोग बेहद खुश हैं और फिर सरकार बनाने के लिए बेताब हैं। पंजाब में मुफ्त बिजली, 10 लाख का इंश्योरेंस, शानदार सड़कें, पिडों में 3100 खेल के मैदान, खेतों तक नहरी पानी पहुंच रहा। पंजाब में पहली बार इतने काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी अश्वमेघ यज्ञ का घोघ पंजाब में रोका गया था और अब भी भाजपा का विजय रथ पंजाब के लोग रोकेंगे। पंजाब के छह राज्यसभा सांसद भाजपा ने चोरी की है। पंजाब के लोग इसका बदला अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में लेंगे। भाजपा ने पंजाब के लोगों की 6 राज्यसभा की सीट पर डाका डाला है।

# महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू किया जाए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की स्पष्ट मांग है कि संसद में पारित महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू करने की तत्काल घोषणा की जाए।

यादव ने कहा कि यह विधेयक समस्त विपक्ष के सहयोग से पारित हुआ है, ऐसे में अब भाजपा सरकार को अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। यदि सरकार इस पर घोषणा नहीं करती है, तो उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भाजपा और उसके सहयोगी दल महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि जब तक इस मुद्दे पर सरकार की ओर से स्पष्ट घोषणा नहीं की जाती, तब तक उनकी पार्टी इस मांग को लगातार उठाती रहेगी। पार्टी हर सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी और महिला आरक्षण लागू कराने के लिए दबाव बनाएगी। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाना समय की मांग है। गौरतलब है कि बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली पार्टी कार्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए सपा पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण का विरोध किया था, लेकिन महिलाएं उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। आने वाले समय में महिलाएं समाजवादी पार्टी को सबक सिखाएगी।

# महबूबा ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**श्रीनगर, वार्ता**



■ लगाया चुनावी हेराफेरी का आरोप

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह संस्था केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रही है। सुश्री मुफ्ती का यह बयान पश्चिम बंगाल चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के एक दिन बाद आया है। उन्होंने इन परिणामों को देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिता का हिस्सा बताया। पीडीपी अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का 'निडर रक्षक' माना जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है। इसे ष्दुखद गिरावटष करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश भले ही 'विश्वगुरु' बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन 'चुनावी हेराफेरी की कला' में जरूर महारत हासिल कर ली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रमों को इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण बताया।

## राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

# आंधी-बारिश से नुकसान पर सीएम का सख्त एक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ घायलों का त्वरित और समुचित इलाज तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी, वर्षा और आक. ाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिका. रियों को सख्त निर्देश दिया कि घायलों का त्वरित और समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को समयबद्ध सहायता देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय होगी। उन्होने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करें। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शासन से समन्वय बनाए रखें। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों में ही रहें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहें।

प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव टीमें सक्रिय कर दी गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके और जनहानि को न्यूनतम रखा जा सके। दूसरी ओरउत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलता नजर आएगा। मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक आंधी, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है, जिससे भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने के संकेत हैं।

### छह-सात मई को बारिश की स्थिति बन सकती है

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार यानी पांच मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं। छह और सात मई को दोनों ही हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और मेघगर्जन की स्थिति बनी रह सकती है। विभाग ने बताया कि आठ और नौ मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 10 और 11 मई को प्रदेश के दोनों भागों में फिर से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 5 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है, जो झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे (झोंकों में 70 किमी/घंटा) की रफ्तार से तेज आंधी चलने की आशंका जताई गई है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 148652 प्रति 10 ग्राम
चांदी 251000 प्रति किलो

# बैंकिंग सेक्टर के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग सेक्टर में बिकवाली से मंगलवार को प्रमुख सूचकांक नीचे बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 251.61 अंक (0.33 प्रतिशत) गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी और दोपहर तक यह 750 अंक से ज्यादा टूट गया था, लेकिन बाद में इसने काफी हद तक वापसी की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत फिसलकर 24,032.80 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस पर बढ़त में रहे थे।

वृहद बाजार में लिवाली का जोर रहा। मझौली कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत ऊपर रहा। ऑटो, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टरों में अच्छी तेजी रही जबकि रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक नीचे बंद हुए। एनएसई में जिन 3,391 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें से 1,600 के शेयर ऊपर और 1,680 के लाल निशान में रहे। अन्य 111 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 3.41 फीसदी मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.79 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### चांदी 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार सोने पर दबाव जारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच मंगलवार को कमोडिटी बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक ओर जहां चांदी की कीमतों में भारी उछाल आया है, वहीं सुरक्षित निवेश के बदलते रुझानों के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का ध्यान अब अमेरिकी डॉलर और बान्ड यील्ड की तरफ मुड़ गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये उछलकर 2. 51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,49,500 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपये गिरकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया (सभी करों सहित)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, हाजिर चांदी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73. 51 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# चावल, चीनी के भाव बढ़े, गेहूं नरम दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी में भी तेजी देखी गई जबकि में गिरावट रही। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 30 रुपये बढ़कर 3,860 रुपये प्रति क्विटंल रह गई।

गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,775 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटे की कीमत भी छह रुपये घट गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मूंग दाल की 17 रुपये बढ़ गई। तुअर दाल में 23 रुपये और चना दाल में सात रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 88 रिगिट चढ़कर 4,710 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.88 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 77 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 69 रुपये और सोया तेल की 44 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 13 रुपये और वनस्पति चार रुपये मजबूत हुआ। वहीं मूंगफली तेल में नौ रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट देखी गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। चीनी भी चार रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7663.62 रुपये, मसूर काली 8130.38 रुपये, मूंग दाल 10167.95 रुपये, उड़द दाल 10835.36 रुपये, तुअर दाल 11222.93 रुपये प्रति क्विटंल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में वाहनों की मांग में पिछले कुछ समय से जारी तेजी वित्त वर्ष 2026.27 में भी बरकरार रही और अप्रैल में वाहनों की खुदरा बिक्री करीब 13 प्रतिशत सालाना बढ़कर 26.11 लाख के पार पहुंच गई। वाहन डीलरों के शीर्ष संगठन फाडा द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में देश में कुल 26,11,317 वाहन बिके। यह आंकड़ा इस साल मार्च की तुलना में 3.01 प्रतिशत कम है जबकि पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 12.94 प्रतिशत अधिक है। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बताया कि छह में से पांच वाहन श्रेणियों में अप्रैल महीने का नया रिकॉर्ड बना है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दीदी है कि...** का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं। चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। आईपीएस- आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं। मैंने राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, वाजपेयी सहित कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। अत्याचार की कोई सीमा नहीं रही। यहां लोगों को प्रताड़ित किया गया। पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। भाजपा वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया। हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, यह अभी नहीं बताएंगे। दूसरी बात, हमने फैसला किया है कि 5 सां. सदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट- फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी।

# जंगल के राजा, सरकारी मेहमान

**अफजल हुसैन फौजी'**

■ उत्तराखंड के रेस्क्यू सेंटरों में कैद है करोड़ों का 'खर्चीला रुतबा'

**नैनीताल।** कभी कहा जाता था कि हाथी पालना आसान नहीं, लेकिन उत्तराखंड के चार रेस्क्यू सेंटरों में कैद 81 बाघ और तेंदुए अब सरकारी खजाने के लिए श्महंगे मेहमानश साबित हो रहे हैं। जंगल में दहाड़कर अपना साम्राज्य चलाने वाले ये वन्यजीव अब सलाखों के पीछे अपनी फिटनेस और रुतबा बरकरार रखने के लिए सरकारी बजट की बड़ी खुराक ले रहे हैं।

राज्य के रेस्क्यू सेंटरों में पल रहे इन खूंखारों की कहानी सिर्फ संरक्षण की नहीं, बल्कि भारी-भरकम आर्थिक बोझ की भी है। वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, एक टाइगर की सेहत और खुराक पर सालाना लगभग 20 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। इनकी डाइट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक बाघ को रोजाना 10 किलो तक ताजा मांस की आपूर्ति की जाती है। उत्तराखंड में बाघों की संख्या में हुई वृद्धि वन्यजीव संरक्षण के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसका दूसरा पहलू 'मानव-वन्यजीव संघर्ष' के रूप में सामने आया है। जब कोई बाघ या तेंदुआ आबादी वाले इलाकों में खतरा बनता है या संघर्ष में घायल होता है, तो उसे पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया जाता है। यहीं से शुरू होता है एक लंबी कैद और महंगे रख-रखाव का सिलसिला। वर्तमान में राज्य के चार प्रमुख केंद्रों/हरिद्वार का चिड़ियापुर, नैनीताल का रानीबाग, कॉर्बेट का ढेला और अल्मोड़ा मिनी जू में कुल 81 शिकारी वन्यजीव बंद हैं। इनमें चिड़ियापुर में 24 तेंदुए, रानीबाग में 15 तेंदुए और 3 बाघ, ढेला में 14 बाघ और 16 तेंदुए, तथा अल्मोड़ा में 10 तेंदुए मौजूद हैं।

इन वन्यजीवों का प्रबंधन सिर्फ खाने तक सीमित नहीं है। इसमें नियमित मेडिकल चेकअप, दवाइयां, एनक्लोजर (बाड़े) का रखरखाव और विशेष कर्मचारियों की तैनाती का खर्च भी शामिल है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने स्वीकार किया कि इन रेस्क्यू सेंटरों का कुल खर्च करोड़ों में पहुंच जाता है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन केंद्रों के संचालन के लिए हर साल भारी बजट आवंटित किया जाता है:

-ढेला रेस्क्यू सेंटर: करीब 2 करोड़ रुपये

-अल्मोड़ा मिनी जू: करीब 1.5 करोड़ रुपये

-चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटररू लगभग 1. 20 करोड़ रुपये

-रानीबाग रेस्क्यू सेंटर: करीब 47 लाख रुपये

इसके अलावा, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लिए राज्य, केंद्र, कैम्पा फंड और प्रोजेक्ट टाइगर से मिलने वाली राशि को जोड़कर यह खर्च 25 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लेता है। जाहिर है, जंगल से बाहर लाकर पिंजरों में कैद किए गए ये वन्यजीव न केवल अपनी आजादी खो चुके हैं, बल्कि राज्य के विकास बजट का एक बड़ा हिस्सा भी शशिकारश कर रहे हैं। संरक्षण और प्रबंधन की इस दोहरी चुनौती के बीच, यह सवाल खड़ा होना लाजिमी है कि क्या रेस्क्यू सेंटरों पर निर्भरता ही एकमात्र समाधान है?

# नैनीताल पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णम!

■ कांग्रेस पर बोला तीखा हमला, कहा- बिना नेतृत्व बदले पार्टी की वापसी मुश्किल

**नैनीताल।** अपनी बेबाक बयानबा. जी के लिए मशहूर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। सरोवर नगरी नैनीताल प्रवास पर आए आचार्य ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों को देश की सुरक्षा और भविष्य के लिहाज से बेहद संवेदनशील बताया।

**ममता बनर्जी पर साधा निशाना**

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने ममता बनर्जी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की धरती हमेशा से महान राष्ट्रभक्तों की रही है और वहां की जनता अब इस सच्चाई को जान चुकी है. धार्मिक ख्रष्टिकोण जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भगवान कल्कि के अवतार के साथ जिस सतयुग के आने की बात कही गई है, बंगाल में हो रहा मौजूदा बदलाव उसी की शुरुआत है।

**समाजवादी पार्टी पर बरसे आचार्य: हनुमान जी का नाम इन्हें शोभा नहीं देता**

सपा के आज किए गए ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आचार्य ने कहा कि यह वही पार्टी है जिसने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं और उनका लहू सरयू नदी में बहाया, ऐसे लोगों के मुंह से हनुमान जी का नाम शोभा नहीं देता।

उन्होंने सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने पिता और चाचा का नहीं हुआ, वह जनता का क्या होगा। आचार्य ने भविष्यवाणी की कि 2027 तक समा. जवादी पार्टी के इतने टुकड़े होंगे कि उन्हें गिनना मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने कहा कि ममता दीदी की लंका (सत्ता) जलते देख अब ये लोग डर के मारे हनुमान जी को याद कर रहे हैं।

CMYK



# 1.5 करोड़ का हाथी दांत बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



■ एसटीएफ-वन विभाग के संयुक्त ऑपरेशन में अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरोह बेनकाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रपुर।** उत्तराखंड एसटीएफ की टीम ने वन्य जीव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सितारगंज क्षेत्र के बराकोली रेंज, कल्याणपुर से की गई, जहां से आरोपियों के कब्जे से करीब 7 किलो 820 ग्राम वजनी हाथी दांत बरामद हुआ है। इसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि टीम को मैनुअल सूचना मिली थी कि क्षेत्र में वन्य जीवों के अंगों और हाथी दांत की तस्करी की जा रही है। इस सूचना को स्थानीय स्तर पर विकसित कर कुमाऊं यूनिट और वन विभाग की संयुक्त टीम ने देर रात चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें दो संदिग्धों को मौके से दबोच लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से बरामद हाथी दांत की लंबाई करीब 3 फीट 3 इंच और गोलाई 13 इंच बताई गई है।

वन्य जीव संरक्षण कानून के तहत हाथी और उसके अंगों को पहली अनुसूची में रखा गया है, जिसका शिकार और तस्करी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ के आधार पर इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है। एसटीएफ का कहना है कि यदि इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसटीएफ ने आम जनता से अपील की है कि वन्य जीव तस्करी से जुड़ी किसी भी जानकारी की तुरंत सूचना नजदीकी पुलिस थाने या एसटीएफ को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए 34 जांबाज सम्मानित

**देहरादून।** राजधानी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में श्सैनिक सम्मेलनश का आयोजन किया। इस दौरान जहां एक ओर अनुशासन की कमान कसी गई, वहीं दूसरी ओर शानदार प्रदर्शन करने वाले 34 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एसएसपी ने जिले के विभिन्न थानों और शाखाओं से आए पुलिसकर्मियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कर्मचारियों की व्यक्तिगत और पेशेवर समस्याओं को सुना। कप्तान ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए, ताकि वे तनावमुक्त होकर अपनी ड्यूटी कर सकें।विभिन्न मोर्चों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 34 पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र भेंट किए। सम्मानित होने वालों में गोप. नीय कार्यालय, साइबर सेल, यातायात पुलिस और विभिन्न थानों के जांबाज शामिल रहे।

# महिला आरक्षण विरोधी दलों को सजा देने का क्रम उत्तराखंड में भी जारी रहेगा : भट्ट



■ बंगाल, असम के बाद महिलाएं, 27 में नारी विरोधी कांग्रेस का सूपड़ा करेंगी साफ

■ बंगाल के परिणामों से स्पष्ट, राष्ट्र एकता और संस्कृति संवर्धन देश की प्राथमिकता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली पार्टियों को देश की जनता ने सबक सिखाना शुरू कर दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने कहा, इसकी शुरुआत बंगाल सहित पांच राज्यों के चुनाव से हुई है। अब देवभूमि भी महिला विरोधी कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए बेसब्री से 27 के चुनावों का इंतजार कर रही है। इस बार कांग्रेस का प्रदेश से पूरी तरह सूपड़ा साफ होना तय नजर आ रहा है।

उन्होंने 5 राज्यों, विशेषकर बंगाल चुनावों परिणामों का राज्य में असर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, नतीजे बताते हैं कि महिला अधिकारों के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दलों द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में रोड़े अटकाने से उत्तराखण्ड की मातृशक्ति में भी भारी आक्रोश है।

उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि देवभूमि की जागरूक महिलाएं कांग्रेस के महिला विरोधी चरित्र को पहचान चुकी हैं। अब राज्यों के हालिया चुनाव परिणाम से उनका ये मत मजबूत हुआ है कि महिला विरोधी पार्टियां स्वीकार नही। लिहाजा, 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी और उनका सूपड़ा साफ होना पूरी तरह तय है।ष

भट्ट ने कहा कि बंगाल और असम जैसे राज्यों के परिणाम ये भी बताते हैं कि जनता अब केवल विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए ही वोट देती है। साथ ही बंगाल के चुनावों ने यह भी स्पष्ट किया है कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और भारतीय संस्कृति व सभ्यता का संवर्धन, आम भारतवासी के लिए सर्वोपरि है।

# जोशी से की पंतनगर विवि के नव नियुक्त कुलपति प्रो. शिवेन्द्र ने मुलाकात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से आज उनके कैंप कार्यालय में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के नव नियुक्त कुलपति प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रो. कश्यप को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



■ कृषि मंत्री ने नई जिम्मेदारी के लिए दी शुभकामनाएं

बैठक के दौरान कृषि अनुसंधान, आधुनिक तकनीकों के विस्तार और किसानों तक नवाचार पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस दिशा में पंतनगर विश्वविद्यालय अग्रणी संस्थान रहा है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विश्वास जताया कि प्रो. शिवेन्द्र कश्यप का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव, विशेषकर कृषि संचार, शिक्षण और संस्थागत विकास के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता, विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगी।

## हिमाद्रि आइस रिंक की प्रथम वर्षगांठ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# आइस रिंक देश और प्रदेश की शान: धामी




■ उत्तराखंड में लागू होगा स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान, 8 शहरों में खुलेंगी 23 खेल अकादमियां

■ उत्तराखंड हॉकी आइस टीम की जर्सी व पे और प्ले पोर्टल का भी विमोचन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित हिमाद्रि आइस रिंक के जीर्णोद्धार की प्रथम वर्षगांठ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हिमाद्रि आइस रिंक की प्रथम वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड हॉकी आइस टीम की जर्सी व पे और प्ले पोर्टल का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की आइस रिंक "हिमाद्रि" केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है, जो खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में स्थापित इस आइस रिंक में सर्वप्रथम साउथ एशियन विंटर गेम्स का आयोजन किया गया था, लेकिन बाद के वर्षों में विभिन्न कारणों से इसका सुचारु संचालन एवं रखरखाव नहीं हो पाने के कारण इसे बंद करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि आइस रिंक की बदहाल स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने इसे पुनः संचालित करने का संकल्प लिया और लगभग साढ़े 8 करोड़ रुपये की लागत से पिछले वर्ष इसी दिन इसका जीर्णोद्धार कर इसे पुनः खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को समर्पित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके संचालन के लिए एक मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित कर हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सामूहिक प्रयासों के परिणामस्वरूप आज यह आइस रिंक एक बार फिर राष्ट्रीय एवं अंत. रराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन का केंद्र बन रही है। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष के दौरान यहां नेशनल आइस स्केटिंग चैंपियनशिप, एशियन ट्रॉफी, राष्ट्रीय आइस हॉकी लीग तथा महिला एवं बालक वर्ग की राष्ट्रीय टीमों के प्रशिक्षण शिविरों का सफल आयोजन किया गया। साथ ही वर्तमान में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी यहां स्केटिंग एवं आइस हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय आइस हॉकी टीम का प्रशिक्षण शि. विर भी इसी आइस रिंक में आयोजित किया गया। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि पिछले वर्ष अगस्त माह में भारत ने पहली बार "एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी" की सफल मेजबा. नी की, जिसमें एशिया के 11 देशों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भी उस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में आइस स्केटिंग और आइस हॉकी के प्रति बढ़ते आकर्षण को देखते हुए आने वाले समय में भारत शीतकालीन खेलों में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरेगा। इस अवसर पर रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक आशीष चौहान, अपर निद. ेशक अजय अग्रवाल, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई आदि उपस्थित रहे।

### खेल सशक्तिकरण का प्रतीक बन गया हिमाद्री आइस रिंक : रेखा आर्या

खेल मंत्री रेखा आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि एक वर्ष पूर्व शुरू किया गया "आइस ब्रेकिंग मूवमेंट" आज पूरी तरह सफल साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आइस रिंक अब केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं के सपनों को साकार करने का मजबूत मंच बन चुका है।खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पिछले एक वर्ष में हजारों बच्चों ने यहाँ आकर आइस स्पोर्ट्स को सीखा और अपने करियर की नई दिशा तय की है। प्रदेश के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है।खेल मंत्री ने कहा कि यह आइस रिंक, जो कभी उपेक्षा का शिकार था, आज प्रदेश की खेल शक्ति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के समर्पण और सरकार की खेलोन्मुख नीतियों को दिया।

# वीकेंड पर सेक्टरों में बंटेगा आशारोडी-मसूरी रूट, ड्रोन से होगी ट्रैफिक की निगरानी

■ एसएसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एसएसपी ने पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की। बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, चारधाम यात्रा और वीकेंड पर्यटक सीजन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि यातायात प्रबंधन और अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड के शुरू होने से बढ़ने वाले यातायात के दबाव को देखते हुए एसएसपी ने एसपी सिटी और ट्रैफिक को विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। आगामी वीकेंड से आशारोडी से मसूरी तक के रूट को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर फोर्स तैनात की जाएगी। यातायात व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जाएगी और कार्यालयों में नियुक्त पुलिस बल को भी फील्ड में ड्यूटी पर लगाया जाएगा। साथ ही मसूरी के आसपास नए पार्किंग स्थल चिन्हित करने को कहा गया है।

ऑपरेशन प्रहार के तहत एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में सत्यापन अभियान चलाने और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात के समय अनावश्यक घूमने वाले संदिग्धों से पूछताछ की जाए और वांछित व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की जाएं।

लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने उन अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी जो बिना कारण जांच को अटकाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं में देरी होने पर संबंधित विवेचक और थाना प्रभारी की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जघन्य अपराधों के मामलों में साक्ष्यों के त्वरित संकलन और माननीय न्यायालय में मजबूत पैरवी करने के निर्देश दिए गए ताकि अपराधियों को सख्त सजा मिल सके।बैठक के अंत में एसएसपी ने निरोधात्मक कार्रवाई की भी समीक्षा की। शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम के तहत कम कार्यवाही करने वाले थाना प्रभारियों को फटकार लगाते हुए आदतन अपराधियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

# ब्रिडकुल करेगा रोपवे के लिए रेगुलेटरी बॉडी का कार्य : सीएस



■ मुख्य सचिव ने की प्रदेश के रोपवे प्रोजेक्ट की समीक्षा, जागेश्वर धाम परियोजना में रोपवे को किया जाए शामिल ■ प्रदेश में रोपवे प्रोजेक्ट की प्राथमिकता तय करने के लिए उप समिति गठित, मसूरी रोपवे के लोअर टर्मिनल की अड़चनों को अगले तीन दिन में निस्तारण करें सम्बन्धित विभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को प्रदेश में रोपवे निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने विभिन्न रोपवे प्रोजेक्ट्स की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने रोपवे प्रोजेक्ट के लिए नियामक प्राधिकरण के रूप में ब्रिडकुल को मजबूत किए जाने के निर्देश दिए। इसके रोल और रेस्पोंसिबिलिटी का ड्राफ्ट शीघ्र तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जागेश्वर धाम योजना में रोपवे प्रोजेक्ट को शामिल किए जाने भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने रोपवे बनाने के लिए प्राथमिकता तय करने हेतु उपसमिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रमुख सचिव नियोजन की अध्यक्षता में सचिव पर्यटन, सचिव आवास, सचिव लोक निर्माण विभाग एवं नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण को उपसमिति में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि यह उपसमिति प्रदेश में बनाए जाने वाले रोपवे की प्राथमिकता तय करेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर में बनने वाले रोपवे में किन स्थानों को शामिल किया जाना है, किनको नहीं, इसको लेकर शहर की आवश्यकता के अनुरूप पर्यटन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को तय करना होगा। मुख्य सचिव ने मसूरी रोपवे की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने मसूरी रोपवे के लोअर टर्मिनल के पास सार्वजनिक सड़क मार्ग से सम्बन्धित मामले को अगले तीन दिन में निस्तारण कर निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने हेमकुंड साहिब और केदारनाथ रोपवे की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा की केदारनाथ रोपवे के लिए लोजिस्टिक्स ड्राई रन करते हुए असुरक्षित स्थानों का चिन्हीकरण एवं सुधारीकरण कार्य तत्काल शुरू कराया जाए। उन्होंने कुंड ब्रिज और नई बाई पास को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। कहा कि जहाँ भी नए ब्रिज और बाई पास की आवश्यकता है उसका समय से सर्वे एवं निर्माण आदि का कार्य भी साथ साथ किया जाए। मुख्य सचिव ने केदारनाथ रोपवे के लोअर टर्मिनल में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्किंग के लिए भूमि चिन्हीकरण एवं भूमि हस्तांतरण आदि की प्रक्रिया को भी साथ -साथ शुरू किया जाए। उन्होंने हेमकुंड और केदारनाथ रोपवे निर्माण कार्य का पर्ट चार्ट तैयार कर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कार्यों को समय से पूर्ण कराने के लिए पर्टचार्ट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान बताया गया कि केदारनाथ रोपवे का एग्रीमेंट साइन हो चुका है, एलओए जारी हो चुका है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव डॉ आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, सहित संबंधित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखण्ड बनेगा भारतीय ज्ञान-विज्ञान व संस्कृति का वैश्विक केंद्र: सीएम



■ कहा, ऋषिकुल, हरिद्वार में मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान को विश्वस्तरीय स्वरूप दिया जाएगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक कर ऋषिकुल, हरिद्वार में मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान के समग्र विकास और विस्तार की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में संस्थान को भारतीय ज्ञान परंपरा, प्राचीन विज्ञान, संस्कृति और आधुनिक शोध के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड केवल आस्था और अध्यात्म की भूमि नहीं, बल्कि ऋषियों, ज्ञान और वैज्ञानिक चिंतन की भी भूमि रही है। ऋषिकुल, हरिद्वार में इस महत्वपूर्ण संस्थान को नई पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्री मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान का कार्य जल्द शुरू किया जाए। कुंभ शुरू होने से पहले यह कार्य पूर्ण किया जाए। पर्यटन विभाग इसमें नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु को निर्देश दिये कि इस संस्थान के कार्यों की नियमित प्रगति के लिए संबंधित विभागीय सचिवों के साथ पाक्षिक बैठकें की जाएं। इसमें विकास के साथ विरासत के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। राज्य के सभी जनपदों की लोक कला पर आधारित गतिविधियां भी इसमें शामिल की जाएं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थान में वैदिक गणित, वेदों में निहित विज्ञान, उपनिषदों का दर्शन, भारतीय तर्कशास्त्र, पर्यावरण विज्ञान तथा जीवन मूल्यों पर आधारित शोध और अध्ययन की आधुनिक व्यवस्था विकसित की जाए।

उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व को शून्य, दशमलव प्रणाली, बीजगणित और त्रिकोणमिति जैसे महत्वपूर्ण गणितीय सिद्धांत दिए हैं। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और वराहमिहिर जैसे महान विद्वानों के योगदान को शोध और शिक्षा से जोड़ा जाए। बैठक में संस्थान में खगोल विज्ञान, धातु विज्ञान, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर विशेष अध्ययन केंद्र स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन भारत में धातु विज्ञान, जल प्रबंधन, जैविक खेती और मौसम आधारित कृषि ज्ञान अत्यंत विकसित था, जिसे आधुनिक अनुसंधान से जोड़कर नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में वेदों और उपनिषदों में वर्णित नैतिक शिक्षा, अनुशासन, कर्तव्यबोध और मानवीय मूल्यों को समाज तक पहुंचाना आवश्यक है। यह संस्थान शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्र निर्माण का भी केंद्र बने। उन्होंने कहा कि संस्थान में डिजिटल पांडुलिपि संरक्षण केंद्र, आधुनिक पुस्तकालय, शोध प्रयोगशालाएं, संगोष्ठी केंद्र, ई-लर्निंग सुविधाओं की व्यवस्था भी की जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. के.सुधांशु, डॉ. आर.मीनाक्षी सुदं. रम, सचिव धीराज गर्ब्याल, दीपक कुमार,डॉ. आर. राजेश कुमार, रंजना राजगुरू, उपाध्यक्ष हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण सोनिका, अपर सचिव बंशीधर तिवारी एवं वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित मौजूद थे।

## ई-केवाईसी, 'मेरा ई-केवाईसी' ऐप से घर बैठे भी होगी सुविधा

**देहरादून।** राज्य सरकार ने राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया है। सरकार ने सभी यूनिट धारकों को निर्देश दिए हैं कि वे 30 मई तक हर हाल में अपनी ई-केवाईसी पूर्ण करा लें, ताकि भविष्य में राशन मिलने में किसी प्रकार की रुकावट न आए।

बुजुर्गों, दिव्यांगों और असहाय कार्ड धारकों की मदद के लिए सरकार ने नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर के माध्यम से 'मेरा ई-केवाईसी' ऐप तैयार किया है। इस ऐप की मदद से लोग घर बैठे ही सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसमें आधार संख्या, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आने वाले ओटीपी और फेस रिकॉग्निशन (चेहरा पहचान) के जरिए बेहद सरल तरीके से केवाईसी की जा सकती है। आंकड़ों पर नजर डालें तो सफेद राशन कार्ड धारकों में अब तक 72 प्रतिशत ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है।

# सर्विकल कैंसर टीकाकरण को स्कूलों में चलाया जागरूकता अभियान



■ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ दिनेश चौहान के नेतृत्व में टीम कई स्कूलों में पहुंची

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा के निर्देश पर प्रतिरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा इन दिनों देहरादून के विद्यालयों में सर्विकल कैंसर टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालयों में 14 से 15 वर्ष आयु की किशोरियां इस टीकाकरण अभियान की पात्र लाभार्थी हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ दिनेश चौहान के नेतृत्व में टीम द्वारा देहरादून के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजपुर रोड, सेंट एग्नेस इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बन्नू इंटर कॉलेज, नेशविला रोड, राजकीय इंटर कॉलेज, पटेलनगर, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, पटेलनगर, हिन्दू नेशनल इंटर कॉलेज लक्ष्मण चौक एवं डीएवी पब्लिक स्कूल, डिफेंस कॉलोनी में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सभी विद्यालयों में 900 से अधिक किशो. रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ दिनेश चौहान ने किशोरियों को सर्विकल कैंसर के कारणों, लक्षणों एवं दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारत सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे एच.पी.वी. टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गयी। उन्होंने किशोरियों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने स्वस्थ भविष्य के लिए आगे आयें और एच.पी.वी. का टीका लगवायें। इसके लिए जिला चिकित्सालय गांधी शताब्दी में स्थापित मॉडल टीकाकरण केन्द्र में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है।

एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील की है कि किशोरियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत एचपीवी टीकाकरण को उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा है कि इस टीके के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला प्रतिरक्षण कार्यालय तथा निःशुल्क हेल्पलाईन नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है।

CMYK

# नगर निगम में निंदा प्रस्ताव पारित

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम: मेयर ने विपक्ष पर साधा निशाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** नगर निगम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों की भूमिका के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव में विपक्षी दलों द्वारा अधि. नियम के विरोध को महिलाओं की भावनाओं के खिलाफ बताया गया और 26 पार्षदों सहित महापौर दीपक बाली ने कहा कि विपक्ष ने देश की आधी आबादी मातृशक्ति का अपमान किया है। भाजपा इस संदेश को घर-घर तक ले जाएगी और जब तक महिला शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं हो जाता तब तक शांत नहीं बैठेगी। नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महापौर दीपक बाली व पार्षद एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुर. विंदर सिंह चंडोक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देश की आधी आबादी महिलाओं को सम्मान और न्याय देना चाहती है लेकिन विपक्षी दलों को यह




गवारा नहीं हुआ और उन्होंने भाजपा द्वारा संसद में लाए गए महिला शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर उसे पास न होने में जो ताकत लगाई वह बेहद निंदनीय है। महापौर सहित नगर निगम के 40 में से 26 पार्षदों ने संकल्प लिया कि वे इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएंगे और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। महापौर और पार्षद बीना नेगी, संजय शर्मा, अनिल कुमार, सीमा सागर, सतीश कुमार, अनुज सिंह, कुलदीप शर्मा, अभिषेक, अंजना, ममता कुमारी, गुंजन प्रजापति, प्रिंस बाली, संदीप सिंह, मनोज जग्गा, पुष्कर सिंह बिष्ट, गुरविंदर सिंह चंडोक, शिवांश गोले, सीमा टंडन, सुरेश कुमार सैनी, दीपा पाठक, विजय कुमार, मयंक मेहता, वैशाली गुप्ता, अशोक कुमार सैनी, अनीता कांबोज, रवि कुमार आदि ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए।

## केन्द्रीय नेतृव की कुशल रणनीति से भाजपा को मिली बड़ी जीत: गोयल

शाह टाइम्स संवाददाता



**काशीपुर।** भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व व कुशल रणनीति और सटीक बूथ मैनेजमेंट के चलते आज भाजपा ने पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा लगभग सात दशकों से संगठन विस्तार और राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है। लंबे समय तक वामपंथ और बाद में तृणमूल शासन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को राजनीतिक हिंसा, उत्पीड़न और हमलों का सामना करना पड़ा, लेकिन कार्यकर्ताओं ने कभी अपने कदम पीछे नहीं हटाए। उन्होंने कहा कि जारी आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल में 100 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या राजनीतिक हिंसा में हुई है। कई कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और राष्ट्रवाद की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए बलिदान दिया। अभिषेक गोयल ने सभी शहीद कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका बलिदान भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और संगठन सदैव उनके योगदान को याद रखेगा।

## कांग्रेसी नेता मनोज शर्मा मिले डीएम से, सौंपा ज्ञापन

**धारी।** हफ्ते भर पहले धारी ब्लॉक के दुदुली गाँव में मैकस गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त होने से दो लोगो की मृत्यु और 3 अन्य घायल हो गए पूरी दुर्घटना का मुखय कारण वर्षो से बबियाड टपूवा दुदुली मोटरमार्ग की बदहाली थी। हफ्ता भर बीतने के बाद भी संबंधित विभाग अपनी नींद से नहीं जागा। ना तो मृतको और ना घायलों को कोई सरकारी आर्थिक सहायता मिली, यहाँ तक की सिस्टम की लापरवाही के शिकार लोगो से मिलने तक किसी जिम्मेदार का ना पहुंचना गंभीर है और सरकार की जनता के प्रति असंवेदनशील को प्रदर्शित करता है। पीड़ितों को कोई सरकार की तरह से राहत ना मिलने से आक्रोशित कांग्रेस नेता मनोज शर्मा जिलाधिकारी से मिले और जल्दी पीड़ितों को उचित आर्थिक सहायता देने की माँग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया। मनोज शर्मा ने कहा कि दो घरो के दीपक बुझ गये 3 अन्य घायल हैं, इतनी बड़ी घटना के बाद भी संबंधित विभाग अभी तक नींद से नहीं जागा, यह भ्रष्ट अधिकारीयों की धूर्तता को दर्शाता है।

# बेलवाल गांव में बच्ची पर झपटा गुलदार, घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** भैंसियाछाना क्षेत्र के बेलवाल गांव में अपनी मां व पड़ोस की अन्य महिलाओं के साथ घास काटने जंगल गई बालिका पर घात लगाए गुलदार ने हमला कर दिया। बच्ची की मां की दिलेरी से किसी तरह बच्ची की जान बच पाई। महिलाओं के शोर मचाने पर गुलदार बच्ची को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। विकासखंड भैंसियाछाना के अंतर्गत ग्राम सभा बेलवाल गांव में 12 वर्षीय बालिका पल्लवी जड़ौत अपनी मां के साथ घर के पास ही खेत में घास लेने गई थी।

इसी दौरान झाड़ियों में घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक दोनों पर हमला कर दिया। गुलदार ने पलक झपकते ही मासूम को अपने पंजों में कई जगह पर खरोच डाला। गुलदार ने बच्ची की गर्दन, हाथ और पीठ पर अपने तीखे पंजों से घाव कर दिए। पल्लवी की मां और वहां मौजूद अन्य महिलाओं ने हिम्मत नहीं हारी। महिलाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना शोर मचाना। भारी शोर-शराबा सुनकर गुलदार वहां से जंगल की ओर भाग गया। बालिका को आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धौलछीना ले जाया गया। डाक्टरों की टीम बच्ची का प्राथमिक उपचार किया। घटना के बाद से बेलवाल गांव और आस-पास के क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग अब अपने बच्चों को घरों से बाहर भेजने में डर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम हरकत में आई। धौलछीना अनुभाग के वन दरोगा रमेश चंद्र पांडे, बीट अधिकारी लक्ष्मण राम और कनारीछीना रेंज के वन बीट अधिकारी नंदा बल्लभ जोशी सहित ायर वाचक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने मौके पर पंजों के निशान और संघर्ष के साक्ष्यों का मुआयना किया। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इधर, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार अब आबादी के बेहद करीब आ चुके हैं और दिन-दहाड़े हमले कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि इस हिंसक गुलदार को पकड़ने के लिए तत्काल पिंजरा लगाया जाए। ताकि किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके।

## महिला वकील को धमकाने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक महिला अधिवक्ता ने एक व्यक्ति के खिलाफ धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने उनके घर में घुसकर अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में महिला अधिवक्ता ने बताया कि वह अपनी दो साल की बेटी के साथ रहती हैं, जबकि पास ही उनके पिता के घर में उनकी दिव्यांग मां और बुजुर्ग दादी निवास करती हैं। शिकायत के अनुसार, 16 अप्रैल को आरोपी भवान सिंह उनके पिता की अनुपस्थिति में घर में घुस आया और उनकी मां को डराया-धमकाया। अधिवक्ता का आरोप है कि आरोपी ने उनके प्रति अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया और उनके पेशे को लेकर भी अपमानजनक टिप्पणियां कीं। साथ ही उनके करियर और जीवन को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। बताया कि आरोपी लंबे समय से अपने पारिवारिक और संपत्ति से जुड़े मामलों में उनसे जबरन कानूनी मदद लेने का दबाव बना रहा था। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## कुमाऊं टेनिस कप में दिग्गज दिखाएंगे दम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रानीखेत।** ज़िला टेनिस संघ के तत्वावधान में उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन द्वारा अनुमोदित रानीखेत ओपन कुमाऊं कप टेनिस प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 8 से 10 मई तक रानीखेत क्लब में किया जाएगा। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुमाऊं मंडल के 17 से 79 वर्ष आयु वर्ग तक के कुल 67 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे, जिससे यह आयोजन एक बहुपीढ़ी खेल महोत्सव का रूप लेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 8 मई को ब्रिगेडियर संजय कुमार, कमांडेंट केआरसी द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता में गत वर्ष की चैंपियन टीम रुद्रपुर हिमालियन्स के अलावा हल्द्वानी चैलेंजर्स, नैनी पीक्स नैनीताल, रामनगर टाइगर्स, चुनाखान वारियर्स एवं रानीखेत गुलदार टीमें डबल्स लीग मुकाबलों में आमने-सामने होंगी। खिलाड़ियों को 19-59 वर्ष (ओपन) तथा 60 प्लस आयु वर्ग में विभाजित किया गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खेल पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। उल्लेखनीय है कि रानीखेत में पिछले लगभग 40 वर्षों से इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन निरंतर किया जाता रहा है। उत्तरांचल टेनिस महासचिव सुमित गोयल ने बताया कि खिलाड़ी पूरे वर्ष इस प्रतियोगिता का इंतजार करते हैं। वहीं, प्रतियोगिता के संयोजक सचिव अरविंद साह और प्रबंधक गौरव पांडे ने बताया कि विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों के स्वागत और प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला टेनिस संघ के अध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय और उपाध्यक्ष अनिल गोयल ने भी प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार पूर्व डीजीपी उत्तराखंड एवं संरक्षक प्रदीप कुमार वालिया ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## एक नजर

### बागेश्वर में एलपीजी व ईंधन आपूर्ति सुचारू

**बागेश्वर।** जनपद में घरेलू एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। जिला पूर्ति अधिकारी बबलू पांडे ने बताया कि मंगलवार को विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से कुल 785 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि अलग-अलग क्षेत्रों में निर्धारित स्थलों पर गैस उपलब्ध कराई गई, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। साथ ही जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर भी पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। वर्तमान में जनपद में करीब 78,292 लीटर डीजल और 71,946 लीटर पेट्रोल का स्टॉक मौजूद है।

### ईवीएम वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गईं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में स्थापित अग्निशमन यंत्रों तथा सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी को वेयरहाउस में इनवर्टर स्थापित कराने के निर्देश दिए, ताकि 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी सुरक्षा मानकों का नियमित पालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर भाजपा प्रतिनिधि मदन राम आगरी, कांग्रेस प्रतिनिधि कुंदन गिरी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन की अपील

**बागेश्वर।** जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर योजनाएं, नीतियां और संसाधनों का वितरण तय होता है। उन्होंने बताया कि गणनाकारों को सही जानकारी देना नागरिकों का दायित्व है और गलत सूचना देना या कार्य में बाधा डालना दंडनीय है। साथ ही जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की कि वे सही और सटीक जानक. ारी देकर जनगणना 2027 को सफल बनाने में सहयोग करें।

### खाद्य विभाग की छापेमारी, 24 नमूने भेजे

**बागेश्वर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बागेश्वर से कौसानी तक औचक निरीक्षण अभियान चलाकर 24 खाद्य नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। अभियान के दौरान बाजारों, मॉल, होटल और रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और भंडारण व्यवस्था की जांच की गई। संदेह के आधार पर फल-सब्जियों और अंडों के नमूने लिए गए, जबकि कौसानी में निरीक्षण के दौरान खराब खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट कराई गई। अधिकारियों ने विक्रेताओं को केमिकल से फल पकाने और सब्जियों में रंग मिलाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। विभाग ने कहा कि पर्यटन सीजन में ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

### करंट लगने से महिला की मौत

**काशीपुर।** करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। नगर के मोहल्ला अल्लीखां निवासी बाबू की 46 वर्षीय पत्नी नसरीन को अचानक विद्युत करंट लग गया, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रचंड जीत होने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**काशीपुर।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन और जीत की लहर का असर काशीपुर में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर महापौर दीपक बाली, दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, राम मेहरोत्रा, पूर्व महापौर उषा चौधरी, मंजू यादव, चौधरी समरपाल, सर्वेश शर्मा शशि, पुलकित सेठी, राजकुमार सेठी, वैशाली गुप्ता, पार्षद आनंद कुमार, सुधा शर्मा, रजत सिद्धू, गुरविंदर सिंह चंडोक, राहुल पैगिया, लवीश अरोरा, ईश्वर चंद्र गुप्ता, अभिषेक गोयल, राज. कुमार यादव, कविता यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

### आरोपों पर आमने-सामने आए दोनों पक्ष

**अल्मोड़ा।** सोशल मीडिया पर वायरल विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। मां अंबे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के प्रबंधक संदीप सिंह यदुवंशी ने आरोपों को साजिश करार देते हुए खारिज किया है, वहीं पत्रकार किशन जोशी ने कोतवाली में तहरीर देकर उन पर दबाव, धमकी और जबरन वीडियो बनवाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले ने तूल पकड़ लिया है और निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है। पत्रकार किशन जोशी ने तहरीर में आरोप लगाया है कि संदीप सिंह ने उन पर दबाव बनाकर वीडियो बनवाया और सोशल मीडिया पर प्रसारित किया। उन्होंने खुद और अपने परिवार को जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है और पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वहीं, यदुवंशी के अनुसार पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद आपसी सहमति से विवाद सुलझाया गया।

## अल्मोड़ा में बारिश से जन-जीवन प्रभावित

**अल्मोड़ा।** जिले में रूक-रूक कर हो रही बारिश लोगों के लिए मुस. ीबत बनी हुई है। विकासखंड हवाल. बाग के गागिल गांव में मंदिर द्वार और मकान पर पेड़ टूटकर गिर गया। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची टीम ने राहत बचाव कार्य शुरू किए। घंटे भर की मशक्कत के बाद पड़े के टुकड़े कर हटाया गया। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत गागिल में सोमवार देर शाम एक पेड़ भरभराकर पास के मंदिर के मुख्य द्वार पर जा गिरा। वहीं, कुछ ही दूरी पर एक मकान का हिस्सा ली पेड़ की चपेट में आ गया। गमीनत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची टीम ने राहत बचाव कार्य शुरू किए। घंटे भर की मशक्कत के बाद पेड़ के टुकड़े कर हटाया गया।

# भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणाली पर त्रिदिवसीय कार्यशाला

## एम.बी.जी. पी.जी. कॉलेज में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ज्ञान-विस्तार की अभिनव पहल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एम.बी.जी. पी.जी कालेज के शिक्षा विभाग द्वारा संस्कृत एवं योग विभाग के सहयोग से स्नातक षष्ठ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 'भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणाली' विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला का प्रथम दिवस अत्यंत ज्ञानवर्धक, संगठित एवं प्रेरणाप्रद रहा। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा की दार्शनिक गहनता, समकालीन प्रासंगिकता तथा जीवनोपयोगी आयामों से व्यवस्थित रूप में अवगत कराना है।




प्रथम अकादमिक सत्र में संस्कृत विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. कमला पंत ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणाली की केन्द्रीय अवधारणा का विशद एवं शास्त्रीय विवेचन प्रस्तुत किया। उन्होंने वेद, उपनिषद, स्मृतियों तथा अन्य प्राचीन ग्रंथों के उदाहरणों के माध्यम से यह प्रतिपादित किया कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल ऐतिहासिक धरोहर नहीं, अपितु वर्तमान जीवन के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक, व्यावहारिक एवं मार्गदश' है। उनके व्याख्यान में दार्शनिक गहराई के साथ जीवन-व्यवहार से संबद्ध व्याख्यात्मक दृष्टि का समुचित समन्वय परिलक्षित हुआ, जिसने विद्यार्थियों को गंभीर चिंतन के लिए प्रेरित किया।

द्वितीय सत्र में योग विभाग के डा. हरीश पाठक ने आयुर्वेद एवं एक्यूप्रेशर के दैनिक जीवन में उपयोग की उपयोगिता पर वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियाँ न केवल शारीरिक संतुलन स्थापित करती हैं, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ बनाती हैं। सरल तकनीकों, जीवनशैली-आधारित उदाहरणों एवं व्यवहारिक सुझावों के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं रोगमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के समन्वयक, शिक्षा विभाग के दिनेश कुमार ने दिवस की गतिविधियों का समापन करते हुए विद्यार्थियों को स्वाध्याय, चिंतनशीलता तथा आजीवन अधिगम की ओर उन्मुख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली का मूल उद्देश्य व्यक्ति को आत्मपरक चिंतन, निरंतर आत्मनवीकरण तथा समग्र उत्कर्ष की दिशा में अग्रसर करना है, जिससे व्यक्ति स्वयं को विकसित करते हुए समाज के लिए भी उपयोगी बन सके। इस अवसर पर डा. सोनी टम्टा, ममता अधिकारी एवं गौरवेन्द्र देव आर्य, शोधार्थी कंचन भट्ट ने कार्यशाला के सफल प्रबंधन एवं समन्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम की प्रभावशीलता को और अधिक सुदृढ़ किया।

# कश्मीर से कन्याकुमारी केसरिया: भगत

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** मंगलवार को कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने वार्ड नंबर 4 बाल्मीकि बस्ती पहुंच कर समाज के बन रहे बरात घर का निरीक्षण किया। इस दौरान बाल्मीकि समाज ने विधायक बंशीधर भगत से कहा कि उनके बन रहे बरात घर को नगर पालिका द्वारा बनाया जा रहा है। मगर बजट के अभाव में कार्य अधर में लटक गया है।

उन्होंने विधायक निधि से रुके बरात घर के कार्य को पूर्ण कराने की मांग की। जिस पर विधायक बंशीधर भगत ने कहा अब तो चुनाव होने वाले अगले वर्ष रखे हुए बरात घर को पूर्ण करा दिया जाएगा। इस दौरान बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा द्वारा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को जीत की बधाई दी। विधायक बंशीधर



भगत ने कहा अब भाजपा सरकार उत्तराखंड में भी 2027 में पूर्ण बहुमतों से सरकार बनाने जा रही हैं। उन्होंने कहा कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अब देश केसरिया रंग में रंग चुका हैं। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार, सभासद नसीम जहां, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महमूद हसन बंजारा, हरीश मेहरा, मनोज अधिकारी सहित बाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजू बाल्मीकि, मुराद भारती, ओमप्रक. ाश, प्रवेश कुमार, आकाश कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# रात दस बजे बाद डीजे की धमक से लोग परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** शादी-विवाह के सीजन में तेज डीजे, बैंड-बाजे और आतिशबा. जी के शोर से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। देर रात तक चलने वाले कार्यक्रमों के कारण स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने अब सख्ती शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। बैंक्वेट हॉल और टेंट हाउस संचालकों को पत्र जारी कर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा, जबकि बार-बार शिकायत मिलने पर यह जुर्माना बढ़ाकर 20 हजार रुपये तक किया जाएगा। हालांकि जिले में रात 10 बजे के बाद डीजे का शोर काफी हद तक थम जा रहा है, लेकिन बैंड-बाजे और आतिशबाजी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। देर रात 12 बजे तक बैंड और पटाखों का सिलसिला जारी रहने से लोगों की नींद और दिनचर्या प्रभावित हो रही है। तहसील मार्ग, नुमाईशखेत, मंडलसेरा, नुमाइश से विकास भवन रोड, कपकोट मार्ग और डिग्री कॉलेज क्षेत्र में देर रात तक बैंड-बाजे और आतिशबाजी होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम प्रियंका रानी ने कहा कि लोगों की शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# फर्जी नंबर प्लेट वाली थार पकड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत कालाढूंगी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को नईगांव तिराहे के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चल रही एक महिंद्रा थार को पकड़ लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक काले रंग की थार संदिग्ध अवस्था में आती दिखाई दी। पुलिस के रुकने के इशारे पर चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम



जसपाल सिंह उर्फ सोनू निवासी ग्राम बैलपोखरा, कालाढूंगी बताया। जांच के दौरान चालक वाहन के वैध काग. जात प्रस्तुत नहीं कर सका। जब वाहन की नंबर प्लेट यूके04एएफ 6111 को ई-चालान मशीन से चेक किया गया तो वह किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत निकली। आगे की पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने साथी की मदद से वाहन की असली नंबर प्लेट यूके12एफ0005 हटाकर दूसरी गाड़ी की नंबर प्लेट लगा रखी थी, ताकि पहचान छिपाई जा सके। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया है। कार्रवाई के दौरान उपनिरीक्षक राजवीर सिंह नेगी समेत जयपाल सिंह, अमनदीप सिंह और मनोज द्विवेदी मौजूद रहे।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर आशा शुक्ला ने जताया हर्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर मंत्री आशा शुक्ला ने आसाम, बंगाल और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर हर्ष जताया है। प्रेस को जारी बयान में आशा शुक्ला ने कहा कि कश्मीर से कन्या कुमारी तक केसरिया रंग दिखाई दे रहा है, जो भाजपा के विकास की विजय पताका है। आशा शुक्ला ने कहा कि आसाम की जीत तो तय थी लेकिन बंगाल में भाजपा ने जो कमाल कर दिखाया है वो एक मिसाल है। आशा शुक्ला ने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी ने जो आम जनता की दुर्गती कर रखी थी उस बुरे दौर को भाजपा ने खत्म कर दिया है। बंगाल अब सुशासन के रास्ते पर चलेगा। आशा शुक्ला ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार न दिलाने वाला विपक्ष आज यकीनन आंसू बहा रहा होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को पूरे देश में स्वीकृति मिल रही है। विकास के बल पर मोदी सरकार ने भारतवर्ष का मान बढ़ाया है। भारत के माथे पर कसेरिया टीका लग चुका है। तुष्टीकरण और ध्रुवीकरण की राजनीति को पीछे छोड़कर देश आज एक सूत्र में बंध रहा है। आशा शुक्ला ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता को भाजपा ने नई पहचान दिलाई है। जहां पर सब एक समान हैं। विविधता में एकता भारत की पहचान है जिसे नष्ट करने की विपक्ष की कोशिश नाकाम रही।

# पंतनगर अवसरों की भूमि: प्रो. एसके कश्यप

## छात्रों को सम्बोधित कर कुलपति ने जिज्ञासा को नवाचार की कुंजी बताया

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के कुलपति प्रोफेसर शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने गांधी हॉल सभागार में स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए पंतनगर को 'अवसरों की भूमि' बताया। उन्होंने छात्रों को अपनी चार वर्षीय स्नातक यात्रा का अधिकतम लाभ उठाने और इसे केवल पढ़ाई तक सीमित न रखकर समग्र विकास के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि पंतनगर केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, कौशल वृद्धि और व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे



इन चार वर्षों को पूरी तरह जीएं, नई संभावनाओं का अन्वेषण करें और अपनी सीमाओं को चुनौती दें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जितना अधिक प्रयास किया जाएगा, उतनी ही अधिक सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने एक मजबूत प्रोफाइल बनाने के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को अपना स्वयं का सीखने का एजेंडा तैयार करने और निरंतर प्रेरित रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि विविध और जीवंत परिसर का वातावरण नई संस्कृतियों को समझने, नए विचार विकसित करने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करता है। कुलपति ने छात्रावास जीवन और सहकर्मी समूह (पीयर ग्रुप) के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक सकारात्मक और सक्रिय समूह व्यक्ति की सोच और विकास को दिशा देता है। सहयोगात्मक वातावरण में विचारों का आदान-प्रदान छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। अंतर्विषयक अनुभव को बढ़ावा देते हुए उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने-अपने महाविद्यालयों तक सीमित न रहें, बल्कि विश्वविद्यालय के अन्य विभागों, प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों का भी लाभ उठाएं। उन्होंने जिज्ञासा को नवाचार की कुंजी बताते हुए परियोजना कार्य को शैक्षणिक एवं व्यावहारिक शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने विशेष रूप से छात्रों को दूसरे और तीसरे वर्ष के दौरान कम से कम दो से तीन परियोजनाओं में भाग लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, तथा विभिन्न छात्रावासों के वार्डन एवं सहायक वार्डन भी उपस्थित रहे।

## एसडीएम, तहसीलदार को बताई समस्याएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** मंगलवार को कालाढूंगी नगर पालिका परिषद के सभासद कालाढूंगी उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार से मिले। इस दौरान सभासदों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान सभासदों ने बिजली, पानी अन्य समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उपजिलाधिकारी ने कहा नगर की हर समस्या को विभाग से मिलकर हल कराया जाएगा। उन्होंने कहा तहसील आने वाले हर फरियादी की जायज मांग को पूरा किया जाएगा। इस दौरान सभासद रो. हित बुधलाकोटी पानी की समस्या से अवगत कराया। वार्ड 7 के सभासद पति राजू टम्टा द्वारा ट्रांसफार्म की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग से वार्ता कर शीघ्र समस्या का समाधान किए जाने की बात कही। इस दौरान सभासद हरीश मेहरा, रोहित बुधलाकोटी, सभासद पति महमूद हसन बंजारा, मनोज अधिकारी, राजू टम्टा आदि मौजूद रहे।

# छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

## नैनीताल स्टाफ हाउस क्षेत्र में घटना से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के स्टाफ हाउस क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्टाफ हाउस क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय सिमरन आर्या बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि छात्रा ने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। मंगलवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों को शक हुआ। आसपास के लोगों ने दरवाजा खोला तो छात्रा फंदे से लटकी मिली। घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। घटना के बाद परिजनों और क्षेत्रवासियों में दहशत व शोक का माहौल है। मामले में सीओ रविक. ांत सेमवाल ने बताया कि सुबह सूचना प्राप्त हुई कि एक युवती सिमरन फंदे में लटकी हुई थी। मौके पर पुलिस टीम व फोरेंसिक की टीम पहुंची। मामला स्वयं आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस को कोई भी पुख्ता सबूत बरामत नहीं हुए हैं। इस मौके पर मल्लीताल कोतवाल हेमचंद पंत समेत अन्य पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



### चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती बजून क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की चार मंजिला इमारत से गिरकर मौत हो गई। हादसे के बाद साथी मजदूर घायल अवस्था में उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बिहार निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र सगीर हुसैन बजून क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन में मजदूरी का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चार मंजिल ऊंची इमारत से नीचे गिर गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि शव को कबजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेंटर ठेकेदार की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के बिठौरिया में किराये के मकान पर रह रहे एक पेंटर ठेकेदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव उसके घर के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि पहले उसके साथ मारपीट की गई और बाद में शव को फंदे पर लटका दिया गया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से नवाबगंज, बरेली उत्तर प्रदेश निवासी 24 वर्षीय राजेश मौर्य बिठौरिया में किराये के टिनशेड कमरे में रहता था। वह पेशे से पेंटर ठेकेदार था। उसके पिता और बड़ा भाई भी पास में ही रहते हैं। बताया गया कि मंगलवार को काफी देर तक राजेश कमरे से बाहर नहीं निकला। इस पर उसका बड़ा भाई धर्मेंद्र मौर्य कमरे के पास पहुंचा और खिड़की से झांककर देखा तो राजेश फंदे से लटका हुआ था। सूचना मिलने पर पहले मुखानी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन क्षेत्र काठगोदाम कोतवाली का होने के कारण बाद में दमुवाढूंगा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पिता मिही लाल मौर्य ने आरोप लगाया कि राजेश के पैरों पर चोट के निशान थे और कपड़ों में मिट्टी लगी हुई थी। उनका कहना है कि राजेश पेंट का काम करता था, ऐसे में कपड़ों पर मिट्टी होना कई सवाल खड़े करता है। परिजनों का आरोप है कि साजिश के तहत हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ब्राइडल मेकअप डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बड़ौदा आरसेटी ने 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ब्राइडल मेकअप डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डीडीएम नाबार्ड नैनीताल मुकेश बेलवाल, एलडीएम नैनीताल अमित वाजपेई, बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र प्रभारी नवीन कुशवाह और दूरदर्शन के गीतेश त्रिपाठी मौजूद रहे। प्रशिक्षणार्थियों ने पहाड़ी दुल्हन लुक, महाराष्ट्रियन लुक, बंगाली लुक, पार्टी मेकअप, रिसेप्शन लुक और सिंपल मेकअप समेत विभिन्न स्टाइल प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने मेकअप शैली की विशेषताओं की जानकारी भी अतिथियों को दी। इस दौरान विमेंस टेलर और रेफ्जिरेशन-एसी प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डीडीएम नाबार्ड मुकेश बेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कौशल का उपयोग कर युवा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते है। मेकअप आर्टिस्ट का क्षेत्र रोजगार और आय की दृष्टि से बेहद संभावनाशील है। एलडीएम अमित बाजपेई ने दूरदराज क्षेत्रों से आई प्रशिक्षुओं की मेहनत और परिवारों के सहयोग की सराहना की। बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय के नवीन कुशवाह ने प्रशिक्षण के बाद छोटे स्तर से ही काम शुरू करने की सलाह दी। संस्थान के निदेशक अतुल कुमार पांडे ने 11 मई से शुरू होने वाले सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वित्तीय परामर्शदाता सुरेश बिष्ट, मास्टर ट्रेनर रविता पाल, ममता अधिकारी, प्रकाश गोस्वामी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### छह माह बाद स्कूटी चोरी पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** करीब साढ़े छह माह पूर्व चोरी हुई स्कूटी मामले में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जवाहर नगर हल्द्वानी निवासी विक्की गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 23 अक्टूबर 2025 को दमुवाढूंगा संगम बिहार निवासी उसका दोस्त अनुज निजी कार्य के लिए उससे स्कूटी मांगकर ले गया था, और अनुज ने रात करीब 11 बजे स्कूटी अपने घर के बाहर खड़ी कर दी थी। बताया जा रहा कि तड़के करीब तीन बजे बाहर से कुछ आहट की आवाज सुनाई दी थीं, जो संभवत: स्कूटी ले जाने की थी। सुबह जब अनुज सोकर उठा तो घर के आगे खड़ी स्कूटी वहां से गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब स्कूटी का कोई सुराग नहीं लगा। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दोस्त पर भरोसा, युवक पहुंचा सलाखों के पीछे

**हल्द्वानी।** दोस्त पर भरोसा करना एक युवक को भारी पड़ गया और वह नशा तस्करी के आरोप में जेल पहुंच गया। पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने 888 ग्राम चरस के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात एसआई कृष्ण गिरी, कांस्टेबल विजय भारद्वाज, एसओजी के कांस्टेबल अशोक रावत नैनीताल रोड पर चेकिंग पर थे। तभी काठगोदाम की ओर से एक स्कूटी सवार आता दिखा। वह पुलिस को देख कर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और तलाशी ली तो उसके पास मौजूद बैग से चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जितेन्द्र सिंह राठौर पुत्र प्रवीन्द्र सिंह राठौर निवासी मलसूना काण्डा बागेश्वर बताया। साथ ही बताया कि 2-3 दिन पहले उसे यह चरस उसके दोस्त शुभम कुरियाल ने दी थी। उसने कहा था कि यह चरस किसी को देनी है और इसके एवज में उसे 5 हजार रुपए मिलेंगे। बताया कि शुभम कुरियाल मुन्स्यारी के कुरी गांव का रहने वाला है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि स्कूटी सीज कर आरोपी को आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** लामाचौड़ क्षेत्र में बीते दिनों सड़क हादसे में हुए मजदूर की मौत मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बजूनिया हल्दू मुखानी निवासी अजय ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनके पिता नानकचंद मजदूरी का काम करते है और बीते दो मई को वह मजदूरी कर घर को लौट रहे थे। जैसे ही वह लामाचौड़ क्षेत्र में सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया था। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### प्रियांश का इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में चयन

**हल्द्वानी।** आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल लामाचौड़ के कक्षा 9वीं के छात्र प्रियांश जोशी का चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचा. लित प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रियांश ने अपनी नवाचारी सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर वायुमंडल ऊर्जा संग्राहक मॉडल तैयार किया है। इसी मॉडल के लिए उन्हें 10 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है, जिसके माध्यम से वह अपने प्रोजेक्ट को और विकसित कर जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेंगे।

## फर्जी ट्रांजेक्शन के नाम पर लाखो की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को भावनात्मक झांसे में लेकर नकली ट्रांजेक्शन मैसेज के जरिए 1. 28 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले में तहरीर मुखानी पुलिस को दी और पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सौंपी तहरीर में गोविंदपुर गढ़वाल कमलुवागांजा निवासी केवला नंद तेवाड़ी ने कहा कि बीती 23 मार्च की रात करीब पौने 10 बजे उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को केवला का रिश्तेदार बताया और कहा, उसके चाचा अस्पताल में भर्ती हैं। उनका फौरन हार्ट का ऑपरेशन होना है और फौरन अस्पताल में रुपए जमा करने हैं। वह बोला कि उसके मोबाइल से ट्रांजेक्शन नहीं हो रहा है। वह उनके मोबाइल पर रुपए डालेगा, जिसे वह अस्पताल के बार कोड के जरिये खाते में डाल देंगे। झांसे में लेने के लिए जालसाज ने केवला को 199000 रुपए भेज दिए, लेकिन यह ट्रांजेक्शन नहीं बल्कि एक फर्जी ट्रांजेक्शन मैसेज था। केवला इसे असली ट्रांजेक्शन मान बैठे और भावनाओं में बहकर उन्होंने 128000 रुपए डाल दिए। इसका पता उन्हें तब लगा, जब केवला के बैंक ने उन्हें मैसेज भेजा और बताया कि उनके खाते में सिर्फ 200 रुपए बचे हैं। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कोल्ट्स क्रिकेट व कुमाऊं क्रिकेट ने जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर-16 बालक वर्ग जिला क्रिकेट लीग में मंगलवार को खेले गए मुक. ाबलों में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और कुमाऊं क्रिकेट अकादमी ने अपने-अपने मैच जीत लिए। जीएनजी क्रिकेट एरिना में खेले गए पहले मुकाबले में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट पर 291 रन बनाए। टीम की ओर से वैभव मेहरा ने 130 रन और कार्तिक रावत ने 100 रन की विस्फोटक शतकीय पारियां खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनजी की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कृष रावत और कनिष्क बिष्ट ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम को 101 रन से शानदार जीत दिलाई। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए वैभव मेहरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला एमएस क्रिकेट ग्राउंड में कुमाऊं क्रिकेट अकादमी और बीसीए बिंदुखत्ता के बीच खेला गया। बीसीए बिंदुखत्ता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुमाऊं क्रिकेट अकादमी की टीम 156 रन पर ऑल आउट हो गई। 157 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीसीए बिंदुखत्ता की पूरी टीम 32वें ओवर में 80 रन पर सिमट गई और कुमाऊं क्रिकेट अकादमी ने यह मुकाबला 75 रन से अपने नाम किया। शानदार गेंदबाजी के लिए आदर्श कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिक. ारी, करन बिष्ट, आनंद बिष्ट, मनोज भट्ट, विकल बवाड़ी, दिग्विजय कनवाल, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

## रजवार ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवर को ब्लॉक सभागार हल्द्वानी में बाल संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश रजवार की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभाग के सभी अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं सुप. रवाइजर मौजूद रहे। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बैठक में बाल पोषण एवं महिला पोषण योजना, महालक्ष्मी किट, रेडी टू ईट, अनुपूरक पोषाहार, आंचल अमृत योजना, नंदा गौरा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा वन स्टॉप सेंटर के संच. ालन सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में बाल संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश रजवार ने निर्देश दिए कि सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी और सुपरवाइजर अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ हर पात्र लाभार्थी तक धरातल पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन बच्चों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनके लिए आधार कैंप आयोजित किए जाएं। साथ ही सभी परियोजना अधिक. ारी मई माह के अंत तक अपने भ्रमण कार्यक्रम साझा करें और आंगनबाड़ी केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण शीघ्र सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में ब्लॉक परिसर स्थित वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया गया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, बाल विकास परियोजना अधिकारी हल्द्वानी ग्रामीण शिल्पा जोशी, किरण जोशी, रेनू मर्तोलिया, प्रियंका आर्या, पूनम रौतेला, पार्वती कोरंगा, तुलसी बोहरा, नीता दीक्षित सहित कई सुपरवाइजर, वन स्टॉप सेंटर स्टाफ मौजूद था।



## आत्म जागरूकता से मिलती है सफलता: दीपक रावत

### नैनीताल बैंक की चेली-भूली छात्रवृत्ति योजना के तहत 78 मेधावी हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल बैंक द्वारा 2025-26 की चेली-भूली छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुमाऊं मंडल की 78 हाईस्कूल एवं इंटर की मेधावी छात्राओं को एमबी डिग्री कॉलेज सभागार में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर नैनीताल बैंक द्वारा अल्मोड़ा जिला चिकित्सालय को एक नई एम्बुलेंस भी प्रदान की गई, जिसे कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत तथा प्रबंधक निदेशक सुशील कुमार लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल स्तर पर 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अक्षत गोपाल तथा इंटर स्तर पर 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सुशीला और दीपिका को 5100-5100 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि यदि छात्रों में सीखने की तीव्र इच्छा और जिज्ञासा है तो वे जीवन में कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि करियर का चयन रुचि और समाज को कुछ बेहतर देने की भावना के साथ करना चाहिए, ताकि वह केवल आजीविका का साधन न होकर समाज के लिए उपयोगी सेवा भी बन सके। नैनीताल बैंक के प्रबंधक निदेशक सुशील कुमार लाल ने कहा कि योजना के तहत 39 हाईस्कूल की प्रत्येक मेधावी छात्रों को 20 हजार रुपये तथा 39 इंटर की प्रत्येक मेधावी छात्रों को 39 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी गई है। उन्होंने कहा कि बैंक समाज के उत्थान और विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एमबी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा. एनएस बनकोटी, बैंक के सीएफओ महेश कुमार गोयल, रीजनल हेड राहुल प्रधान, डीआरएम नैनीताल मनोज डालाकोटी, डीआरएम अल्मोड़ा डीएस कठायत सहित अन्य अधिक. ारी, छात्राएं और उनके अभिभावक मौजूद रहे।




## विश्व हाथ स्वच्छता दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को विश्व हाथ स्वच्छता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से कॉलेज परिसर स्थित लेक्चर थिएटर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डा. उमेश ने एमबीबीएस बैच 2024 के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए हाथों की स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से सही तरीके से हाथ धोने से वायरस और बैक्टीरिया जनित कई बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि यदि हैंड वॉश को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए, तो संक्रामक रोगों की रोकथाम में यह बेहद प्रभावी साबित होता है। डा. केतन प्रियदर्शी ने अपने व्याख्यान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सेव लाइव्स-क्लीन योर हैंड्स अभियान और हैंड हाइजीन के 5 मोमेंट्स प्रोटोकॉल पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने बताया कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध एएमआर और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संक्रमणों को कम करने में हाथों की स्वच्छता अहम भूमिका निभाती है। इस दौरान एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों और नर्सिंग स्टाफ ने हैंड हाइजीन की शपथ ली। इस मौके पर डा. उमेश, डा. श्वेतांक गोयल, डा. सांभवी सिंह, डा. शुभम, डा. दीपिका, डा. आयुष, डा. मोनिका, डा. सतीश सहित एमबीबीएस छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## कल हल्द्वानी पहुंचेगी गोल्ज्यू यात्रा, तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अपनी धरोहर न्यास हल्द्वानी द्वारा आयोजित गोल्ज्यू यात्रा-2026 आगामी 7 मई गुरूवार को हल्द्वानी पहुंचेगी। यात्रा के स्वागत को लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उक्त जानकारी देते हुए न्यास के उपाध्यक्ष एनबी गुणवंत ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण करते हुए समाज को अपनी समृद्ध संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि यह तृतीय गोल्ज्यू यात्रा अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को चंपावत स्थित मुख्य गोल्ज्यू मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई थी। इसके बाद यात्रा खटीमा, सितारगंज, किच्छा, रुद्रपुर, काशीपुर, हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, बद्रीनाथ, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा होते हुए 7 मई को रामनगर के रास्ते हल्द्वानी पहुंचेगी। उन्होंने बताया हल्द्वानी पहुंचने पर यात्रा का धार्मिक परंपराओं के अनुसार भव्य स्वागत किया जाएगा। रामलीला मैदान से शोभायात्रा के रूप में यात्रा बाजार क्षेत्र से गुजरते हुए गोल्ज्यू मंदिर और फिर पार्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच पहुंचेगी। आयोजकों ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे 7 मई को शाम 4 बजे रामलीला मैदान पहुंचकर गोल्ज्यू महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन में सहभागी बनें।

## ग्रामीण इकाई का विस्तार, भास्कर त्रिपाठी अध्यक्ष, दीपक बने महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल की ग्रामीण इकाई मुखानी-कुसुमखेड़ा की नई कार्यकारिणी का विस्तार मंगलवार को जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा किया गया। नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भास्कर त्रिपाठी को अध्यक्ष और दीपक गुर्रानी को महामंत्री नियुक्त किया। जबकि मदन फर्त्याल, दिनेश सिंह बिष्ट (पार्षद), एनके पंत, हरीश कपिल एवं एडवोकेट प्रदीप ओली को संरक्षक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त हरीश मठपाल को कोषाध्यक्ष, राजीव शाह को सचिव, रक्षित वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कन्नू कपिल को उपाध्यक्ष, एडवोकेट वीके शर्मा को संगठन मंत्री/कानूनी सलाहकार, दिनेश जोशी को संयुक्त सचिव, फैज़ अहमद को प्रचार सचिव तथा प्रदीप भट्ट को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सतीश वर्मा, धीरज जोशी, भीम बिष्ट, अंजू कपिल एवं विनय भट्ट को शामिल किया गया है। नवमना. ेनीत पदाधिकारियों ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करने और संगठन की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष पवन जोशी, महामंत्री पवन वर्मा, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल सहित कई पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।





## नालों से होने वाले नुकसान पर लगेगी रोक

### मानसून सीज़न के लिए प्रशासन ने कसी कमर, स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए नगर प्रशासन ने जलभराव और नाले से होने वाली क्षति की समस्या के समाधान के लिए कवायद तेज कर दी है। मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट ए.पी. बाजपेयी और नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने तपोवन, कृष्ण विहार समेत विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीबी के परियोजना प्रबंधक गुरप्रीत सिंह और कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने देवखड़ी नाले के आरक्षित वन क्षेत्र में डी-सिल्टिंग कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही नाले के कमजोर तटबंधों को मजबूत करने और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने को कहा गया। इसके बाद हाइडल गेट से जीएसटी कार्यालय के बीच नाले के संवेदनशील क्रॉसिंग पॉइंट का निरीक्षण किया गया। इस स्थान पर पहले भी नाले के उफान से हादसे हो चुके हैं। अधिकारियों ने यहां सायफन निर्माण और नाले के निक. ासी मार्ग को चौड़ा करने का प्रस्ताव ड्रेनेज प्लान में शामिल करने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। टीम ने नैनीताल रोड और तिकोनिया क्षेत्र के जलभराव वाले स्थलों का भी जायजा लिया। संबंधित विभागों को इन स्थानों के लिए दीर्घकालिक समाधान तैयार करने को कहा गया। मंगल पड़ाव से रोडवेज तक चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं शनि बाजार नाले के डायवर्जन कार्य को जल्द शुरू करने और रेलवे विभाग से समयबद्ध अनुम. ति लेने को कहा गया, ताकि बरेली रोड पर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। शनि बाजार रोड पर विद्युत पोल शिफ्टिंग के लिए स्वीकृत धनराशि यूपीसीएल को जारी करने के भी निर्देश दिए गए। अंत में तीनपानी से मंडी तक चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई गई। परियोजना प्रबंधक को कार्य में तेजी लाने, टीमों की संख्या बढ़ाने और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों को प्रतिदिन निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।



## बंगाल की महिलाओं और उनके सम्मान की जीत: कंचन कश्यप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बंगाल में भाजपा की प्रचंड बहुमत से हुई ऐतिहासिक जीत पर उत्तराखंड की ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने कहा कि यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि पूरे बंगाल और विशेष रूप से वहां की महिलाओं की जीत है। आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने कहा कि जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया है और भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। उन्होंने कहा इस जीत से महिलाओं को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर निखारने का अवसर मिलेगा, जिससे वे देश की मुख्यधारा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की महिलाओं ने उन्हें हार का स्वाद चखाया है। कश्यप ने आरा. ेप लगाया कि ममता बनर्जी के कार्यकाल में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसका परिणाम चुनाव में देखने को मिला।



### मातृशक्ति पीएम मोदी के साथ खड़ी है: उप्रेती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती ने पश्चिम बंगाल के हालिया चुनाव परिणाम को मातृशक्ति की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि इस परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा द्वारा नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को जनता का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वालों में कांग्रेस के साथ-साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भी शामिल रही है। कहा कि पश्चिम बंगाल की महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर यह संदेश दिया है कि देश की मातृशक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति भी पूरी तरह भाजपा के साथ है। 2027 में नारी सशक्तिकरण का विरोध करने वालों को जनता जवाब देगी।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अग्निवीर युवाओं के भविष्य के लिए घातक: नेगी

■ अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस हस्ताक्षर यात्रा का चौथा चरण पहुंचा खटीमा
■ सेना में पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक विभाग के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कर्नल राम रतन नेगी के नेतृत्व में अग्निपथ योजना के विरोध में उत्तराखंड कांग्रेस की हस्ताक्षर यात्रा की चौथे चरण एक टीम खटीमा कांग्रेस कार्यालय मे पहुंची। जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं के साथ बहुत स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कर्नल नेगी ने एक प्रेसवार्ता किया।

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई अग्निपथ योजना के विरोध में चलाया जा रहा है।

इस योजना के लागू होने के बाद से ही कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार इसका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के साथ घातक, खिलवाड़ और अन्याय है। चार वर्ष की अल्पकालिक सेवा के बाद अधिकांश युवाओं का भविष्य अनिश्चित हो जाता है, जिससे न केवल युवाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ती है बल्कि स्थायी रोजगार के अवसर भी सीमित हो जाते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना से सेना की पारंपरिक मजबूती, अनुभव और दीर्घकालिक दक्षता पर भी प्रश्न खड़े होते हैं। कर्नल नेगी ने कहा कि यहां के युवाओं के लिए सेना केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि परंपरा और सम्मान का प्रतीक रही है। अग्निवीर योजना इस परंपरा को कमजोर कर रही है तथा पहाड़ी क्षेत्रों में आर्थिक अस्थिरता और पलायन की समस्या को भी बढ़ा सकती है।

उन्होंने सरकार से मांग किया कि युवाओं और पूर्व सैनिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सेना में पुरानी भर्ती प्रक्रिया को पुनः बहाल किया जाए।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिंह गड़िया, बलवीर पंवार, विचार मंच बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के आरती ध्यानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर बॉबी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नरेंद्र आर्य, ब्लॉक अध्यक्ष सतपाल राणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह, राजकिशोर सक्सेना, राजू सोनकर, रमेश जोशी, मो. ताहिर, छोटेलाल यादव, मनोज कोहली, रेहान अंसारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के घास मंडी और रामनगर काशीपुर मार्ग भवानीगंज क्षेत्र में प्रशासन,नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की।

प्रशासन की कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया तो वही अभियान के दौरान पालिका की टीम के साथ अतिक्रमणकारियों की तीखी झड़क भी हुई।लेकिन प्रशासनिक टीम ने अपनी कार्रवाई को जारी रखा।अभियान के दौरान एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, सीओ सुमित पांडे, ईओ आलोक उनियाल खुद अभियान में मौजूद दिखाई दिए। ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि मंगलवार को अभियान घास मंडी और रामनगर काशीपुर रोड के भवानीगंज क्षेत्र में किया गया अभियान के दौरान टीम ने नाले के ऊपर पक्की स्लैप और टीन शेड डालकर किए गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की मदद से तोड़ने की कार्रवाई की।

उन्होंने कहा कि नाले के ऊपर से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अवैध तरीके से किए गए अतिक्रमण को बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### अनियंत्रित वाहन खाई में गिरा, एक की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ के बोरागांव बसौड मोटर मार्ग पर बीती देर रात्रि एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटित हुई। जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र से प्राप्त सूचना के अनुसार, एक महिन्द्रा कमांडर डीआई (वाहन संख्या UA05 5382), जो एक शादी समारोह से वापस लौट रही थी, कॉटेबोरा से बसौड की ओर जाते समय अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी वड्डा, एसडीआरएफ टीम एवं 108 एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से संयुक्त रूप से त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाया गया और वाहन में फंसे सभी चारों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वाहन में चालक सहित कुल 04 व्यक्ति सवार थे, जिनमें से एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान लक्की भण्डारी (22 वर्ष), निवासी कॉटेबोरागांव, पिथौरागढ़ के रूप में हुई है। घायलों में वाहन चालक जगदीश बिष्ट (40 वर्ष), मोहन सिंह (40 वर्ष) तथा सचिन चन्द (22 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़ में भर्ती कराया गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### बागेश्वर स्थानांतरित हुए एडिशनल एसआई पुरन चंद भावपूर्ण विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस विभाग में अपने कुशल नेतृत्व और कर्तव्य निष्ठा के लिए पहचान बनाने वाले स्त्रहमील चौकी में तैनात एडिशनल एसआई पूरन चंद पांडे का बागेश्वर जनपद में स्थानांतरण होने पर सोमवार को विवाह द्वारा एक भव्य एवं भाव पूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



इस दौरान चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने एडिशनल एसआई पूरन चंद् पांडे के कार्यकाल की सराहना की। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने कहा के उनके कार्यकाल में न केवल कानून व्यवस्था सुदृढ़ रही बल्कि सुरक्षा और सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य किए गए स्टाफ द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौके पर भाजपा नेता देवेंद्र सिंह, रिंकू, गुरप्रीत सिंह खिंडा, निजामुद्दीन, बब्बन अंसारी, हेड कांस्टेबल झुंगरी राम, जगदीश नगरकोटी, दुर्गा नाथ आदि मौजूद रहे।

### गांजे के साथ एक युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि रामनगर में चैकिंग के दौरान आरोपी कादिर पुत्र सरदार खाँ निवासी मोहल्ला गूलरघट्टी रामनगर को उजाला मैरिज हॉल ट्रक यूनियन के बराबर में खाली पड़े प्लाट की ओर से कुल 9.334 किग्रा गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।इस दौरान पुलिस टीम एसआई सोमेन्द्र सिंह, कांस्टेबल महबूब आलम, कांस्टेबल गगन भण्डारी शामिल रहे।

### अवैध खनन के खिलाफ चला अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर ।** प्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर और उप प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में वन विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया गया।डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि नदी क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन की रोकथाम के लिए गस्त के दौरान वन सुरक्षा बल टीम द्वारा खड़ंजा पापड़ी बन्द क्षेत्र से 02 ट्रैक्टर ट्रालियों को अवैध खनन करते हुए पकड़ा।दोनों ट्रैक्टर ट्रॉलियो को वन अभिरक्षा में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए पापड़ी चौकी परिसर में सुरक्षित खडा किया गया। इस दौरान वन विभाग की टीम में वन दरोगा विपिन चंद्र पडेलिया,वन दरोगा पूरन सिंह मेवाड़ी, वन आरक्षी अजय कुमार वन आरक्षी,मनमोहन सिंह, श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।



### चार साल से फरार चल रहे युवक का दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने पिछले चार साल से कोर्ट से फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है।मोहल्ला खताडी निवासी शकील ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि आरोपी अनस ने उसके साथ मारपीट, गाली गलोज करते हुए बहनो के साथ छेड़छाड़ भी की।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपी मौ. अनस पुत्र मौ. अतीक निवासी मोती मस्जिद के पास खताड़ी रामनगर जो लगातार 4 साल से रामनगर क्षेत्र से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए आरोपी के विरूद्ध एनबीडब्लू जारी किए गए।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी गई लेकिन आरोपी लगातार फरार चल रहा था आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर की मदद ली गई।

जिसके मुखबिर द्वारा सूचना दी कि आरोपी मौ0 अनस जो पिछले 04 सालों से फरार चल रहा है वह अभी अपने घर पर मौजूद है जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसआई राजकुमारी मय पुलिस कर्मियो के साथ आरोपी के घर पर दबिश दी गई तो आरोपी घर पर मिला। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।इस दौरान पुलिस टीम में एसआई राजकुमारी,कांस्टेबल संजय सिंह,संजय शामिल रहे।

### बेरिया रोड पुल निर्माण की धीमी गति पर भड़के विधायक पाण्डेय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गदरपुर से भाजपा विधायक अरविन्द पाण्डेय ने एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा एवं लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के जूनियर इंजीनियर राजीव गौड़ के साथ बाजपुर-बेरिया रोड पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुल निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई। विधायक अरविन्द पाण्डेय ने मौके पर ही एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए तथा जिम्मेदार लोनिवि अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा, आम जनता को हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक ने आवागमन सुचारू बनाए रखने के लिए तत्काल तीन वैली पुल लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा में पुल निर्माण पूरा करने को कहा। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर बैठक सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं आयरन फोलिक एसिड (IFA) अनुपूरक कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, पंचायतीराज, नगर निकाय एवं अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों एवं किशोरों के स्वास्थ्य सुधार से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए इसे गंभीरता एवं समन्वय के साथ संचा. लित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोरों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी, जिससे पेट में होने वाले कृमि संक्रमण को रोका जा सके। इसके साथ ही आयरन फोलिक एसिड अनुपूरक कार्यक्रम के माध्यम से एनीमिया की रोकथाम हेतु नियमित रूप से आयरन की गोलियों का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस. एस. नबियाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनपद में सभी ब्लॉकों में माइक्रोप्लान तैयार किया जा चुका है तथा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कर कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाया जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस एस नबियाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. निर्मल सिंह बसेड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु नौगाई सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में 92 शिकायतें दर्ज, 22 का निस्तारण

■ सड़क, नाली निर्माण, हैंडपंप, शिक्षा, आधार कार्ड, राशन कार्ड व भूमि से संबंधित छाए रहे मुद्दे
■ जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकताः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ब्लॉक सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर सड़क, नाली निर्माण, हैंडपंप, शिक्षा, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पानी, बिजली तथा भूमि से संबंधित कुल 92 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमें से 22 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं जिला अधिकारी ने 40 समस्याओं को विभिन्न योजनाओं में रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी कार्यदाई संस्था द्वारा नगर विकास व लोक निर्माण विभाग की अनुमति लिए बिना सड़क खोदी जाएगी तो संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत पूरी पारदर्शिता के साथ बच्चों को विद्यालय में एडमिशन कराने की निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा की समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करते हुए जनता को योजना से लाभान्वित करें।डीएम भदौरिया ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी समस्याओं को शान्त मन एवं संवे. दनशील होकर सुने व गम्भीरता से तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी, ब्लाक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा, दर्जा मंत्री राजपाल सिंह, सतीश भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल संस्थान अजय कुमार, तहसीलदार बीरेन्द्र सजवान, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी तोमर, सहायक निदेशक दुग्ध राजेन्द्र सिंह चौहान, खण्ड शिक्षा अधिकारी भानू प्रताप, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जीएस भट्ट, खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी सहित ग्राम प्रधान, क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# भगचुरी फार्म सड़क का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

खटीमा। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाने और बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के उद्देश्य से मंगलवार को भगचुरी फॉर्म में नई सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इस परियोजना का शिलान्यास जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या द्वारा विधिवत पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर किया गया।

यह सड़क ग्रामीण निर्माण विभाग आर,डब्लू,डी द्वारा स्वीकृत लगभग डेढ़ किलोमीटर 54 लाख की लागत से इस सड़क का डामरीकरण का कार्य विधिवत रूप से शुरू किया गया। लंबे समय से स्थानीय ग्रामीण इस क्षेत्र में पक्की सड़क की मांग कर रहे थे इसके निर्माण से अब सैकड़ों किसने और स्थानीय निवासियों को सीधे तौर पर राहत मिलेगी। शुभारंभ के दौरान हंसा देवी, तुलसी देवी, जानकी, जसवंत सिंह, सोमनाथ मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, सतीश मौर्य, गुरप्रीत सिंह खिंडा, देवेंद्र सिंह रिंकू आदि मौजूद रहे।

# देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत छात्रों को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर में एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी.के. सिंह एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद (गुजरात) के परियोजना अधिकारी डॉ. रजत शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. बी.के. सिंह ने की। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए स्वरोजगार अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार की योजनाएं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर योजना के संयोजक जाहिद मुस्तफा एवं सह-संयोजक डॉ. दर्शन सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. शर्मा ने उत्तराखंड में आयुष, पर्यटन, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, ड्रोन आधारित खेती और उद्यम लाइसेंसिंग जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं से भी छात्रों को अवगत कराया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अनिल सैनी एवं डॉ. सुरजपाल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# सेंट्रल जेल में स्वास्थ्य विभाग का टीबी पर बड़ा वार

■ एक दिन में 371 बंदियों की हुई स्क्रीनिंग
■ 14 संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच को भेजे
■ 'टीबी मुक्त भारत' अभियान को मिली तेजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज ।** 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के तहत उधमसिंह नगर स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को संपूर्णानंद शिविर सेंट्रल जेल सितारगंज में वृहद टीबी स्क्रीनिंग शिविर लगाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। सेंट्रल टीबी डिवीजन, भारत सरकार के निर्देश पर जेल डिस्पेंसरी में आयोजित इस विशेष अभियान में एक ही दिन में 371 बंदियों की प्रारंभिक जांच पूरी कर ली गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जेल प्रशासन के सहयोग से सभी बैरकों के बंदियों की व्यवस्थित स्क्रीनिंग की। जांच के दौरान 14 बंदियों में लंबे समय से खांसी, बुखार और वजन गिरने जैसे टीबी के संदिग्ध लक्षण मिले। चिकित्सकों ने तत्काल सभी के बलगम के नमूने लेकर पुष्टि के लिए जिला क्षय प्रयोगशाला भेज दिए हैं। शिविर में विशेषज्ञों ने बंदियों को जागरूक करते हुए कहा कि टीबी लाइलाज नहीं है। समय पर जांच और 6 से 9 महीने तक बिना नागा दवा लेने से मरीज शत-प्रतिशत ठीक हो जाता है। बंदियों को खांसते-छींकते समय मुंह ढकने, हवादार जगह पर रहने और पौष्टिक आहार लेने की सलाह भी दी गई। इस अभियान में जिला पीएमडीटी समन्वयक नवल, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुनील राय, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राहुल वर्मा, डॉ. कविश अहमद, डॉ. शिवांगी व्यास, डॉ. सुनीता साना सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। जेल अधीक्षक समेत जेल प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्क्रीनिंग कार्य में सक्रिय सहयोग दिया। स्वास्थ्य विभाग ने एक दिन में शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग के लक्ष्य को बड़ी सफलता बताया। सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जेल जैसे संवेदनशील संस्थानों में संक्रमण का खतरा अधिक रहता है, इसलिए नियमित जांच जरूरी है। जनपद को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए ऐसे शिविर आगे भी लगातार लगाए जाएंगे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने को लेकर कांग्रेस का देशव्यापी दबाव

■ गदरपुर से पीएम को भेजे गए पोस्ट कार्ड
■ 33 प्रतिशात महिला आरक्षण कानून पर अमल की मांग तेज, गदरपुर से कांग्रेस का प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को गदरपुर में महिला कांग्रेस ने जोरदार अभियान चलाया। राष्ट्रीय महासचिव शिल्पी अरोड़ा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पोस्टकार्ड भेजकर कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग उठाई।

कार्यक्रम की शुरुआत शिल्पी अरोड़ा के कार्यालय से हुई, जहां से कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुलूस के रूप में डाकघर पहुंचे। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, काशीपुर महानगर अध्यक्ष अल्का पाल समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में 'आज करो, अभी करो' का नारा देते हुए अधिनियम लागू करने की मांग की। शिल्पी अरोड़ा ने कहा कि संसद से पारित होने के बावजूद 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' अब तक लागू नहीं किया गया है, जबकि यह महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का महत्वपूर्ण प्रावधान करता है। उन्होंने इसे महिलाओं का संवैधानिक अधिकार बताते हुए तत्काल लागू करने की मांग की। जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों को लेकर केवल घोषणाएं की जा रही हैं, लेकिन उन्हें जमीन पर लागू नहीं किया जा रहा। नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने कहा कि आधी आबादी को उनका हक देने में देरी उचित नहीं है। वहीं, अल्का पाल ने स्पष्ट किया कि जब तक अधिनियम लागू नहीं होता, कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, पूर्व नगर अध्यक्ष विजय भुड्डी सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर अधिनियम को तुरंत लागू करने की मांग।

# तहसील दिवस में डीएम का सख्त तेवर



■ शिकायत पर तुरंत जांच, लापरवाही पर तय होगी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर ( चम्पावत )।** सीमांत क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आयोजित तहसील पूर्णागिरि (टनकपुर) के तहसील दिवस में जिलाधिकारी मनीष कुमार का सख्त और एक्शन मोड साफ नजर आया। फरियादियों की शिकायतों पर न सिर्फ मौके पर फैसले हुए, बल्कि अधिकारियों को साफ शब्दों में चेतावनी भी दी गई कि लाप. रवाही अब भारी पड़ेगी।

तहसील दिवस में कुल 64 शिकायतें आईं, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भजनपुर निवासी सरस्वती चंद की खतरनाक पेड़ों की शिकायत पर डीएम ने वन विभाग और वन निगम को फटकार लगाते हुए पूरे जिले में जोखिम भरे पेड़ों को चिन्हित कर तत्काल कटान के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि अगर किसी हादसे में नुकसान हुआ तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई होगी। सबसे ज्यादा सख्ती पेयजल शिकायत पर दिखी। तहसील दिवस में अधिकारियों और कर्मचारियों की पूरी फौज मौजूद रही, लेकिन तहसील दिवस में डीएम का साफ संदेश गूंजाख्र जनता की समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, अब हर शिकायत का समाधान होगा या जिम्मेदारी तय होगी।

# नेपाली शराब के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर( चंपावत )।** मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक चंपावत/टनकपुर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टनकपुर विमल प्रसाद के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक चेतन रावत के नेतृत्व में टीम द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग और सुरागरसी अभियान चलाया गया। अमित कुमार पुत्र बाबूराम, निवासी परसेहरा पोस्ट कैमहरा, थाना मैगलगंज, जनपद लखीमपुर खीरी (हाल निवासी शारदा खनन क्षेत्र, टनकपुर) को पकड़ा, उससे 24 क्वार्टर करनाली डीलक्स नेपाली शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक तेज कुमार, कांस्टेबल दीपक सिंह की अहम भूमिका रही।

# जोशी ने किया देहरादून-मसूरी मोटर मार्ग पर स्थायी डबल लेन पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास




■ 12 करोड़ की लागत से निर्मित होगा पुल, सेतु निर्माण का कार्य समयबद्ध करवाने के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को देहरादून-मसूरी मोटर मार्ग पर शिव मंदिर के निकट क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर 12 करोड़ 17 लाख की लागत से बनने वाले नए स्थायी डबल लेन पुल के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

काबीना मंत्री गणेश जोशी ने सेतु निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुल के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अर्न्तगत करवाया जाए तथा यह कार्य पूर्ण गुणवत्तापूर्वक हो। उन्होंने कहा कि देहरादून-मसूरी मार्ग क्षेत्र की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह पुल मसूरी की लाइफलाइन के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही है और आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि वर्ष 2025 में आई आपदा के दौरान उक्त स्थान पर स्थित पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वैली ब्रिज का निर्माण कर आवागमन सुचारू किया गया, जो वर्तमान में संचालित है।

लोक निर्माण विभाग के ईई राजेश कुमार ने बताया कि राज्य योजना के अंतर्गत जनपद देहरादून के मसूरी विधानसभा क्षेत्र में देहरादू-मसूरी राज्य मार्ग संख्या-1 के किमी 18 पर क्षतिग्रस्त सिंगल लेन सेतु के स्थान पर 60 मीटर स्पान का डबल लेन क्लास लोडिंग स्टील बॉक्स सेतु बनाया जाएगा। इस परियोजना में पाइल फाउंडेशन, आरसीसी एबटमेंट, स्टील गर्डर सेतु, 7.50 मीटर चौड़ा कैरिज वे (टू लेन), दोनों ओर 3 मीटर फुटपाथ, रेलिंग व क्रैश बैरियर सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं शामिल हैं। परियोजना की कुल लागत रुपये 12.17 करोड़ निर्धारित की गई है तथा निर्माण कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 21 अगस्त 2026 है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, रजत अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, ज्योति कोटिया, सुन्दर सिंह कोठाल, वंदना बिष्ट, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, किरन, लक्ष्मण रावत, लोनिवि के ईई राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड को स्मार्ट मीटरिंग से मिलेगी आधुनिक सुविधायें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में ऊर्जा क्षेत्र को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं उपभोक्ता केंद्रित बनाने के उद्देश्य से यूपीसीएल द्वारा स्मार्ट मीटरिंग स्थापना के कार्यों का क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नेपरियोजना को गति देने हेतु निर्देशित किया गया है। राज्य में केन्द्र सहायतित आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने, बिजली चोरी रोकने तथा दैनिक ऊर्जा उपभोग प्रबन्धन को उपभोक्ता के मोबाईल पर एप के माध्यम से देने के लिय सरकार प्रतिबद्ध है। स्मार्ट मीटरिंग के सन्दर्भ में विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी कार्यवृत्त का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया गया है।सभी विभागीय, सरकारी, वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य त्वरित गति से किया जाना है। साथ ही राजस्व बाहुल्य क्षेत्रों में इसे प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सेवादाता एजेंसियों को तकनीकी रूप से दक्ष मानव संसाधन में वृद्धि एवं फील्ड स्तर पर प्रभावी अनुश्रवण किये जाने हेतु सख्त निर्देश दिये गये। मुख्य सचिवने मेघा प्रोजेक्टस की समीक्षा करते हुये भी निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री एवं विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त सभी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण प्राप्त होगा, जिससे ऊर्जा दक्षता बढ़ेगी एवं अनावश्यक व्यय में कमी आएगी तथा ऊर्जा का रादपयोग ही ऊर्जा की बचत है। गेघा प्रोजेक्टस की समीक्षा बैठक में अपर गुख्य राचिव, प्रमुख सचिव डॉ० आर० मीनाक्षी सुन्दरम, सचिन, विभागाध्यक्ष और उपाकालि से प्रबन्ध निदेशक जी०एस० बुदिगाल, मुख्य अभियन्ता जसवन्त सिंह, अधिशासी अभियन्ता अरूण कान्त और अधिशासी अभियन्ता सुधीर कुमार सिंह मौजूद रहे।

# सुरक्षा और व्यवस्था से कोई समझौता नहीं: गढ़वाल आयुक्त

■ केदारनाथ धाम में आयुक्त व आईजी का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में जारी यात्रा 2026 के बीच व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाने के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। मंगलवार को गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय और गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप ने धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर ही अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, हेली सेवाएं और मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। श्रद्धालुओं और तीर्थ पुरोहितों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने गए, जिनके त्वरित समाधान के निर्देश मौके पर ही दिए गए। उन्होंने दो टूक कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बाबा केदार के दर्शन को लेकर लागू टोकन व्यवस्था पर विशेष सख्ती बरतते हुए निर्देश दिए गए कि दर्शन केवल टोकन के आधार पर ही कराए जाएं, कतार व्यवस्था पूरी तरह अनुशासित रहे और बिना टोकन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को सख्ती से रोका जाए। इस दौरान केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे।

# महाराज ने चन्दरनगर नाले के भूमिगत कार्य का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने विधानसभा क्षेत्र राजपुर के अन्तर्गत रेसकोर्स में 3 करोड़ 83 लाख 56 हजार लागत से चन्द्र नगर नाले के भूमिगत कार्य का लोकार्पण कर स्थानीय लोगों को नाले से उत्पन्न होने वाली गंदगी और परेशानी से निजात दिलाई।

महाराज ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान विधानसभा क्षेत्र राजपुर के अन्तर्गत वार्ड नंबर 20 रेसकोर्स उत्तर में 3 करोड़ 83 लाख 56 हजार लागत से चन्द्र नगर नाले के भूमिगत कार्य का लोकार्पण कर इस योजना से 450 स्थानीय लोगों को नाले से उत्पन्न होने वाली गंदगी और यातायात आवागमन में हो रही परेशानी से निजात दिलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर समग्र विकास की राह आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शहर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। राज्य योजना के अंतर्गत वॉर्ड नंबर 21 में छप्पन भोग से त्यागी रोड तक 1 करोड़ 40 लाख की लागत से डामरीकरण, नाली निर्माण एवं आरसीसी स्लैब कवरिंग के कार्य, राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विधानसभा राजपुर रोड में वार्ड सं0 26 एवं 27 के विभिन्न आन्तरिक मार्गों एवं नालियों का सुधारीकरण कार्य जिसकी लागत 2 करोड़ 14 लाख 57 हजार है के अलावा राज्य क्षेत्र के अंतर्गत देहरादून शहर के राजपुर रोड निर्वाचन क्षेत्र में सुभाष रोड (कनक चौक से सचिवालय तक), ग्लोब चौक से सचिवालय चौक तक और कछारी रोड में सड़क, फुटपाथ और नाली के सुधारीकरण जिसकी लागत 1 करोड़ 47 लाख 85 हजार है की भी स्वीकृति मिल चुकी है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक-86/नामान्तरण सूचना/2026-27 दिनांक-29-4-2026

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संसोधन किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री त्रिलोचन बिनवाल पुत्र श्री देवी दत्त | भवन सं. 84 वार्ड नं. 6 टनकपुर | श्री त्रिलोचन, हरीश पुत्र श्री देवी दत्त बिनवाल | श्री त्रिलोचन बिनवाल पुत्र श्री देवी दत्त | आवेदन मय हरीश पुत्र श्री देवी दत्त का अनापत्ति शपथ पत्र श्रीमती ज्योति पत्नी श्री हरीश का अनापत्ति शपथ पत्र आधार कार्ड, गृहकर रसीद |

प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## सूचना

मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम कु0 कमला दर्ज है। मैंने अपना नाम परिवर्तित कर अब कमला रख लिया है। भविष्य में मुझे कमला नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

**कमला पत्नी कमल किशोर**
**नि.-खड़कपुर देवीपुर, वैशाली कॉलोनी, काशीपुर, (ऊधम सिंह नगर)**

## संबध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र चरनजीत सिंह को गलत संगत में पड़ जाने ,आशोभनीय व्यवहार करने तथा लोगों से लेनदेन करने मना करने पर बात ना मानने, झगडा करने से तंग आकर उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से हमेशा हमेशा के लिए बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। जो भविष्य में अपने द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

**खुशाली प्रजापति पुत्र लौकी प्रजापति निवासी ग्राम पचपेडा,कोतवाली नानकमत्ता, जिला- उधमसिंहनगर।**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे सरकारी कागजों में पिता का नाम त्रुटि वश श्याम सुन्दर सिंह अंकित हो गया है जबकि हमारे पिता का शुद्ध नाम श्याम सुन्दर सिंह उर्फ राम सुन्दर है। भविष्य में हमें हमारे पिता के शुद्ध नाम श्याम सुन्दर सिंह उर्फ राम सुन्दरSHYAM SUNDER SINGH URF RAM SUNDER के नाम से लिखा पढ़ा जाना जाये।

**मान सिंह, सुखलाल सिंह, कपिल कुमार,गुरदयाल सिंह पुत्र श्याम सुन्दर सिंह उर्फ राम सुन्दर निवासी ग्राम चौतुआखेडा, उप तह. नानकमत्ता, उधमसिंहनगर।**

## विद्यालय का नाम : किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी, काशीपुर (ऊ.सि.नगर)

किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी लोक हितकारी शिक्षा समिति चुनाव कार्यक्रम (सन् 2026-29) हेतू

| क्र.स. | दिनांक | कार्यक्रम | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 13.05.2026 बुद्धवार | मतदाता सूची का प्रकाशन | 08.00 से 11.00 बजे तक |
| | | मतदाता सूची में आपत्ति | 11.00 से 12.00 बजे तक |
| | | आपत्तियों का निस्तारण | 12.00 से 01.00 बजे तक |
| 2 | 14.05.2026 बृहस्पतिवार | कार्यकारिणी के 12 सदस्यों हेतू नामांकन पत्र 100.00 रु. शुल्क के साथ दाखिल करें. (कोई सदस्य आपस में सगे सम्बन्धी नहीं होने चाहिये।) | 08.00 से 11.00 बजे तक |
| | | नामांकन पत्रों की जाँच एवं आपत्तियों का निस्तारण | 11.30 से 01.00 बजे तक |
| 3 | 15.05.2026 शुक्रवार | नाम वापसी | 08.00 से 10.00 बजे तक |
| | | चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की संशोधित सूची का प्रकाशन। | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| 4 | 16.05.2026 शनिवार | कार्यकारिणी के 12 सदस्यों का चुनाव (यदि आवश्यक होगा) | 08.00 से 02.00 बजे तक |
| | | मतगणना एवं परिणाम कार्यकारिणी के सदस्यों की सूची का प्रकाशन। | 02.30 से मतगणना पूर्ण होने तक |
| 5 | 18.05.2026 सोमवार | निर्वाचित सदस्यों में से पदाधिकारियों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, सहप्रबन्धक, कोषाध्यक्ष) हेतू नामांकन 500.00 रू शुल्क के साथ दाखिल करें। | 08.00 से 10.00 बजे तक |
| | | नामांकन पत्रों की जाँच | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| | | नये पदाधिकारियों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, सहप्रबन्धक, कोषाध्यक्ष) का चुनाव। | 11.00 से 12.30 बजे तक |
| | | नये पदाधिकारियों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, सहप्रबन्धक, कोषाध्यक्ष) के चुनाव के परिणाम की घोषणा। | 12.30 से 01.00 बजे तक |

**प्रबन्धक किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी (उ. सिं. नगर)**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0, पी0एम0जी0एस0वाई0 पिथौरागढ़।

ई-मेल:- eepmgsypithoragarh1@rediffmail.com

पत्रांक : 430 / 28 पी0एम0जी0एस0वाई0 दि0 04-05-2026

**:: अल्पकालीन निविदा सूचना ::**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 21.05.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदायें केवल लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को ही पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर व्यक्तिगत रूप से या ठेकेदारों के अधिकृत प्रतिनिधि को विक्रय की जायेगी। निविदा लेने से पूर्व निर्धारित धरोहर राशि एन0एस0सी0/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0 हो, को प्रतिभूति के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0, लो0नि0वि0, पिथौरागढ़ के पदनाम से बन्धक हो, निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। पंजीयन की सामान्य जमानती राशि निविदा हेतु मान्य नहीं होगी। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर 1 रू0 की रसीदी टिकट लगाकर वैद्यता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.05.2026 से 20.05.2026 तक प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक कार्यालय दिवस में निम्न कार्यालय से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकेगें तथा दिनांक 21.05.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्न कार्यालयों में निविदायें डाली जा सकती हैं।

निविदा प्राप्त करने तथा डाले जाने वाले कार्यालयों का नाम :-

1- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़।

2- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़।

उक्त निविदायें दिनांक 22.05.2026 के अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0, लो0नि0वि0, पिथौरागढ़ के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**कार्य का विवरण**

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वर्षाकाल में Opening Communication (वर्ष 2026-27) के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ के विकास खण्ड डीडीहाट/कनालीछीना में देवीछौना- जमतड़ी, नारायण नगर-अस्कोट एवं ओगला-भागीचौरा- पस्मा-हंसेश्वर मोटर मार्गो के अवरूद्ध होने पर यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए स्लिप/मलुवा/बोल्डर सफाई हेतु एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) तेल सहित (With Fuel) प्रति घंटे की दर से उपलब्ध करना। **मशीन स्थापित स्थल का नाम ओगला।** | 10000.00 | 500.00 + 18 % जी0एस0 टी0 | 45 दिन | 06 माह | श्रेणी डी एवं उच्च मार्ग निर्माण कार्य हेतु। |
| 2 | वर्षाकाल में Opening Communication (वर्ष 2026-27) के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ के विकास खण्ड मूनाकोट में सल्ला-रौतगढ, ऐंचोली-बड़ाबे, धारी- बेल्तड़ी व बड़ाबे-धारी-बेल्तडी से क्वाबन मोटर मार्ग के अवरूद्ध होने पर यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए स्लिप/मलुवा/बोल्डर सफाई हेतु एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) तेल सहित (With Fuel) प्रति घंटे की दर से उपलब्ध करना। **मशीन स्थापित स्थल का नाम ऐंचोली।** | 10000.00 | 500.00 + 18 % जी0एस0 टी0 | 45 दिन | 06 माह | श्रेणी डी एवं उच्च मार्ग निर्माण कार्य हेतु। |
| 3 | वर्षाकाल में Opening Communication (वर्ष 2026-27) के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ के विकास खण्ड मूनाकोट में झूलाघाट-बल्तड़ी, जौलजीबी-झूलाघाट मोटर मार्गो के अवरूद्ध होने पर यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए स्लिप/मलुवा/बोल्डर सफाई हेतु एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) तेल सहित (With Fuel) प्रति घंटे की दर से उपलब्ध करना। **मशीन स्थापित स्थल का नाम झूलाघाट।** | 10000.00 | 1000.00 + 18 % जी0एस0 टी0 | 45 दिन | 06 माह | श्रेणी डी एवं उच्च मार्ग निर्माण कार्य हेतु। |
| 4 | वर्षाकाल में Opening Communication (वर्ष 2026-27) के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ में विकास खण्ड मूनाकोट/कनालीछीना में मड़मानले-धुर्चू, सुमेती-भौतड़ी, मड़मानले-दोबांस किमी0 10.00 से धौलकाण्डा, दोबांस-बथौली, कठपतिया-दोबांस, ड्यौड़ा-बारमो, गोवर्षा-आणागॉव, सातशिलिंग-नाघर-खूना, कनालीछीना-पीपली एवं गोवर्षा-ख्वाकोट मोटर मार्गो के अवरूद्ध होने पर यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए स्लिप/मलुवा/बोल्डर सफाई हेतु एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) तेल सहित (With Fuel) प्रति घंटे की दर से उपलब्ध करना। **मशीन स्थापित स्थल का नाम मड़मानले।** | 20000.00 | 1000.00 + 18 % जी0एस0 टी0 | 45 दिन | 06 माह | श्रेणी डी एवं उच्च मार्ग निर्माण कार्य हेतु। |
| 5 | वर्षाकाल में Opening Communication (वर्ष 2026-27) के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ में विकास खण्ड मूनाकोट/कनालीछीना में बुंगाछीना-अलगड़ा-कचना, बुंगाछीना-बसौर एवं बुंगाछीना- कुसैल मोटर मार्गो के अवरूद्ध होने पर यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए स्लिप/ मलुवा/बोल्डर सफाई हेतु एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) तेल सहित (With Fuel) प्रति घंटे की दर से उपलब्ध करना। **मशीन स्थापित स्थल का नाम बुंगाछीना।** | 10000.00 | 500.00 + 18 % जी0एस0 टी0 | 45 दिन | 06 माह | श्रेणी डी एवं उच्च मार्ग निर्माण कार्य हेतु। |
| 6 | वर्षाकाल में Opening Communication (वर्ष 2026-27) के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ के विकास खण्ड मूनाकोट में क्वीतड़ (जमतड़ी) से हल्दू, जाखपन्त-मनकोट एवं बड़ाबे-तोली-शिलिंगिया मोटर मार्गो के अवरूद्ध होने पर यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए स्लिप/मलुवा/बोल्डर सफाई हेतु एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) तेल सहित (With Fuel) प्रति घंटे की दर से उपलब्ध करना। **मशीन स्थापित स्थल का नाम वड्डा।** | 10000.00 | 500.00 + 18 % जी0एस0 टी0 | 45 दिन | 06 माह | श्रेणी डी एवं उच्च मार्ग निर्माण कार्य हेतु। |

**नोट :-** उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य मोटर मार्ग, जहॉ जे0सी0बी0 की आवश्यकता होगी, अधोहस्ताक्षरी के निर्देशानुसार जे0सी0बी0 मशीन भेजनी है।

**:: शर्ते ::**

1. निविदा की शर्ते जी0पी0डब्ल्यू, 09 जी0पी0डब्लू0 8 निविदा सूचना प्रपत्र एम0एफ0 69/70 एवं शासनादेश सं0 2611/111(2)/07 सामान्य दिनांक 26.10.2007 के अनुसार लागू होगी। नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।
2. निविदा के साथ ठेकेदार को स्वंय की Hydraulic Excavator/जे0सी0बी0 मशीन होने पर मशीन के दस्तावेज/किराये पर जे0सी0बी0 मशीन आपूर्ति की स्थिति में सम्बन्धित जे0सी0बी0 मशीन स्वामी द्वारा प्रदत्त नोटराइज्ड शपथ पत्र/लीज एग्रीमेन्ट तथा मशीन के दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा तभी निविदा वैध मानी जायेगी।
3. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण-पत्र/जी0एस0टी0 पंजीकरण/पैन कार्ड/बैंक खाता/आई0एफ0एस0सी0 कोड की छाया प्रति संलग्न करना एवं मोबाईल नम्बर देना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा मान्य नही होगी।
5. दरें अंकों व शब्दों दोनों में लिखनी होगी।
6. मुख्य अभियन्ता, यू0आर0आर0डी0ए0 देहरादून से धनांवटन की प्रत्याशा में यह निविदा आमंत्रित की जा रही है। भुगतान में विलम्ब के लिये कोई ब्याज देय नहीं होगा।
7. ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराई गई Hydraulic Excavator/ जे0सी0बी0 पर GPS System लगाये जाने का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा, जिसका Access विभाग को भी देना अनिवार्य होगा।
8. ठेकेदार को एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) मशीन विभाग द्वारा निर्धारित स्थल पर खड़ी करनी होगी तथा मांग के अनुसार आवश्यकता वाले स्थान पर 30 मिनट के अन्दर भेजनी होगी, जिसके लिये कोई अतिरिक्त धनराशि नही दी जायेगी। **निर्धारित स्थल कार्यो की आवश्यकतानुसार परिवर्तित किये जा सकते हैं।**
9. निर्धारित स्थल में स्थापित मशीन में ईधन पर्याप्त मात्रा में हो, ताकि त्मेचवदेम ज्पउम अधिकतम 30 मिनट के अन्तर्गत कार्य प्रारम्भ कराया जा सके।
10. भुगतान विभाग के सक्षम अधिकारी/कर्मचारी द्वारा भरी गई लॉगबुक के सत्यापन के उपरान्त अनुदान की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।
11. मार्ग पर आये मलुवे की सफाई से पूर्व एवं सफाई के पश्चात कार्य के फोटोग्राफ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. मशीन के रखरखाव तथा मरम्मत की सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी, विभाग द्वारा अलग से भुगतान नही किया जायेगा।
13. सशर्त निविदायें मान्य नही होगी।
14. समस्त कार्य लोक निर्माण विभाग की विस्तृत विशिष्टियों के अनुरूप करने होगें तथा समय-समय पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिये निर्देशों/आदेशों के अनुसार कार्य करना होगा।
15. एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) मशीन हेतु ईधन व चालक इत्यादि की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी, जिसका अलग से विभाग के द्वारा कोई भुगतान नही किया जायेगा।
16. ठेकेदार को पूर्ण पत्राचार का पता एवं सम्पर्क (मोबाईल नं0) अंकित करना होगा, पते व सम्पर्क नं0 में परिवर्तन की सूचना विभाग को तुरन्त देना अनिवार्य होगा, इसके अतिरिक्त मशीन के चालक का नाम व सम्पर्क मोबाईल नं0 उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, ताकि आवश्यकता पडने पर किसी भी समय सम्पर्क किया जा सके।
17. एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) मशीन के ऑपरेटर को सहायक अभियन्ता/अपर सहायक अभियन्ता से प्रतिदिन किये जाने वाले कार्य के प्रारम्भ में आवश्यक निर्देश प्राप्त किये जाने आवश्यक होंगे तथा उनसे लगातार सम्पर्क रखना होगा।
18. एक्सकेवेटर (जे0सी0बी0) मशीन द्वारा कार्य किये जाने पर किसी सार्वजनिक सम्पति/ निजी सम्पति की क्षति होने पर मशीन मालिक इसके लिये स्वयं उत्तरदायी रहेगा। इस सम्बन्ध में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
19. आवश्यकता न होने पर खडी मशीन का कोई भी भुगतान ठेकेदार को नही किया जायेगा।
20. दो या दो से अधिक मार्गो के एक साथ अवरूद्व होने की दशा में प्रत्येक अवरूद्व मार्ग हेतु अलग जे0सी0बी0 मशीन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
21. ठेकेदार द्वारा आवश्यकता पडने पर ब्रेकर मशीन की व्यवस्था भी करनी आवश्यक होगी।
22. आयकर/जी0एस0टी0 एवं अन्य आवश्यक कटौतियॉ ठेकेदार के देयक से नियमानुसार की जायेगी।
23. निविदा के साथ धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत का 02 प्रतिशत ली जा रही है। शेष जमानत 08 प्रतिशत अनुबन्ध गठन करते समय प्रस्तुत करनी अनिवार्य है।

सहायक अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0,
पिथौरागढ़।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0,
पिथौरागढ़।

# सिपाहीधारा में पहाड़ी खिसकने का खतरा

## क्षेत्रवासियों का आंदोलन जारी, एसडीएम ने आंदोलित लोगों को समझाया

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल के बलियानाला क्षेत्र से लगे सिपाहीधारा नामक पहाड़ी से सोमवार रात बड़ा बोल्डर कार के ऊपर गिरा, गनीमत रही कि उस समय कार में कोई मौजूद नहीं था। जिसके बाद हालात मंगलवार को दूसरे दिन भी तनावपूर्ण बने रहे। सुबह से ही स्थानीय लोग प्रशासन की लाप. रवाही के खिलाफ सड़क पर उतर आए और आंदोलन शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि वर्षों से इस पहाड़ी पर खतरा होने की जानकारी प्रशासन को दी जाती रही है लेकिन कोई अधिकारी मौके पर ध्यान देने नहीं आया। इससे नाराज क्षेत्रवासियों का आरोप है कि हादसा टल गया लेकिन प्रशासन ने अब भी स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया है। सोमवार रात बड़े बोल्डर के गिरते ही इलाके में दहशत फैल गई थी। मजबूरी में तीन से चार परिवारों के बीस से अधिक लोग अपने घरों से निकलकर गुफा महादेव मंदिर में शरण लेने को मजबूर हो गए।

कहा कि कृष्णापुर वार्ड की लगभग चार हजार की आबादी इस पहाड़ी के साए में रहती है जो लंबे समय से कमजोर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब तीस वर्ष पहले भी इसी पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर गिरा था जिसमें एक नेपाली मजदूर की मौत हुई थी। इसके बाद पिछले आठ दस वर्षों में सिपाहीधारा के पास दरारें लगातार बढ़ती रहीं और 2018 के भूकंप के बाद ये और गहरी हो गईं।

कुछ लोगों का मानना है कि पहाड़ी की सुरक्षा के नाम पर की गई ड्रिलिंग ने इसे और कमजोर कर दिया जिसका असर अब साफ दिख रहा है।



### मामले को लेकर जिला प्रशासन गंभीर: एसडीएम

**नैनीताल।** एसडीएम नावाजिश खालिक ने बताया सोमवार रात एक बोल्डर आ गया था जिससे एक गाड़ी को नुकसान पंहुचा है। तत्काल सिचाई विभाग, नगर पालिका, तहसीलदार को घटना स्थल पर भेजा गया खतरा देखते हुए परिवारों को कहीं और विस्थापित किया गया, आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गई है। स्थानीय लोगों से वार्ता करके समझाया गया है कि बोल्डर को हटाया जाएगा और भी अन्य कार्य किए जाएंगे जिसमें लगभग 10 दिन का समय लगेगा, प्रशासन द्वारा जहां पर भी स्थानीय लोगों को रखा गया है उनकी पूरी व्यवस्था की गई है संबंधित विभागों को निर्देश भी दिए गए हैं कि जल्द से जल्द यह कार्य किया जाए।

### फिर से कराया जाएगा सर्वे: मालवाल

**नैनीताल।** लोनिवि के सहायक अभियंता सुमित मालवाल ने माना कि गिरे हुए बोल्डर से बड़ा हिस्सा अभी ऊपर ढीला है जिसे सुरक्षित करना बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का दोबारा सर्वे किया जा रहा है और खतरनाक हिस्सों पर जल्द कार्य शुरू होगा।



### नैनीताल में आपदा प्रभावित परिवारों हेतु राहत सामग्री की व्यवस्था

**नैनीताल।** उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक के निर्देश पर नैनीताल क्षेत्रांतर्गत सिंपाईधारा कृष्णापुर में आपदा प्रभावित परिवारों हेतु जिला प्रशासन की ओर से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने आपदा प्रभावित कुल 9 परिवारों हेतु राहत सामग्री की व्यवस्था की गई। बिष्ट के मुताबिक प्रभावित परिवारों में मोहन सिजवाली, पान सिंह भाकुनी, ललित परिहार, दीपेश भट्ट, राजेश सोनकर, ललित जोशी, पंकज जोशी, कुन्दन बिष्टए और जगदीश बिष्ट का परिवार शामिल हैं। इन सभी परिवारों को एक एक किट राहत सामग्री वितरित की जा रही है जिस्मे एक राहत किट में 7 किलो चावल, 7 किलो आटा, 1 किलो मिकस दाल समेत 1 किलो सरसों का तेल समेत मसाले, नमक, 5 किलो आलू और 1 किलो टमाटर शामिल हैं। इसके अलावा प्रभावित परिवारों के लिए जलपान/भोजन सामग्री तैयार करने के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था भी की गई है। इससे पहले सुबह 10 बजे कुल 45 व्यक्तियों हेतु बिष्ट द्वारा प्रशासन की ओर से जलपान और नाश्ते की व्यवस्था की गई थी।

## मंत्री कैड़ा ने किया डामरीकरण, सुधारीकरण कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**धारी।** भीमताल विधानसभा के भीमताल ब्लॉक के तल्लीताल से भिमेस्वर मोटर मार्ग खराब था इसके साथ ही चंदादेवी से हरीनगर मोटर मार्ग अत्यधिक खराब था जिस कारण पर्यटकों, ग्रामीणों तथा किसानों को अवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों ग्रामीणों को काफी परेशानियां होती थी। ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्गो पर सुधारीकरण व डामरीकरण करने की मांग की, मंत्री कैड़ा ने जनता की समस्याओं को देखते हुए तल्लीताल से भिमेस्वर मोटर मार्ग पर डामरीकरण व सुधारीकरण के लिए 1 करोड़ 4 लाख, चंदादेवी से हरीनगर मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए 59 लाख तथा विनायक में टाइल निर्माण सौन्दर्यकरण के लिए 10 लाख स्वीकृत कराया था। मंत्री ने 3 मोटर मार्गो पर डामरीकरण व सुधारीकरण हेतु 1 करोड़ 68 लाख रुपए स्वीकृति करने के बाद आज लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसके साथ मंत्री ने जनता की समस्याओ को सुना अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। मंत्री कैड़ा ने कहा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक के क्षतिग्रस्त मोटर मार्गो पर लगातार डामरीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र की जनता ने मंत्री कैड़ा का फूल मालाओ व ढोल नगाड़ों से स्वागत कर आभार व्यक्त किया। मंत्री कैड़ा ने कहा प्रदेश की जनता की समस्याओं का समाधान हो इस दिशा में हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है।

## एक नजर

### कवयित्री जोनाकी रे का कविता पाठ 8 मई को

**नैनीताल।** विश्वकवि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के 165वें जन्मदिन के अवसर पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय की रामगढ़ स्थित महाद. वी वर्मा सृजन पीठ 8 मई को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे से अंग्रेजी विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल के व्याख्यान कक्ष में अंग्रेजी कवयित्री लेखिका और संपादक जोनाकी रे का एकल कविता पाठ और विद्यार्थियों से संवाद आयोजित कर रही है। महादेवी वर्मा सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य ने बताया कि कि फायर फ्लाई मेमोरीज और लेसन्स इन बेंडिंग पुस्तकों की लेखिका जोनाकी रे ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर और अमेरिका की इलिनोइस यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त की है। उन्हें वर्ष 2019 में आइसलैंड राइटर्स रिट्रीट एलुमनी अवार्ड से सम्मानित किया गया। पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत ने बताया कि जोनाकी रे वर्ष 2017 में आक्सफोर्ड ब्रुक्स इंटरनेशनल पोएट्री कॉन्टेस्ट की भी पुरस्कार विजेता रही हैं। उनकी रचनाएं पोएट्री वेल्स, द रमपसए इंडियन लिटरेचर और अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।



### रीप में तैनात कर्मी भट्ट की जांच के आदेश

**नैनीताल।** सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे ने विकास खण्ड रामनगर में ग्रामोत्थान रीप में तैनात कार्मिक उमेश भट्ट के विरुद्ध प्राप्त गंभीर शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी किए हैं। बता दें शिकायतकर्ता शीतल बिष्ट द्वारा वित्तीय अनियमितता, मानसिक उत्पीड़न तथा गलत आरोप लगाने तथा नियमों के विरुद्ध कार्य करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। सीडीओ ने जिला विकास अधिकारी एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को संयुक्त रूप से जांच अधिकारी नामित किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उक्त शिकायत की जांच करते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत करें ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

### दमकल विभाग ने दी अग्नि सुरक्षा की जानकारी

**नैनीताल।** अग्निशमन विभाग की ओर से बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल में कर्मचारियों समेत स्टाफ और डाक्टर्स को अग्निशमन सुरक्षा के विषय में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सभी आपात स्थिति में आग से बचाव और राहत के लिए किए जाने वाले प्राथमिक उपचारों के विषय में जानकारी प्रदान की। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी समेत एलएफएम प्रकाश सिंह कांडपाल तथा प्रकाश मेर, डीवीआर महेश जोशी, आनंद गिरी, किशोर कुमार सहित जिला अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

### 10 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस

**नैनीताल।** अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। डीएम ललित मोहन रयाल के निर्देश पर सीईओ गोविंद राम जायसवाल ने 10 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इससे पहले जिले के 28 स्कूलों को भी नोटिस दिया जा चुका है। विद्यालयों को 15 दिन के भीतर एनसीईआरटी आधारित संशोधित पुस्तक सूची जारी करने, किसी विशेष विक्रेता की अनिवार्यता खत्म करने और वेबसाइट पर फीस व पुस्तकों की जानकारी सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अनावश्यक पुस्तकों की धनवापसी/समायोजन और अतिरिक्त वसूली गई फीस को आगे की फीस में समायोजित करने को कहा गया है। मामले की जांच के लिए विकासखंड स्तर पर संयुक्त समितियां गठित की गई हैं, जो 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपेंगी।

### चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई अब 12 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने लोहाघाट के विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के चुनाव को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने मंगलवार को याचिकाकर्ता की ओर से सुनवाई पूरी करते हुए विपक्षी से 12 मई को अपना पक्ष रखने को कहा है। एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 मई की तिथि नियत की है। मंगलवार को हुई सुनवाई पर विपक्षी प्रत्याशी की ओर से कहा गया है कि चुनाव याचिका में कई कमियां हैं इसलिये याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है इसे निरस्त किया जाए। इसके जवाब में याचिकाकर्ता की तरफ से सर्वोच्च न्यायालय के कई निर्णय कोर्ट में प्रस्तुत किए। कहा कि इनके द्वारा नामांकन पत्र और अपनी संपति का उचित विवरण नामांकन पत्र में जारी शर्तों के अनुरूप खुलासा नहीं किया है। इसलिए इनकी विधायिका निरस्त करने योग्य है जिसपर आज कोर्ट ने याचिकाकर्ता का पक्ष सुनते हुए दूसरे पक्ष से 12 मई को अपना पक्ष रखने को कहा है।

### आर्य मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नैनीताल।** नगर के ऐतिहासिक फ्लैटस मैदान में स्वर्गीय एनके आर्य मेमो. रियल क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या व विशिष्ट अतिथि एसडीएम नवाजिश खलिक द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान एसडीएम तथा विधायक ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया तथा प्रतियोगिता की सफल संचालन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान आयोजक मोहित आर्य सहित दर्जनों खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजक मोहित आर्य ने बताया कि स्वर्गीय एनके आर्य मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का यह चौथा संस्करण है और इसमें विजेता टीम को एक लाख 25 हजार रुपए नगद तथा ट्राफी और उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए तथा ट्राफी वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

# ट्रैफिक के लिए टेक्निकल प्लान तैयार

## कमान संभालेंगे 'ट्रैफिक आइ'

### ट्रैफिक प्रबंधन में बड़ा बदलाव लाएगी यह तकनीक: आईजी रिद्धिम अग्रवाल

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में पर्यटन सीजन की शुरुआत होने से पहले ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पुलिस हाईटेक तकनीक का सहारा ले रही है। शहर में 'ट्रैफिक आइ' नामक आधुनिक डिवाइस लगाए जा रहे हैं, जो पूरे नगर की पार्किंग और सड़क यातायात की वास्तविक स्थिति को रियल टाइम में दिखाएंगे। इससे पुलिस को तुरंत जानकारी मिल सकेगी कि कहां भीड़ बढ़ रही है, किस मार्ग पर दबाव अधिक है और किस पार्किंग में जगह खाली है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि यह तकनीक ट्रैफिक प्रबंधन में बड़ा बदलाव लाएगी, क्योंकि अब तक अधिकतर फैसले मैन्युअल आधार पर लिए जाते थे, लेकिन रियल टाइम डेटा मिलने के बाद पुलिस अधिकारी तुरंत रूट बदल सकेंगे, डायवर्जन लगा सकेंगे और जरूरत पड़ने पर वाहनों को रो. कने जैसे निर्णय भी तुरंत लिए जा सकेंगे। इससे जाम की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इन डिवाइसों को आईआईटी रुड़की ने कुमाऊं पुलिस के साथ समन्वय कर तैयार किया है। ट्रायल सफल रहने के बाद अब अतिरिक्त उपकरण नैनीताल भेजे जा रहे हैं। इन्हें हल्द्वानी काठगोदाम, कैंची धाम तथा नैनीताल की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गो सहित भीड़भाड़ वाले जोन में स्थापित किया जाएगा ताकि समय रहते ट्रैफिक को डायवर्ट कर भीड़ से बचा जा सके। इस तकनीक का एक और फायदा यह होगा कि पर्यटक भी यह जान सकेंगे कि किस स्थान पर भीड़ कितनी है और किस रूट से जाना उनके लिए आसान रहेगा। इससे अनावश्यक वाहनों का दबाव कम होगा और शहर में प्रवेश सुचारू रहेगा।



### सीबीआई 15 दिनों के भीतर केस की स्थिति के बार में बताए: हाईकोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य आंदोलन के दौरान हुए यूपी के रामपुर तिराहा कांड के आरोपियों को सजा दिलाए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मंगलवार को न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने सीबीआई से कहा है कि 15 दिन के भीतर केस संख्या 42/1996 में आरोपी अनन्त कुमार के केस की क्या स्थिति है कोर्ट को अवगत कराएं। मंगलवार को हुई सुनवाई पर कहा गया कि पूर्व में कोर्ट ने इस केस की स्थिति से अवगत कराने को कहा था लेकिन अभी तक इस केस का कोई उत्तर यूपी सरकार से आया है न ही सीबीआई से जिसपर आज कोर्ट ने सीबीआई से इस केस की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मंगलवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि अनन्त कुमार केस की स्थिति का कोई पता नहीं चल पा रहा है। न ही इसकी स्थिति से आज तक अवगत कराया गया। जिसपर सीबीआई की तरफ से कहा गया कि राज्य बनने से पहले मुकदमा सर्वोच्च न्यायालय में चला। सर्वोच्च न्यायालय ने उसकी जांच इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय उत्तराखंड को भेजी उनकी संस्तुति पर सारी फाइलें देहरादून कोर्ट से मुजफ्फरनगर स्थानान्तरित हो गयी। उसके बाद इन केसों में क्या हुआ उनकी स्थिति जानने के लिए उन्हें समय दिया जाए।

# राज्य आंदोलनकारियों की सूची अधूरी

## भेदभाव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, सीएम तक पहुंचाएंगे मामला: गुरुरानी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व विधानसभा डीडीहाट से प्रत्याशी राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता में डीडीहाट विधानसभा के वंचित राज्य आंदोलनकारियों की बैठक हुई। बैठक का संचालन वंचित राज्य आंदोलनकारी संगठन के अध्यक्ष तरुण पाल द्वारा किया गया। बैठक में दिनेश गुरुरानी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो 680 वंचित आंदोलनकारियों की सूची जारी की गई है। यह अधूरी सूची है। उन्होंने कहा कि 2017 से लेकर 2021 तक जिन लोगों ने अपने आवेदन दिए थे उनका नाम भी इस सूची में नहीं है।



उन्होंने कहा कि उनका नाम भी सूची में डालकर आंदोलनकारी का दर्जा देने के लिए कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि 2017 से लगातार आंदोलनकारी अपने चिन्हिकरण के लिए शासन प्रशासन से वार्ता कर रहा है शासन द्वारा हमेशा यह कहा जाता है कि उनके अभिलेख सरकार के पास नहीं है और जो अभिलेख थे उन्हें समय सीमा ज्यादा होने के कारण नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आखिर आंदोलनकारी अपने प्रमाण कहां से लाएगा। तरुण पाल ने कहा कि शीघ्र ही आंदोलनकारियों की पुन: एक बैठक बुलाकर अग्रिम रणनीति तय की जाएगी। सुनील साहनी कहां की अब आंदोलनका. रियों को आर पार की लड़ाई लड़नी होगी। बैठक को उत्तराखंड क्रांति दल के दीवान सिंह मेहता, डा. लोकेश डसीला, शेर सिंह शाही, सुनील शाह, तरुण पाल, जगत मुनोला, आघोषित राज्य आंदोलनकारी नवीन कफलिया, विपिन जोशी, सुभाष जोशी, अर्जुन कन्याल, गंगा सिंह, राजेंद्र देउपा, दीपचंद्र पांडे, चंद्र मोहन पाल सहित कई आंदोलनकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम के तहत दिनेश गुरुनानी के नेतृत्व में उप जिलाधिक. ारी के माध्यम से जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन के साथ पौधा लेते हुए प्रभारी तहसीलदार डीडीहाट चंद्र प्रकाश ने कहा कि वह आंदोलनका. रियों की भावनाओं को जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे।

# पानी: खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राजेंद्र नगर वार्ड-12 में पेयजल संकट को लेकर लोगों का मंगलवार को गुस्सा फूट पड़ा। नाले के पास पिछले कई दिनों से बनी पानी की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों ने पार्षद प्रतिनिधि हेमंत साहू के नेतृत्व में जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान महिलाएं, बुजुर्ग और युवाओं ने खाली बर्तन लेकर नारेबा. जी की और विभाग के खिलाफ रोष जताया। लोगों का कहना था कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की आपूर्ति बाधित चल रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। हेमंत साहू ने कहा कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि विभाग तत्काल पेयजल आपूर्ति सुचारू करे और स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाए। प्रदर्शन करने वालों में पुष्पा देवी, मनीषा आर्या, आशा देवी, पनी राम, रमेश आर्य, संगीता देवी, सुमित पाल, रोहित पाल, अमित कुमार, नरेश गुप्ता आदि शामिल रहे।



# बंगाल में भाजपा की जीत जनता के बदलते रुझानों का स्पष्ट संकेत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** भाजपा युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश संयोजक डा. मोहित रौतेला ने कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत ने बंगाल की राजनीति में एक ऐतिहा. सिक मोड़ ला दिया है। उन्होंने कहा कि यह विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं बल्कि जनता के बदलते रुझानों और अपेक्षाओं का स्पष्ट संकेत है। डा. रौतेला ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रीय दलों के प्रभुत्व वाले इस राज्य में बीजेपी का उभार राजनीतिक संतुलन में बड़े परिवर्तन को दर्शाता है। कहा कि बीजेपी ने अपने चुनाव अभियान में विकास, सुशासन और राष्ट्रीय एकता जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी। पार्टी ने युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को विशेष रूप से आकर्षित किया, जिससे उसे व्यापक समर्थन और सहयोग मिला। इसके अलावा मजबूत संगठनात्मक ढांचे और प्रभावी नेतृत्व ने भी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुल मिलाकर यह परिणाम पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नए युग व सनातन मूल्यों की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है यह जीत केवल राष्ट्रवादी विचारों की विजय नहीं बल्कि हमारी सनातन संस्कृति व विरासत के पुनर्जागरण का प्रतीक है।



# आरक्षण रोस्टर का सही से नहीं हुआ पालन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य में विभिन्न सरकारी भर्तियों में अनुसूचित जाति वर्ग को उनके संवैधानिक आरक्षण अधिकारों से वंचित किए जाने के विरोध में हल्द्वानी में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस संबंध में दो महत्वपूर्ण ज्ञापन राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को एसडीएम हल्द्वानी के माध्यम से प्रेषित किए गए। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि विभिन्न विभागों द्वारा जारी भर्तियों में आरक्षण रोस्टर का सही पालन नहीं किया गया है, जिससे अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को उनके वैधानिक अधिकारों से वंचित किया गया है। यह स्थिति सामाजिक न्याय एवं समान अवसर के सिद्धांतों के प्रतिकूल है। विशेष रूप से होमगार्ड भर्ती 2026, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) भर्ती 2026, 2024 एवं 2022 की भर्तियों में स्पष्ट विसंगतियां सामने आई हैं, जहां 19 प्रतिशत आरक्षण के अनुरूप पद आवंटित नहीं किए गए। इस अवसर पर संवैधानिक अधिकार संघर्ष समिति के संयोजक मुकेश चन्द्र बौद्ध ने कहा आरक्षण कोई दया या अनुग्रह नहीं, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार है। यदि इसे सही ढंग से लागू नहीं किया गया, तो यह सामा. जिक न्याय की मूल भावना के साथ अन्याय होगा। भविष्य में आरक्षण नीति का पूर्णत: पालन सुनिश्चित किया जाए। संरक्षक जीआर टम्टा ने कहा वर्षों से वंचित समाज को उनके अधिकारों से दूर रखना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो इस विषय को लेकर व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित लोगों में दीपक चन्याल, गजेंद्र पाल सिंह, भुवन चंद्र आर्य, अमित कुमार, जीआर आर्य, मनीष कुमार, प्रमोद कुमार, जयप्रकाश कोहली, आरआर लोहिया, नफीस अहमद, विनोद कुमार बौद्ध, राजेंद्र प्रसाद कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ओखलकांडा, सुनील कुमार, लखन चंद्र थे।



# मोदी सरकार पर देश का अटूट विश्वास: भगत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक बंशीधर भगत के मंगलवार को रामगढ़ आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनता द्वारा फूल मालाओं से उनका भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई विजय देश की जनता के अटूट विश्वास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व एवं भाजपा की विकासोन्मुखी नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक भगत ने कहा कि भाजपा सरकारें पारदर्शिता, सुशासन एवं जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है जो जनता के विश्वास को और मजबूत करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे इसी समर्पण और ऊर्जा के साथ संगठन को मजबूत बनाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र ढेला समेत पवन दरम्वाल व्यापार मंडल अध्यक्ष, कृष्णानंद शास्त्री व्यास, देवेंद्र बिष्ट, विनय कार्की युवा मोर्चा महामंत्री तथा बूथ अध्यक्ष अभिषेक जोशी व सुरेश ढेला उपस्थित रहे।

# अर्बन हेल्थ सेंटर का होगा विस्तार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** जिले के सीएमओ डा. हरीश चंद्र पंत के निर्देश पर मंगलवार को नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला चिकित्सालय सभागार में अर्बन हेल्थ सेंटर के विस्तार को लेकर आशा तथा एएनएम की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा द्वारा आशाओं तथा एएनएम को जानकारी देते हुए कहा कि नैनीताल जिले में शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से लगातार टीमों द्वारा घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी के साथ अस्पताल पर प्रसव होने पर मिलने वाली सुविधाओं जननी सुरक्षा योजना, ईजा बोई, परिवार कल्याण योजना के साथ साथ संचारी एव गैर संचारी रोगों से बचाव की जानकारी लगातार दी जा रही है एवं घर पर प्रसव होने पर उच्च जोखिम के बारे में बताया जा रहा है। कहा कि प्रसव अस्पताल पर करने के लिऐ गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को प्रेरित करें। राघवेंद्र रावत अर्बन सिटी मेजर तथा सरयू नंदन जोशी कम्युनिटी मोबाइलेजर द्वारा टीवी मुक्त अभियान के तहत चल रही योजना 100 डे के तहत वार्डों में जाकर लोगों को प्रेरित करें कि अधिक से अधिक संख्या में एक्सरे व बलगम की जांच अवश्य कराएं। बैठक में दीवान सिंह बिष्ट जिला आईईसी अधिकारी द्वारा उपस्थित आशा तथा एएनएम से कहा की अपने अपने क्षेत्रों पर विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनमानस को अवश्य दें। हेम जलाल जिला कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम ने कहा कि 7 मई को समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के साथ-साथ आंगनबाड़ियों में आयोजित होने वाले कृमि मुक्ति दिवस के विषय में बताते हुए कहा गया कि एक व दो वर्ष के बच्चों को आधी गोली एल्बेंडाजोल और तीन वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गली एल्बेंडाजोल की दी जानी है जो बच्चे 7 मई को छूट जाते हैं उन बच्चों को माप अप डे 14 मई को यह गोलियां स्कूलों और आंगनबाड़ी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। ईमलेश गुप्ता द्वारा बताया की अंतरा इंजेकशन महिलाओं के लिए एक प्रभावी 3 महीने का गर्भनिरोधक इंजेक्शन है जो अनचाहे गर्भ से सुरक्षा प्रदान करता है और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध है। यह स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए सुरक्षित है और दो बच्चों के बीच अंतर रखने का एक भरोसेमंद तरीका है। बैठक में राघवेंद्र रावत अर्बन सिटी मैनेजर, सरयू नंदन जोशी कम्युनिटी मोबाइलेजर तथा बसंती ब्लॉक कोअर्क्डडिनेटर उपस्थित रहे।



# स्व अध्ययन की बारीकियां समझाई



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी द्वारा मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के जीबी पंत पुस्तकालय डीएसबी परिसर नैनीताल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित पाठ्य पुस्तकों का छात्र-छात्राओं को निशुल्क वितरण किया गया। बता दें कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री सुलभ कराना है ताकि वे अपनी परीक्षाओं की तैयारी बेहतर ढंग से कर सकें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के जीबी पंत पुस्तकालय विभाग के प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष डा. युगल जोशी, अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. नीलू लोधियाल और परिसर के प्राध्यापकों के साथ उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद लोहनी समेत रेखा बिष्ट सहायक क्षेत्रीय निदेशक, मधु डोगरा, अजय आर्या, पुस्तकालय विभाग के प्रशासनिक अधिकारी रीता लोहनी, मुन्नी जोशी, मीनू साह, विनोद वैद्य, हिमांशु, हितेश, नवीन पाठक उपस्थित रहे जिन्होंने छात्रों को पुस्तकों के महत्व और स्व अध्ययन की बारीकियों के बारे में जानकारी दी।

# दिल्ली ने चेन्नई को 156 रन का टारगेट दिया

### दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 और स्टब्स ने 38 रन बनाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 156 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन की पारी खेली। उनके अलावा, ट्रिस्टन स्टब्स 38, पथुम निसांका 19, नीतीश राणा 15, आशुतोष शर्मा 14, करुण नायर 13 और केएल राहुल 12 रन बनाए। चेन्नई की ओर से नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। आशुतोष शर्मा शानदार खेलने के बाद रन आउट हो गए। उन्होंने सिर्फ 5 गेंदों में 14



दिल्ली। चेन्नई के खिलाफ दिल्ली के बल्लेबाज समीर रिजवी व स्टब्स रन लेते हुए।

रन बनाए, जिसमें 2 छक्के शामिल रहे। गायकवाड ने मिड-आन से तेजी दिखाते हुए सीधा थ्रो किया और अशुतोष क्रीज से काफी दूर रह गए। जैमी ओवरटन ने आखिरकार स्टब्स की अहम पारी का अंत कर दिया। पुल शाट खेलने की कोशिश में स्टब्स गेंद को सही टाइम नहीं कर सके और डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े मुकेश चौधरी ने आसान कैच लपक लिया।

स्टब्स 38 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ उनकी और रिजवी के बीच 65 रन की साझेदारी भी टूट गई। 18वें ओवर में समीर रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अंशुल कंबोज के ओवर में दो शानदार छक्के जड़ दिए। ओवर से कुल 14 रन आए और दिल्ली का स्कोर 130/5 पहुंच गया। 16वें ओवर में समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मुकेश चौधरी के ओवर से 12 रन आए, जिसमें रिजवी ने शानदार छक्का लगाया। इसी ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा भी पार किया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए है। गुर. जनप्रीत अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर अक्षर बैकफुट ड्राइव खेलना चाहते थे,

लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और कवर पर खड़े अकील हुसैं ने आसान कैच पकड़ लिया। नूर ने 10वें ओवर में एक और सफलता हासिल करते हुए नीतीश राणा को 15 रन पर पवेलियन भेज दिया। राणा ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधा बाउंड्री पर खड़े कार्तिक शर्मा के हाथों में चली गई। आउट होने के बाद निराश नीतीश राणा। नूर अहमद ने अपने पहले ही ओवर में करुण नायर को आउट कर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। लेग स्टंप के बाहर मिली आसान गेंद पर नायर ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधे शार्ट फाइन लेग पर खड़े गुरजनप्रीत सिंह के हाथों में चली गई। करुण 13 रन बनाकर लौटे। अकील हुसैन ने दिल्ली को बड़ा झटका देते हुए केएल राहुल को 12 रन पर आउट किया।

# आईसीसी आचार संहिता तोड़ने पर निगार सुल्ताना को फटकार

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी को शनिवार को सिलहट में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई है।

निगार को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटंग का गलत इस्तेमाल करने से संबंधित है। इसके अलावा, निगार के अनुशा सनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है, पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध था। यह घटना तब हुई जब बांग्लादेश बल्लेबाजी कर रहा था और आउट होने के बाद, निगार ने मैदान से बाहर जाते समय अपना बल्ला जमीन पर फेंक दिया। निगार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल की सुप्रिया रानी दास द्वारा प्रस्तावित सजा को भी मान लिया, इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदान पर मौजूद अंपायर एलोइस शेरिडन और शथीरा जाकिर जेसी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना और चौथे अंपायर चंपा चकमा ने यह आरोप लगाया था। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम आधिकारिक फटकार, ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट पॉइंट की सजा दी जाती है।

**खेल विशेष**

## स्कीट निशानेबाज फाइनल से चूके

**नई दिल्ली, वार्ता।** कजाखस्तान के अल्माटी स्थित आसानोव शूटिंग क्लब में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप शॉटगन में भारतीय स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला दोनों वर्गों में फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। ओलंपियन मैराज अहमद खान और राइजा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे बेहतर स्थान पर रहे। मैराज, जिन्होंने पहले दिन 75 में से 71 का स्कोर करते हुए 26वें स्थान से दूसरे दिन की शुरुआत की थी, ने अंतिम दो सीरीज में 23 और 25 का स्कोर किया और कुल 119 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन चरण का समापन 18वें स्थान पर किया। रैंकिंग अंक के लिए खेल रहे भावतेग सिंह गिल 119 (24, 24, 23, 24, 24) के स्कोर के साथ मैराज से एक स्थान नीचे 19वें स्थान पर रहे।

## फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स को दो विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में मंगलवार को दो विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने 29-2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। करण सोनी ने 35(59) और हरीश बडाना ने 33(24) रन की पारी खेली। वहीं, फेंड्स क्रिकेट क्लब के गेंदबाज ऋति मेहता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 5 विकेट लिए और प्रद्युमन ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने अंकित बिट 32(21) और आर्य सिंह 27(15) की मदद से 22 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए और मैच दो विकेट से जीत लिया।

## मुंबई कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी: गावस्कर

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने टाटा आईपीएल 2026 के मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। उन्होंने 229 रनों के विशाल लक्ष्य का शानदार ढंग से पीछा किया। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एलएसजी के खिलाफ रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की और कहा कि अगर रोहित इसी फॉर्म में खेलते रहे, तो मुंबई इंडियंस कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी। गावस्कर ने कहा कि मैं पिछले एक साल से रोहित शर्मा को बहुत करीब से देख रहा हूं। जब से उन्हें व्हाइट-बॉल क्रिकेट और आईपीएल में कप्तानी से हटाया गया है, तब से उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रन बनाए।

# पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को पहले वनडे में हराया

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने जबरदस्त टीम परफॉर्मेंस दिखाते हुए जम्बिाब्वे को पहले वनडे में 168 रनों से हरा दिया। यह मैच चल रही आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है। चार खिलाड़ियों ने हाफ-सेंचुरी बनाईं।

जम्बिाब्वे की कप्तान नोमवेलो सिबांडा ने पाकिस्तान को पहले बैटिंग करने के लिए बुलाया, जिसके बाद पाकिस्तान ने 330/5 का स्कोर बनाया। सोमवार को बैटिंग ऑर्डर में सबसे ऊपर आकर सदाफ शमास ने 98 रनों की शानदार पारी खेली। सिदरा अमीन (67), नजीहा अल्वी (56 नॉट आउट) और गुल फिरोजा (50) ने भी हाफ-सेंचुरी बनाकर टीम में योगदान दिया। अल्वी ने महिला वनडे में किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया, उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में यह कारनामा कर दिखाया। आईसीसी के अनुसार, शमास और फिरोजा के बीच 162 रनों की ओपलनग पार्टनरशिप महिला वनडे में पाकिस्तान के लिए किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप थी। वहीं, रनों के लिहाज से यह टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। जवाब में, जम्बिाब्वे की तरफ से सिर्फ बेलव्ड बिजा (53) ही अकेले डटी रहीं। लेकिन पाकिस्तान की गेंदबाजों ने - जिनकी अगुवाई कप्तान फातिमा सना (2/28) ने बेहत. रीन ढंग से की - यह पक्का कर दिया कि मेहमान टीम रनों का पीछा करते हुए लक्ष्य से काफी पीछे रह जाए। यह पाकिस्तान के लिए एक अच्छा संकेत है, क्योंकि 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है। पाकिस्तान को ग्रुप 1 में रखा गया है और उसे ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड्स और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच खेलने हैं। जम्बिाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के अगले दो मैच बुधवार और शनिवार को कराची में खेले जाएंगे। इसके बाद, टी20 वर्ल्ड कप से पहले, पाकिस्तान इसी टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा।

# चीन ने थॉमस कप और दक्षिण कोरिया ने उबेर कप जीता

**हॉर्सेंस (डेनमार्क), वार्ता।** रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने पिछले तीन टूर्नामेंट में अपना दूसरा उबेर कप खिताब जीता। रविवार को डेनमार्क के हॉर्सेंस में हुए मुक. ाबले में उन्होंने पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को 3-1 से हराया।

हालांकि, चीनी पुरु टीम फांस के खिलाफ अपने चैंपियनशिप मुकाबले में जीत हासिल करने में सफल रही। उन्हें इसी स्कोरलाइन (3-1) से जीतने के लिए लगभग साढ़े चार घंटे का समय लगा। यह इस टूर्नामेंट के 34वें संस्करण में चीन की लगातार दूसरी (2024 के बाद) और कुल मिलाकर 13वीं जीत थी। वोंग होंग यांग और शी यू क्यूई द्वारा मशहूर फांसीसी पोपोव भाइयों पर सिंगल्स में जीत हासिल करने के बाद, ही जी टिंग और रेन जियांग यू ने डबल्स मुकाबले में



एलोई एडम और लियो रॉसी को 21-13, 21-16 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पहले, कोरिया की बेक हा ना और किम हे जियोंग ने जिया ई फैन और झांग शू जियान को 16-21, 21-10, 21-13 से हराकर उबेर कप में जीत हासिल की। इस जीत के बाद कोरियाई टीम जश्न मनाते हुए कोर्ट पर दौड़ पड़ी। रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने अब 2010, 2022 और 2026 में उबेर कप जीता है। चीन अपना रिकॉर्ड 17वां टीम खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा था, क्योंकि 1988 से अब तक हुए सात चैंपियनशिप मुक. ाबलों में उसने कोरियाई टीम को हराया था।

# हेड, क्लासेन और किशन पर भारी पड़े हैं: अर्शदीप

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और पंजाब किंग्स के बीच इस सीजन का 49वां मुकाबला खेला जाएगा। एसआरएच ने अभी तक 10 मैच खेले हैं जिसमें से उन्हें छह मैचों में जीत मिली है और चार मुक. ाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। टीम 12 अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है। वहीं पंजाब ने अभी तक नौ में से छह मैच जीते हैं,

और 13 अंकों के साथ अंक तालिका में टॉप पर हैं। हालांकि वह दो लगातार मैच हारकर आ रहे हैं। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच अभी तक कुल 25 मैच हुए हैं जिसमें से एसआरएच ने 17 और पंजाब ने केवल आठ ही मैच जीते हैं। सिक्स हिटर्स की होगी जंग इस मैच में छक्कों की बरसात हो सकती है। इसकी वजह यह है कि दोनों ही टीमों में लंबे-लंबे छक्के लगाने वाले बल्लेबाज मौजूद हैं। अगर एसआरएच की बात करें तो उनके पास अभोक शर्मा हैं जिन्होंने इस सीजन अभी तक दूसरे सबसे ज्यादा (32) छक्के लगाए हैं।

इशान किशन 18 और हेनरिक क्लासेन 19 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। ट्रेविस हेड भी फॉर्म में आ चुके हैं। दूसरी तरफ अगर पंजाब की बात करें तो उनके पास भी सिक्स हिटर्स की फौज है। प्रियांश आर्य अभी तक इस सीजन 26 छक्के लगा चुके हैं और कुल 51 छक्के आईपीएल में लगाए हैं। प्रभसिमरन सिंह भी आईपीएल 2025 से लेकर अभी तक 47 छक्के लगा चुके हैं। श्रेयस अय्यर भी 22 छक्के इस सीजन जड़ चुके हैं। कूपर कॉनली भी पीछे नहीं रहे हैं और 18 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। अर्शदीप के पास हेड, क्लासेन और किशन का तोड़ एसआरएच के लिए टॉप ऑर्डर में हेड और किशन ने धुआंधार बल्लेबाजी की है। वहीं मिडिल ऑर्डर में क्लासेन का बल्ला जमकर बोला है। क्लासेन अगर चलते हैं तो फिर मैच जिताकर ही लौटते हैं। हालांकि पंजाब के पास अर्शदीप सिंह के रूप में इन सबका तोड़ है। अर्शदीप ने हेड को तीन बार और किशन को चार बार आउट किया है। वहीं क्लासेन के खिलाफ जहां तक रिकॉर्ड का सवाल है तो उनको टी20 की सात पारियों में तीन बार पवेलियन भेजा है।

# बेंगलुरु में आईपीएल फाइनल की मेजबानी पर छाया संकट

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के आईपीएल 2026 फाइनल की मेजबानी करने के मौकों पर गंभीर संकट आ गया है। विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बढ़ने के बाद बीसीसीआई अब इस बड़े मैच को किसी दूसरे शहर में शिफ्ट करने के विकल्प पर विचार कर रहा है।

सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह विवाद, जो कर्नाटक के विधायकों की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए मुफ्त वीआईपी टिकटों की मांग के तौर पर शुरू हुआ था, अब एक राजनी. तिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गया है। इस विवाद के बढ़ने की वजह 'वीआईपी कल्चर', विशो बर्ताव और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) पर कथित दबाव को लेकर हो रही आलोचना है। बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि प्लेऑफ मैच पंजाब और कर्नाटक के बीच बांटे जाने की संभावना है, जो कि मौजूदा चैंपियन के फाइनल की मेजबानी करने की परंपरा के मुताबिक होगा। हालांकि, बेंगलुरु में इंतजामों को लेकर बनी अनिश्चितता ने बोर्ड की योजनाओं को मुश्किल में डाल दिया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अगर यह मुद्दा हल नहीं होता है, तो आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से बाहर शिफ्ट करना पड़ सकता है। यह विवाद आईपीएल 2026 के पहले मैच से ठीक पहले शुरू हुआ था। यह मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच होना था।

**संबंध विच्छेद/बेदखली**

हमारी पुत्री मुस्कान ने हमारे व परिवार वालों के विरूद्ध जाकर अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है। जिसके चलते हमने व हमारे परिवार ने मुस्कान से अपने संबंध विच्छेद कर तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य/लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**जमील अहमद** व **आसिया** पत्नी जमील अहमद, निवासी: 295, टनकपुर रोड, वार्ड नं. 4, (वर्तमान वार्ड नं0 15) तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल।

**कार्यालय अधिकारी अभियन्ता**
**लघुडाल खण्ड, पिथौरागढ़**

पत्रांक : सी–112/लडाखपि/निविदा/2026–2027 दिनांक : 04/05/2026

आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 01/लडाखपि/2026–27 दिनांक–04.05.2026

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहर बन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 18.05.2026 को अपराह्न 1:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष अधिशासी अभियंता, लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी। यह निविदायें दिनांक 04.05.2026 से दिनांक 16.05.2026 को अपराह्न 04.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमाकर अधिशाासी अभियन्ता, लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं, तथा निविदायें दिनाक 04.05.2026 से दिनांक 18.05.2026 (कार्य दिवस) को अपराह्प 12:30 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़ में जमा की जायेगी। यह निविदायें सील्ड कवर में भेजी जायेंगी विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेंगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में निविदा सूचना संख्या व लॉट संख्या अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचतपत्र, डी0डी0 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, लघुडाल खण्ड, पिथौरागढ़ के नाम से बन्धक बनाकर लिफाफे में रखी जायेंगी, लिफाफे पर स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा।बिना धरोहर धनराशि जमा किये सषर्त निविदायें मान्य नही होंगी। कार्य की मात्रा अनुबन्ध गठित करते समय घटाई–बढ़ाई जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदाप्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉनज्यूडिशियल स्टाम्पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट चस्पा करते हुये दरों की वैधता तीन माह अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत निविदादाता की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड गरूड में जिला योजना मद के अन्तर्गत मन्यूड़ा माफी लिफ्ट सिचाई योजना में पम्प गृह एवं सक्शन टैंक का नव–निर्माण कार्य। | 21100.00 | 1500.00+270-00 | 03 माह | सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सिविल कार्य हेतु श्रेणी डी एंव उच्चतर में पंजीकृत |
| 2 | जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड गरूड में जिला योजना मद के अन्तर्गत नौघर लिफ्ट सिचाई योजना में पम्प गृह एवं सक्शन टैंक का नव–निर्माण कार्य। | 22300.00 | 1500.00+270-00 | 03 माह | सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सिविल कार्य हेतु श्रेणी डी एंव उच्चतर में पंजीकृत |
| 3 | जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट में जिला योजना मद के अन्तर्गत सीमा लिफ्ट सिचाई योजना में पम्प गृह एवं सक्शन टैंक आदि का नव–निर्माण कार्य। | 22300.00 | 1500.00+270-00 | 03 माह | सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सिविल कार्य हेतु श्रेणी डी एंव उच्चतर में पंजीकृत |
| 4 | जनपद बागेष्वर के विकासखण्ड बागेश्वर में जिला योजना मद (एस0सी0पी0) के अन्तर्गत न्यू डुंगरी लिफ्ट सिचाई योजना में पम्प गृह एवं सक्शन टैंक आदि का नव–निर्माण कार्य। | 20800.00 | 1500.00+270-00 | 03 माह | सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सिविल कार्य हेतु श्रेणी डी एंव उच्चतर में पंजीकृत |
| 5 | जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट में जिला योजना मद (एस0सी0पी0) के अन्तर्गत चचई लिफ्ट सिचाई योजना में पम्प गृह एवं सक्शन टैंक, वीसीबी रूम आदि का पुर्न–निर्माण कार्य। | 29600.00 | 1500.00+270-00 | 03 माह | सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सिविल कार्य हेतु श्रेणी डी एंव उच्चतर में पंजीकृत |

नोटः– अन्य शर्ते व विशिष्टियाँ निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी।
जी0एस0टी0 नियामनुसार अतिरिक्त देय होगी।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**लघु डाल खण्ड, पिथौरागढ़।**

# पूर्व राज्यमंत्री मनोहर लाल शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर उमड़ा जन समूह

## कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व प्रदीप बतरा ने बीएसएम इंटर कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में किए पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर जन समूह उमडा। बीएसएम इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व प्रदीप बतरा ने भी पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित की। तो उनके परिवारजन रिश्तेदार व अनेक राजनीतिक सामाजिक नेताओं कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि सभा में पंहुच कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्तिशेष मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सामजिक व राजनीतिक सेवा की बाबत उन्हें याद किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा द्वारा शिक्षा और समाजिक क्षेत्र में किए गए कार्य एक मिसाल है। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए ताकि हम भी किसी के काम आकर अपने जीवन को साकार कर सकें। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल शर्मा सर्व धर्म समाज की एकता के लिए जिदंगी भर काम करते रहे वह हर समाज में आज भी लगातार याद किये जाते हैं ओर उन्होंने सभी समाज के लिए ईमानदारी से सेवा की सभी के सुख दुख में खडे रहे ओर शिक्षा के जरिये उन्होंने समाज की जो सेवा की है उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता।

कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा ने अपना जीवन समाज को समर्पित रखा आज उनके सानिध्य में शिक्षित किए गए बच्चे देश ही नहीं बल्कि दुनिया में शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। बीएसएम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ममतेश शर्मा एवं सचिव रजनीश शर्मा ने कहा कि वह और उनका परिवार सदैव उनके पदचिह्नों पर कार्य करते हुए अपना जीवन समाज को समर्पित करने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मेयर अनीता अग्रवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह, पूर्व गृह मंत्री यूपी रामसिंह सैनी, पूर्व सांसद राजेंद्र बॉडी,अजय कौशिक, पंडित सुबोध शर्मा, रमेश सेमवाल, राम सिंह सैनी ल,ईश्वर लाल शास्त्री, प्रमोद जोहर,सौरभ भूषण शर्मा, नरेश शर्मा, अमित शर्मा, मोहम्मद अहसान,अवनीश शर्मा, जेपी शर्मा,राजीव भारद्वाज, संजीव शर्मा, विकास धीमान, अश्वनी भारद्वाज, प्रभात गोयल, ललित मोहन अग्रवाल, नरेश कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार,रीना अग्रवाल,अमित चौधरी, तारीक खान,सुभाष सरीन, अक्षय प्रताप सिंह,अजय अग्रवाल, पीयूष ठाकुर,हरविंदर सिंह, अंबर भाटिया,नीरज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


कार्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते बीएसएम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन उनके बडे पुत्र ममतेश शर्मा एडवोकेट


कार्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक व साथ में ममतेश शर्मा एडवाकेट व रजनीश शर्मा एडवोकेट आदि


कार्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते कैबिनेट मंत्री प्रदीप बतरा आदि


कार्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभा में पहुंचा जन समूह


कार्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे डीसीबी पूर्व चेयरमैन चौधरी सुरेंद्र सिंह साथ में बीएसएम शिक्षण संस्थान सचिव रजनीश शर्मा, संजीव शर्मा आदि।


कार्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंची उनकी पुत्री व अन्य रिश्तेदार।


कार्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते उनके पौत्र देवांश प्रताप गौतम आदि।


कार्तिशेष पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंची महिलाएं।

## गंगनहर में डूबते युवक को गोताखोरों ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** गंगनहर के घाट पर स्नान के दौरान एक युवक का पैर फिसलने से वह तेज बहाव में बहकर डूबने लगा। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों, गोताखोरों और स्थानीय लोगों की सतर्कता से उसकी जान बचा ली गई। जानकारी के अनुसार वासिफ निवासी नगला बुजुर्ग, थाना भोपा मोरना (मुजफ्फरनगर) अपने परिवार के साथ साबिर पाक की जियारत करने पिरान कलियर आया था। जियारत के बाद वह गंगनहर के घाट पर स्नान कर रहा था। इसी दौरान उसका हाथ घाट पर लगी चेन से छूट गया और वह तेज बहाव में बहने लगा।युवक को बहता देख घाट पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों, गोताखोरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत शोर मचाया और बिना देर किए गंगनहर में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। युवक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

## लक्सर तहसील दिवस में एडीएम ने सुनी जन्म समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें एडीएम हरिद्वार ने लोगों की जन समस्याएं सुनी है वैभव गुप्ता एडीएम हरिद्वार ने बताया कि आज तहसील दिवस में करीब 70 शिकायत आई है जिसमे 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है उन्होंने कहा ज्यादातर शिकायत जमीन की पैमाइश की आई है उन्होंने कहा सभी शिकायत संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है उन्होंने यह भी कहा कि एक रजिस्टर भी बना दिया गया है उसमें सभी से शिकायत का निस्तारण करने की बात कही गई है उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई संबंधित अधिकारी शिकायत निस्तारण के बारे में लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में जाएगी

## रुड़की में फिर गूंजी गोलियों की आवाज मंडी मार्केट बना जंग का मैदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की शहर एक बार फिर दहशत के साये में है। मामूली कहासुनी ने ऐसा खूनी रूप लिया कि देखते ही देखते मंडी मार्केट रणभूमि में तब्दील हो गया। लाठी-डंडों की मारपीट के बाद ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग ने इलाके की हवा में डर घोल दिया। लगातार दूसरे दिन हुई गोलीबारी की इस घटना ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर चुंगी स्थित मंडी मार्केट में भारतीय किसान यूनियन (तोमर) से जुड़े नेता तालिब के पुत्र की बिजली की दुकान पर कुछ लोगों के साथ मामूली विवाद हुआ। शुरुआत में कहासुनी तक सीमित यह मामला अचानक हिंसा में बदल गया। आरोप है कि विरोधी पक्ष के लोगों ने युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर यहीं नहीं रुकेख्रमारपीट के बाद उन्होंने ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग कर दी। गोलियों की गूंज से पूरे इलाके में भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए और कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। हालांकि, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही गंगनहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने बताया कि दो पक्षों के बीच विवाद और फायरिंग की सूचना मिली है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र प्रदीप हमारे कहने सुनने मे नही है इसलिए प्रदीप को में अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में प्रदीप के अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी व प्रार्थी की पुत्री के ससुराल पक्ष के किसी भी व्यक्ति का कोई लेना देना नही होगा। **सुधीर कुमार पुत्र अजमेर सिंह नि. अलावालपुर थाना तहसील भगवानपुर हरिद्वार।**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अनंत के जन्म प्रमाण पत्र संख्या बी:2023: 5-90069-006195 में जन्म तिथि 27.07.2023 अंकित दर्ज है जो नाम गलत है। जबकि उसका सही नाम माधवन शर्मा है। इसलिए मेरे पुत्र का नाम माधवन शर्मा दर्ज किया जाये। **विवेक कपिल पुत्र सुनील दत्त शर्मा नि. श्यामनगर गली नं. 7 सुनहरा तह. रूडकी हरिद्वार।**

## गिफ्ट गोदाम में लगी भीषण आग, लपटों से दहला इलाका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अम्बर तालाब क्षेत्र में रविवार शाम एक बड़ी दुर्घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। नेहरू स्टेडियम के पीछे स्थित "विन्नी गिफ्ट सेंटर" के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई, जिसने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं और क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सबसे पहले गोदाम से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद देखते ही देखते पूरा गोदाम आग की चपेट में आ गया। अंदर रखा सजावटी और ज्वलनशील सामान आग को और भड़काता चला गया, जिससे हालात तेजी से बिगड़ते गए। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन नेहरू स्टेडियम के पीछे की संकरी गलियों ने राहत कार्य में बड़ी बाधा खड़ी कर दी। दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मंगलौर और भगवानपुर से भी अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए। गोदाम रिहायशी इलाके में होने के कारण आसपास के मकानों में आग फैलने का खतरा भी बढ़ गया। घबराए स्थानीय लोग अपने घरों से जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों की ओर जाते नजर आए। पूरे क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बना रहा। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। राहत की बात यह रही कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है, लेकिन भारी आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और हालात पर नजर बनाए हुए हैं। दमकल विभाग लगातार आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटा हुआ हैं।

## एनसीसी कैडेट्स को वितरित की गई सीएम गोल्ड मैडल व छात्रवृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा द्वारा ले0 कर्नल अमन कुमार सिंह, कार्यवाहक कमान अधिकारी की उपस्थिति में एनसीसी कैडेट्स को छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। आज वितरित की गई छात्रवृत्ति में मुख्यत: माननीय मुख्यमंत्री छात्रवृति, कैडेट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति व बेस्ट कैडेट अवार्ड शामिल थे। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा द्वारा बीएमएम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुड़की के यूओ अनंत चौहान को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति धनराशि 1200.00, आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर रुड़की के कैडेट यशोवर्धन पंवार को 1200.00 व कैडेट दीप्ति को 600.00 का चेक देकर सम्मानित किया। इसी श्रृंखला में आर्मी पब्लिक स्कूल, रुड़की के कैडेट आदित्य पॉल को जे0डी0 बेस्ट कैडेट अवार्ड हेतु धनराशि 4500.00 व कैडेट काशवी कालरा को जे0डब्ल्यू0 सेकंड बेस्ट कैडेट हेतु धनराशि 3500.00 का चेक देकर पुरस्कृत किया गया । इससे अतिरिक्त आज बटालियन में कैडेट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति 6000.00 प्रति कैडेट से पाँच कैडेट्स को सम्मानित किया गया जिसमे सेंट ऐंस सिनियर सेकेंडरी स्कूल, रुड़की की कैडेट एकांशी गोयल व कैडेट शिवांगी शर्मा और आर्मी पब्लिक स्कूल नो 1, रुड़की के कैडेट अनमोल सिंह, कैडेट साहिल बिष्ट व कैडेट वैष्णवी बेहेरा रहे । इस अवसर पर कमान अधिकारी द्वारा कैडेट्स को उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया गया व उन्हें सेना में जाकर उत्तम कैरियर बनाने हेतु मार्गदर्शित किया गया । आज छात्रवृत्ति वितरण समारोह में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कु लता कंबोज, कैप्टन विशाल शर्मा, सेकंड ऑफिसर सुनीता नौटियाल, सीटीओ शाहिना, सूबेदार सुभाष चंद्रा, सूबेदार पंकज पाल, विमल कुमार, रोहित डिमरी, अनुज गिरी, सुनील भाई, राजवीर, सुभाष, लोकेंद्र असवाल, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।



## बसपा कार्यालय पर पहुंची सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने शहजाद विधायक का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** विधानसभा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का पक्ष विधानसभा में रखने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बसपा कार्यालय पर जाकर लक्सर विधायक का आभार जताया है अंजू रानी आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि हम पूरे प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों अपनी मांगों को लेकर लगातार करीब दो माह से धरना प्रदर्शन कर रहे थे हमें सरकार के मुखिया से मिलने का भी किसी ने वक्त नहीं दिया हम सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के कार्यालय पर पहुंचे और उनके सामने अपनी समस्या रखी हमारी समस्या को गंभीरता से लेते हुए लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने विधानसभा में जोर-शोर से रखा उन्होंने कहा जिस तरह से पूरे प्रदेश में किसी और पार्टी के विधायकों ने भी हमारी मांग को विधानसभा में नहीं रखा केवल लक्सर बसपा के विधायक मोहम्मद शहजाद ने हमारा पक्ष विधानसभा में रखा उन्होंने कहा सुनने में आया है की सरकार 140 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ा रही है उन्होंने कहा जिस वक्त यह जियो जारी हो जाएगा उस वक्त हमारी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद को सम्मानित किया जाएगा लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि सरकार महिलाओं की बात को सही तरीके से नहीं तवज्जो दे रही है उन्होंने कहा जब सरकार लोकसभा में महिलाओं के लिए बिलला रही है तो यह भी तो महिला उसी केटेगरी में आती है इनका भी तो हमें सम्मान करना चाहिए उन्होंने कहा चलो कुछ तो सरकार के द्वारा बढ़ाया गया आगे फिर हमारी लड़ाई जारी रहेगी हम महिलाओं के सम्मान में हर वक्त इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे



# ममता का रौद्र रूप

यूं तो सोमवार को हुई मतगणना में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम सामने आ चुके हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल का मामला अभूतपूर्व दिखाई दे रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री के पद पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन चुनाव नतीजों को मानने से इन्कार कर दिया है और साफ कह दिया है कि वह इस्तीफा नहीं देने जा रही हैं। भारत के इतिहास में संभवत: पहली बार ऐसा देखने में आ रहा है जब किसी राज्य का मुख्यमंत्री हारने के बाद अपना इस्तीफा देने से इन्कार कर रहा है। मंगलवार को ममता ने साफ कहा कि वह हारी नहीं हैं बल्कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है। इसलिए मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, उन्होंने यह भी कहा कि वह राजभवन नहीं जाएंगी। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सीधे निशाना साधा और कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग ही असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर सौ सीटें लूटी हैं। उन्होंने चेतावनीभरे लहजे में कहा कि अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं, सड़कों पर रहूंगी, कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकर्ताओं ने काउंटर सेंटरों पर कब्जा कर लिया था और खुद उनके साथ बदसलूकी की। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटों पर जीत दर्ज की है और 80 सीटें टीएमसी के खाते में गई हैं। भाजपा नौ मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चुनाव के समय से ही बंगाल से जिस तरह की खबरें आ रही हैं, वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक दिखाई नहीं दे रही थी। ममता बनर्जी नहीं बल्कि तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग को लेकर जरा भी सहज दिखाई नहीं दिए और उन्हें लगता रहा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। ये आरोप कितने सही हैं, यह बात अपनी जगह पर, लेकिन यह तो कहना ही पड़ेगा कि चुनाव आयोग ने भी अपनी तरफ से इस तरह का वातावरण नहीं बनाया जिससे उस पर लगे आरोपों की धार कुंद हो। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी कराए और उस पर सत्ता और विपक्ष दोनों का ही विश्वास बना रहे, लेकिन पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि विपक्ष खुलकर चुनाव आयोग पर एक पक्षीय फैसले लेने का आरोप लगा रहा है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना होगा, लेकिन जहां तक बात ममता के इस्तीफे की है, इस तरह का टकराव भी लोकतंत्र के हित में नहीं है। इससे जनता में गलत संदेश जाता है। वैसे भी टकराव विचारों का होना चाहिए न कि निजी रूप से। ममता बनर्जी सीधे पीएम मोदी और अमित शाह को निशाने पर ले रही हैं। जिस तरह बंगाल से हिंसा की खबरें आ रही हैं वह तो और भी चिंता पैदा करती हैं।

# इंडिया गठबंधन का अस्तित्व राहुल गांधी और अखिलेश की कार्य योजना पर निर्भर



एम. हसन



पश्चिम बंगाल में टीएमसी की ममता बनर्जी और तमिलनाडु में डीएमके के एम।के। स्टालिन की चुनावी हार ने इंडिया गठबंधन के लिए एक विचित्र स्थिति पैदा कर दी है और कुछ राजनी. तिक विशेषज्ञों ने तो इसकी मृत्यु की घोषणा भी कर दी है। गठबंधन को पहले ही बिहार और महाराष्ट्र में बड़े झटके लग चुके हैं, जहां आरजेडी के तेजस्वी यादव और एनसीपी के शरद पवार को क्रमश: चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार, संकट के दौर में भारत गठबंधन को संभालने की भारी जिम्मेदारी काफी हद तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आ गई है।

इसी कारण, संभावित संकट को भांपते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज पार्टी के भीतर ममता बनर्जी की आलोचना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। कुछ बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस और अन्य दलों के कुछ लोग टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। गांधी ने आगे कहा, उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए कि असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में एक बड़ा कदम है। छोटी राजनीति को एक तरफ रख दें। यह किसी एक पार्टी या दूसरी पार्टी का मामला नहीं है, यह भारत का मामला है। इसी तरह, अखिलेश यादव ने कोलकाता में ममता बनर्जी के खिलाफ अपनी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा के आलोचनात्मक बयान के बावजूद उनका समर्थन किया है। यादव ने कहा, धोखाधड़ी से मिली जीत हमेशा के लिए नहीं टिकती और उसका जीवनकाल सीमित होता है। नंदा की तुलना में, जिनका समाजवादी पार्टी में योगदान मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में हमेशा विवादास्पद रहा है, अखिलेश यादव ममता बनर्जी के राजनी. तिक महत्व को बेहतर समझते हैं।

लोकसभा में उनके पास अभी भी 29 और राज्यसभा में 13 सांसदों का मजबूत आधार है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद टीएमसी को 41 प्रतिशत मत मिले हैं। स्टालिन की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है, जिनकी डीएमके ने लगभग 25 प्रतिशत मतों के साथ 59 सीटें जीती हैं। डीएमके के लोकसभा में 22 सांसद हैं। टीएमसी और डीएमके दोनों ने पिछले महीने एनडीए के विवादास्पद परिस. ीमन विधेयक को पारित होने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसी खबरें हैं कि एनडीए इन दोनों पार्टियों में फूट डालने की कोशिश कर रहा है ताकि भारत गठबंधन को और कमजोर किया जा सके। इसलिए, 2029 के लोकसभा चुनाव अभी दूर हैं, ऐसे में TMC और DMK की संसदीय शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मतगणना के दौरान राहुल गांधी द्वारा ममता बनर्जी और स्टालिन को किया गया फोन कॉल, INDIA गठबंधन को एकजुट रखने के उद्देश्य से था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी और स्टालिन, INDIA गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस को उसका उचित हिस्सा नहीं देने दिया।

पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने दो सीटें जीती हैं और तमिलनाडु में DMK के साथ गठबंधन में पांच सीटें जीती हैं। केरल में जीत और कर्नाटक एवं तेलंगाना में नियंत्रण हासिल करने के बाद अब कांग्रेस को दक्षिण में मजबूती मिल गई है। ऐसे में, नई गठबंधन सरकार के गठन में विजय की टीवीके पार्टी का समर्थन करना संभव है, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि वह डीएमके के साथ भी संबंध बनाए रखेगी। हालांकि, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को कांग्रेस के साथ घनिष्ठ सहयोग करते हुए अपनी राजनीतिक रणनीति में बदलाव करना होगा। पिछले 24 घंटों में राहुल गांधी के नरम रुख से यह साफ संकेत मिलता है कि वे ममता बनर्जी को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में, जहां 2027 में चुनावी मुकाबला होना है, यादव को अपनी गठबंधन रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा और यह तय करना होगा कि वे कांग्रेस को गौण भूमिका में रखना चाहते हैं या एक सम्मानजनक साझेदारी चाहते हैं। बसपा प्रमुख मायावती के किसी भी गैर-भाजपा गठबंधन में शामिल होने की संभावना न के बराबर है, क्योंकि उन्होंने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इस प्रकार, राहुल गांधी और अखिलेश यादव न केवल संयुक्त रूप से भारत गठबंधन के अस्तित्व की कुंजी रखते हैं, बल्कि वे भारत के सबसे अधिक आबादी वाले और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में अपनी खोई हुई जमीन भी वापस हासिल कर सकते हैं।

## श्रीमुख से...

### चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा चुनाव आयोग



चुनाव आयोग केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा है, पश्चिम बंगाल चुनावों के परिणाम देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिंता का हिस्सा हैं, टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का निडर रक्षक माना जाता था, आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है, देश भले ही विश्वगुरु बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन चुनावी हेराफेरी की कला में जरूर महारत हासिल कर ली है, पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रम इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण हैं।

-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष, पीडीपी

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है

जेलीफिश एक समुद्री अकशेरुकी जीव है जो आम तौर पर अपने छतरी जैसी आकृति से पहचाना जाता है। यह निडेरिया फायलम में कैसियोपिडी कुल में आता है और कैसिओपी जीनस का सदस्य है जिसमें 12 प्रजातियां हैं। देखा जाए तो यह हायड्रा, सी-एनीमोन, कोरल जैसे अन्य जलचर जंत. ुओं का सम्बंधी है। यहां जिस जेलीफिश की बात हो रही है वह उल्टी छतरी जैसा दिखता है। यानी छत्ता जमीन पर और झालर ऊपर।

यह शैवालों के साथ सहजीवी सम्बंध में रहता है। शैवाल प्रकाश संश्लेषण के जरिए भोजन का निर्माण करते हैं। यह शैवाल इसके छाते में बसते हैं और यही कारण है कि यह जेलीफिश छाते को उल्टा रखती हैं ताकि इन शैवालों को भोजन निर्माण के लिए प्रकाश मिलता रहे। जेलीफिश विभिन्न रंगों में मिलती है और यह रंग इन्हें शैवालों की बदौलत ही मिलता है। अब वैज्ञानिकों ने नेचर कम्यूनिकेशन्स में प्रकाशित एक शोध पत्र में बताया है कि जेलीफिश और स्टारलेट सी-एनीमोन में नींद जैसे पैटर्न नजर आते हैं। अक्सर यह मान लिया जाता है कि नींद लेने के लिए दिमाग जरूरी है लेकिन उक्त अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दी है। देखा जाए तो नींद एक जोखिम भरा व्यवहार है - उस दौरान जंतु शिकारियों के प्रति कमजोर हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का विचार है कि यदि फिर भी नींद आती है, तो इसकी कुछ तो लाभदायक भूमिका होनी चाहिए। इस्राइल के शोधकर्ता

**यूवी प्रकाश डीएनए क्षति के लिए जाना जाता है। यूवी के संपर्क में रहने के बाद जेलीफिश सामान्य से ज्यादा देर तक सोती रहीं जबकि उनमें मस्तिष्क नहीं होता। इसी प्रकार से, सी-एनीमोन को ऐसी कीमोथेरपी औषधि दी गई जो डीएनए क्षति करती है। इस उपचार के बाद एसी-एनीमोन 30 प्रतिशत ज्यादा सोए।**

उपरोक्त दो प्रजातियों में इसी की छानबीन कर रहे थे। ये दोनों जंतु उथले लैगून्स के पेंदों में अपने टेन्टेकल्स को लहराते पड़े रहते हैं। टेन्टेकल्स शिकार को पकड़ने का काम करते हैं। इनमें नींद जैसी अवस्था देखी गई थी। यह देखा गया था कि दिन के कई घंटे यह ऊंघते रहते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इन जंतुओं में मस्तिष्क तो छोड़िए, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र भी नहीं होता। इनकी तंत्रिकाएं पूरे शरीर में बिखरी होती हैं। बार-इलान विश्वविद्यालय के लियोर एपलबॉम और उनके साथी देखना चाहते थे कि इनमें नींद का पैटर्न कैसा होता है और नींद की भूमिका क्या है। अपनी प्रयोगशाला में उन्होंने एक एक्वेरियम में कई सारी जेलीफिश रखीं और कई दिनों तक उन्हें 12 घंटे रोशनी और 12 घंटे अंधकार में रखा, यह देखने के लिए कि जेलीफिश इन



अवधियों में कितनी बार अपनी छतरी नुमा तोंद को ऊपर-नीचे करती हैं। यह फूलना-पिचकना इनके जागे होने का एक संकेत है।

प्रयोग में देखा गया कि रात में जेलीफिश कम सक्रिय रहती हैं और अपनी तोंद को प्रति मिनट लगभग पांच बार कम ऊपर-नीचे करती हैं। अब यह देखना था कि क्या इस क्रिया का सम्बंध निद्रावस्था से है। शोधकर्ताओं ने जेलीफिश पर रोशनी चमकाई और देखा कि वे कितनी जल्दी अपनी धड़कन से प्रतिक्रिया देती हैं। किसी ऊंघते मनुष्य के ही समान जेलीफिश ने अंधकार में रोशनी की प्रतिक्रिया देने में 20 सेकंड का टाइम लिया। जबकि दिन में चौकन्नी अवस्था में उन्हें मात्र 10 सेकंड लगते हैं। सी-एनीमोन का पैटर्न इससे उल्टा था। वे रात में सक्रिय रहते हैं और दिन में उनकी हरकतें धीमी रहीं और प्रतिक्रिया अवधि लंबी। अलबत्ता, दोनों ही जंतु दिन की एक-तिहाई अवधि तक सोते रहे। और तो और, सी-एनीमोन के सोने जागने का क्रम उनकी अंदरुनी घड़ी (सर्काडियन क्लॉक) से संचालित था। शोधकर्ताओं ने प्रकाश व अंधकार के क्रम को पलट दिया, तब भी सी-एनीमोन का सोने-जागने का क्रम बरकरार रहा। दूसरी ओर, जेलीफिश में यह क्रम प्रकाश से प्रभावित हुआ-अंधेरे में वे उनींदे रहे और रोशनी में सक्रिय।

यह भी देखा गया कि इन जंतुओं को यदि एक रात की नींद ठीक से न मिले तो उन्हें बाद में ज्यादा आराम की जरूरत होती है, ठीक इंसानों के समान। शोधकर्ताओं ने एक्वेरियम में पानी को 6 घंटे तक उस दौरान मथा जो जेलीफिश के सोने का समय था। इससे उनकी नींद कच्ची रही और बाद में वे सामान्य जेलीफिश की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक समय तक सोते रहे। शोधकर्ताओं ने नींद के साथ छेड़छाड़ का एक तरीका और आजमाया। उन्होंने कुछ एक्वेरियम टंकियों में मेलेटोनिन डाल दिया। मेलेटोनिन एक हॉरमोन है, मनुष्यों में मस्तिष्क जिसका स्राव रात में करता है और यह नींद प्रेरित करता है। मेलेटोनिन का ऐसा ही असर जेलीफिश तथा सी-एनीमोन पर भी हुआ और वे दिन की उस अवधि में ऊंघने लगे जब वे सामान्य तौर पर सक्रिय होते हैं। जाहिर है कि यह दो जंतु नींद का मजा लेते हैं। पूर्व में कई शोधकर्ता दर्शा चुके थे कि मक्खियों, चूहों और मनुष्यों सहित कई प्रजातियों में नींद डीएनए को हुई क्षति को कम करता है। यह क्षति जाग्रत अवस्था में होती रहती है। एपलबॉम का विचार है कि शायद जेलीफिश और सी-एनीमोन में भी ऐसा ही होता है। अपने इस विचार की जांच के लिए उन्होंने एक प्रयोग किया।

# चलो अच्छा हुआ कम्युनिस्टों की विदाई तो हुई



यशोदा श्रीवास्तव

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम की खास बात यह रही कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा के बाद केरलम से कम्युनिस्ट विचारधारा की विदाई हो गई। अजीब संयोग है कि कुछ माह पहले ही नेपाल से भी कम्युनिस्ट विचारधारा का खात्मा हुआ है। और अब भारत से बची-खुची इसके अवशेष अतीत होने के कगार पर है। कम्युनिस्ट विच. ारधारा फिलहाल भारत की राजनीति में सूट नहीं करती बावजूद इसके यह विचार धारा यहां दो चार प्रदेशों में अच्छे से फल-फूल रहा था। भारत और नेपाल दोनों ही इससे प्रभावित होते रहे हैं। फिलहाल अब भारत और इसके पड़ोसी राष्ट्र नेपाल दोनों ही इससे मुक्त हो गए हैं।

एकाध चुनावों में किसी पार्टी के पराजय को उसके समापन की दृष्टि से देखना यद्यपि कि मुनासिब नहीं है लेकिन जब हम कट्टर कम्युनिस्ट राज्य पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा की ओर देखें तो कह सकते हैं कि केरलम भी अब इस विचारधारा की वापसी नामुमकिन नहीं तो मुश्किल जरूर है। पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्ट पार्टियों के बियाबान में पहुंचाने के लिए ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया जाना चाहिए, भले ही वे सत्ता से बेदखल हो गई हों। नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की वाह वाही इसलिए भी खूब हो रही है कि उसने नेपाल जैसे कट्टर कम्युनिस्ट देश से वामपंथ की विदाई कर दी। ममता बनर्जी का राजनीतिक भविष्य क्या होता है,यह कह पाना मुश्किल है लेकिन उन्हें बंगाल से कम्युनिस्टों की विदाई के लिए हमेशा याद किया जाएगा। ममता बनर्जी की राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रही है। कांग्रेस में रहते हुए ही उन्हें बंगाल की शेरनी कहा गया था। उसके बाद जब वे एनडीए का हिस्सा बनीं तो उन्हें आर एस एस के मुख पत्र पांचजन्य के तत्कालीन संपादक तरुण विजय ने भी बंगाल की दुर्गा कहा। अभी कुछ समय पहले दिवंगत हुए भाजपा के बौद्धिक संपदा के धनी राज्य सभा सांसद बलवीर पुंज ने भी भरी संसद में कहा था कि हमारी दीदी ममता जी बंगाल की साक्षात दुर्गा हैं। सन,2001 में रक्षा सौदे में रिश्वत खोरी का बड़ा मामला उजागर होने के बाद उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ लिया था लेकिन उसी वक्त बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा था कि भाजपा अभी भी उनकी प्रमुख स्वाभाविक सहयोगी है। ममता बनर्जी इस चुनाव में भाजपा के हाथों भले ही बुरी तरह पराजित हुई हैं लेकिन कब उनके भीतर भाजपा के प्रति प्रेम उमड़ जाए, यह संभावना खत्म नहीं हुई है। ममता बनर्जी ने 1997 में कांग्रेस तोड़कर मुकुल रॉय के साथ तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। उनका लक्ष्य पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्टों के साथ कांग्रेस को भी खत्म करना था। ममता बनर्जी के इस मुहिम में आरएसएस ने भी ममता बनर्जी को 'बंगाल की दुर्गा' बताते हुए खुलकर उनका साथ दिया। नतीजा 2011 में ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों का सफाया कर अपनी खुद की सरकार बनाने में कामयाब हो गईं। तब से वे चार मई 2026 तक पश्चिम बंगाल की एक मात्र छत्रप बनीं रहीं। भाजपा को भी प्रत्यक्ष रूप से कोई एतराज नहीं था लेकिन अंदर अंदर वह बंगाल जीतने की रणनीति पर काम करती रही जिसमें अब जाकर उसे कामयाबी मिली। ममता बनर्जी बंगाल से कम्युनिस्टों का सफाया करने के बाद भी वे भाजपा से दूर नहीं रहीं। उन्होंने 2019 में एन आर सी और सीएए के खिलाफ बहुत सारे आंदोलन जरूर किए लेकिन जब संसद में इस पर विल लाया गया तो उनके आठ सांसद संसद से गैर हाजिर होकर अप्रत्यक्ष रूप से इस विल के पास होने में मददगार की भूमिका निभाई। इतना ही नहीं 2022 में उपराष्ट्रपति पद के लिए उन्होंने विपक्ष की उम्मीदवार मार्ग्रेट अल्वा के पक्ष में मतदान से साफ इंकार करते हुए सदन में हिस्सा ही नहीं लिया। 2022 में एक कार्यक्रम में उन्होंने आर एस एस की तारीफ में पुल बांधते हुए कहा था कि संघ दुनिया का सबसे सुव्यवस्थित संगठन है। इस तरह देखें तो ममता बनर्जी उन्हीं के हाथों पराजित हुई हैं जिनसे उन्हें रहम की उम्मीद थी। इस बाबत कांग्रेस विधायक विरेंद्र चौधरी की टिप्पणी गौर तलब है कि पश्चिम बंगाल में न कोई जीता है न हारा है,यह सत्ता हस्तांतरण का एक स्वयंबर था जो चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से धूम धड़ाके के साथ संपन्न हुआ, लेकिन यही बात केरलम के लिए भी तो लागू होती है। ठीक है वहां केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका अलग तरह की रही होगी, सत्ता का हस्तांतरण तो वहां भी हुआ। कांग्रेस गठबंधन कोई अपने कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी से तो सत्ता छीनी नहीं है। उसने भी अपने सहयोगी दल को ही पराजित कर सत्ता में वापसी की है। भारत में वामपंथ विचार धारा की जड़ों को देखें तो इसकी शुरुआत केरलम से ही हुई है। यहां 1957 में पहली बार वामपंथ की सरकार बनी। इसके बाद 1977 में पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में कम्युनिस्ट सरकार सत्ता रूढ़ हुई। इन दो प्रदेशों से वामपंथ के खात्मे के बाद केरल ही इनका आखिर किला बचा था,अब वह भी ढह गया। जिस तरह कभी ममता की पसंदीदा पार्टी भाजपा ने ममता बनर्जी को शिकस्त दी ठीक उसी तर्ज पर केरलम में एलडीएफ को अपने ही घटक दल के हाथों मात खानी पड़ी। सवाल यह नहीं कि कम्युनिस्टों का सफाया किसके हाथ हुआ, संतोष यह है कि नेपाल के बाद उसका यह पड़ोसी मित्र राष्ट्र भी कम्युनिस्ट मुक्त हो गया। भारत के बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों में भी हल्का फुल्का कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रभाव था लेकिन वहां पहले ही इससे मुक्ति मिल गई थी। बिहार में अब सिर्फ तीन कम्युनिस्ट विधायक हैं जबकि झारखंड में दो ही हैं। त्रिपुरा जो लंबे समय तक वामपंथ का गढ़ था वहां भी मात्र 11 वामपंथी विधायक हैं। पश्चिम बंगाल में मात्र एक विधायक वामपंथी हैं। हां वामपंथियों का केरलम में अभी कुछ अवशेष जरूर बचा है लेकिन भविष्य में उसके पुनर्विस्तार की संभावना बहुत कम है क्योंकि आने वाले दिनों में यहां भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य मुकाबले की पार्टी होगी। राहुल गांधी कहते हैं कि बंगाल में ममता बनर्जी ने भाजपा के लिए रास्ता खोल दिया है। यह बात राहुल गांधी पर लागू होती है कि उन्होंने भी केरलम में भाजपा का रास्ता खोल दिया है।

# ईरान के साथ जारी संघर्ष को ट्रम्प ने बताया 'लघु युद्ध'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्ध प्रभाव व पैमाने को कमतर बताने का किया प्रयास



■ ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष को 'छोटा युद्ध' करार देते हुए इसके प्रभाव और पैमाने को कमतर बताने का प्रयास किया है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में छोटे व्यवसायों से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश इस समय काफी तरक्की कर रहा है, जबकि हम एक संघर्ष में उलझे हुए हैं, जिसे में जिसे मैं लघु युद्ध कहता हूं। गौरतलब है कि ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कभी वह इसे 'युद्ध' कहते हैं, तो कभी सैन्य 'अभियान', 'भ्रमण' या सिर्फ एक 'पड़ाव' मात्र बताते हैं। जानकारों का मानना है कि शब्दों का यह चयन सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 1973 के 'युद्ध शक्तियां अधिनियम' के अनुसार, किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई जारी रखने के लिए संसद (कांग्रेस) की मंजूरी लेना अनिवार्य होता है। राष्ट्रपति बिना मंजूरी के केवल 60 से 90 दिनों तक ही सैन्य अभियान चला सकते हैं। ट्रम्प ने भी मार्च में कहा था कि वे 'युद्ध' शब्द के इस्तेमाल से बचते हैं क्योंकि इसके लिए आधिकारिक अनुमति की आवश्यकता पड़ती है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि 28 फरवरी से शुरू हुई यह सैन्य कार्रवाई ईरान की ओर से मिलने वाली धमकियों के जवाब में एक 'रक्षात्मक कदम' है। वहीं, दूसरी ओर ईरान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और एक अवैध हमला बताया है।

# नशीली दवाओं की तस्करी वाली नाव पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

■ कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं

**वाशिंगटन।** कैरिबियन सागर में नशीली दवाओं की कथित तस्करी करने वाले एक नाव पर अमेरिकी सेना के हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी सेना के दक्षिण कमान (साउथकॉम) के अनुसार, नशीली दवाओं को ले जाने वाले एक संदिग्ध नाव पर किए गए घातक हमले में दो लोग मारे गए हैं। यह सैन्य अभियान चार मई को जनरल फ्रांसिस एल डोनावन के निर्देशन में चलाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि 'ज्वाइंट टास्क फोर्स साउदर्न स्पीयर' ने उस नाव को निशाना बनाया जिसके बारे में जानकारी मिली थी कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़ी है और ड्रग्स तस्करी के रास्ते पर जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में किसी भी अमेरिकी सैनिक को चोट नहीं आई है। यह ताजा कार्रवाई ट्रम्प प्रशासन द्वारा लैटिन अमेरिका में 'नार्को-टेररिज्म' के खिलाफ सितम्बर से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि, अमेरिकी सेना ने अभी तक सार्वजनिक रूप से ऐसे सबूत पेश नहीं किए हैं जिनसे यह पुष्टि हो सके कि निशाना बनाए गए जहाजों में नशीली दवाएं मौजूद थीं। भले ही इस समय दुनिया का ध्यान पश्चिमी एशिया के संघर्ष पर है, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में इस तरह के हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिमी गोलार्द्ध में अमेरिका के नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान उसकी प्राथमिकता बने हुए हैं।



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद टॉलीगंज निर्वाचन क्षेत्र की सड़कों से टीएमसी के होर्डिंग्स-बैनर फाड़कर फेंकते भाजपा समर्थक।

# भारत-जापान स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भारत और जापान की संयुक्त समिति की तीसरी बैठक के बाद मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक आज भारत मंडपम में आयोजित की गई। नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने मिलकर बैठक की अध्यक्षता की।

# ईरान-अमेरिका युद्धविराम वार्ता खतरे में

## ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और नए हमलों के बीच होर्मुज में बढ़ा तनाव



■ यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है

**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और होर्मुज से जहाजों के पारगमन में मदद के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू करने के बाद तनाव चरम पर है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा पेट्रोलियम उद्योग क्षेत्र पर ईरान के ड्रोन हमले के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है। इस घटना ने उस शांति को खत्म कर दिया है जो अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद से बनी हुई थी। दोनों देशों के बीच आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा हुई थी, जिसे 22 अप्रैल को आगे बढ़ाया गया था। इस बीच राजनयिक माध्यमों से प्रस्तावों का आदान-प्रदान जारी है। हालांकि, ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी में कहीं भी अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने का दुस्साहस किया, तो उन्हें 'धरती से मिटा दिया जाएगा।' ईरान की प्रतिक्रिया भी उतनी ही आक्रामक रही है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालीबाफ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के उल्लंघन और नाकाबंदी कर सुरक्षित नौवहन को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के लिए मौजूदा स्थिति को सहन करना असंभव होगा और चेतावनी दी कि ईरान के पास अभी भी कई बड़े विकल्प मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की पुष्टि की है। इसमें लगभग 15,00 अमेरिकी सैनिक, मिसाइल विध्वंसक जहाज, 100 से अधिक विमान और मानव रहित प्लेटफॉर्म तैनात किए गए हैं। शीर्ष अमेरिकी कमांडर एडमिरल ब्रैडली कूपर के अनुसार, अभियान के पहले दिन दो अमेरिकी झंडे वाले जहाजों को सैन्य सुरक्षा में सफलतापूर्वक पार कराया गया। इस दौरान अमेरिकी नौसेना ने जहाजों को निशाना बनाने वाली ईरानी क्रूज मिसाइलों को बीच में ही मार गिराया और हमला करने की कोशिश कर रही ईरान की छह छोटी नावों को नष्ट कर दिया। वहीं, यूएई ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागी गई कई मिसाइलों को नाकाम कर दिया है, हालांकि फुजैरा के पेट्रोलियम केंद्र में भीषण आग लग गई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस हमले का जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यूएई के राष्ट्रपति के सलाहकार अनवर गर्गाश ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि ईरान ही इस क्षेत्र में संकट और खतरे का असली स्रोत है।

## होर्मुज तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगाः गालिबफ



**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ़ ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर अगर तनाव बढ़ेगा तो उससे अमेरिकी प्रभाव में कमी आएगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा और नौवहन मार्ग है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, ग़ालिबफ़ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम का उल्लंघन करके और नौवहन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे नाकाबंदी करार दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया समीकरण अंतिम रूप ले रहा है, अमेरिका के लिए यथास्थिति बनाए रखना असहनीय है जबकि हमने अभी शुरुआत भी नहीं की है। ये टिप्पणियां उन खबरों के बाद बढ़े तनाव के बीच आई हैं जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ने 13 अप्रैल से ईरानी बंदरगाहों एवं समुद्री मार्गों पर नौसैनिक नाकाबंदी लगा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की, जो एक नौसैनिक पहल है जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग से वाणिज्यिक जहाजों को एस्कॉर्ट करना है जिस पर ईरान का काफी प्रभाव है। ईरानी सेना ने अमेरिकी युद्धपोतों को रणनीतिक जलमार्ग के पास आने के खिलाफ बार-बार चेतावनी दी है जिसपर इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कोर ने अपना कड़ा नियंत्रण बनाए हुआ है। आईआरजीसी नियमित मिसाइल और ड्रोन अभ्यासों के माध्यम से अपनी उन्नत क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा है।

# जीसीसी ईरानी मिसाइल हमलों के खिलाफ यूएई का करेगा समर्थन

**दोहा।** खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जासेम अलबुदैवी ने कहा कि संगठन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा अपनी सुरक्षा की रक्षा के लिए उठाए गए सभी कदमों का समर्थन करेगा। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश की वायु रक्षा ने 12 बैलिस्टिक मिसाइलों और चार ड्रोन को रोका, जिन्हें कथित रूप से ईरान द्वारा प्रक्षेपित किया गया था और कहा कि वह जवाबी कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, अमीरात सरकार की प्रेस सेवा ने ड्रोन हमले के बाद फुजैरा तेल क्षेत्रों में से एक में आग लगने की सूचना दी। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि यूएई के पूर्वी हिस्से में एक औद्योगिक तेल क्षेत्र पर हुए आगजनी के हमले के पीछे अमेरिकी सेना का हाथ था। जीसीसी ने कल एक बयान में कहा कि महामहिम ने यूएई के साथ जीसीसी की पूर्ण एवं दृढ़ एकजुटता पर बल दिया और उसकी सुरक्षा की रक्षा, उसकी संप्रभुता की सुरक्षा और उसके महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उठाए गए सभी उपायों के समर्थन में एक एकजुट मोर्चे के रूप में खड़े होने की बात की।

# ईरानी विदेश मंत्री बीजिंग यात्रा पर करेंगे चीनी समकक्ष के साथ वार्ता

■ चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है
■ चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है

**तेहरान/बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अपने चीनी समकक्ष वांग ई के साथ बातचीत करने के लिए बीजिंग की यात्रा पर जाने वाले हैं। ईरान यह कदम संयुक्त अमेरिका-इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष और बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए उठा रहा है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, चर्चा 'द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर केंद्रित' होगी, जिसमें युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में उत्पन्न व्यवधान प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है। यद्यपि कई देशों की भांति चीन ने भी ईरान पर अमेरिका और इजरायल के शुरुआती हमलों की निंदा की थी, लेकिन ईरान के साथ अपनी निकटता के बावजूद वह आश्चर्यजनक रूप से तटस्थ बना हुआ है। चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है। चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, फिर भी इसके विशाल भंडार और ऊर्जा के विविध स्रोतों ने इसे होर्मुज जलडमरूमध्य में आए व्यवधान के बुरे प्रभावों से बचाये रखा है। ईरान ने इस मार्ग को प्रभावी रूप से उन देशों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह 'शत्रु' मानता है। यह यात्रा अमेरिका-चीन संबंधों के एक महत्वपूर्ण क्षण से पहले हो रही है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई के बीच अपने चीनी समकक्ष राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन जाने वाले हैं। 2025 में व्हाइट हाउस लौटने के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। अमेरिका और चीन के बीच पिछले एक वर्ष से संबंधों में तनाव बढ़ गया है। इन दोनों आर्थिक महाशक्तियों के बीच शुल्कों और व्यापार नीति को लेकर बार-बार विवाद हुए।



# शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना बेहद खास रहाः सुम्बुल तौकीर खान

**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि स्क्रीन पर शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी सरल और दिल को छू लेने वाली कहानी और सहज पलों के ज़रिए दर्शकों से जुड़ता जा रहा है। मौजूदा ट्रैक में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) अपनी ज़िंदगी के नए पड़ाव में कदम रखती है, जब वह रेस्टोरेंट में काम शुरू करती है और शेफ बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम बढ़ाती है। अन्विता की यात्रा चुनौतियों, सीख और छोटी-छोटी जीतों से भरपूर दिखाई देती है। दिलचस्प बात यह है कि यह ट्रैक सुम्बुल के असली जीवन के शौक से भी मेल खाता है। उन्हें हमेशा घर पर खाना बनाने और नए प्रयोग करने का शौक रहा है।

# ऑस्ट्रेलियाई तट के पास जलयान डूबने से तीन की मौत

**न्यू साउथ वेल्स।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स तट के पास एक जलयान के डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो स्वयंसेवी बचावकर्मी भी शामिल हैं। यह दुखद घटना तब घटित हुई जब एक आम नागरिक ने सूचना दी कि साउथ बैलिना के ब्रेकवॉल के पास एक जलयान मुश्किल में फंसा हुआ है। उल्लेखनीय है कि साउथ बैलिना एनएसडब्ल्यू और क्वींसलैंड की सीमा के पास स्थित एक लोकप्रिय तटीय पर्यटन स्थल है। पुलिस ने बताया कि 'मरीन रेस्क्यू एनएसडब्ल्यू' के छह सदस्यों का एक दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन बैलिना बार को पार करते समय खराब मौसम के कारण उनकी नाव पलट गई।

# चीन की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 21 की मौत

## बचाव दल ने संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला



**हुनान।** चीन के हुनान प्रांत में एक पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 घायल हो गए हैं। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 लोग घायल हुए हैं। बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि हुनान प्रांत के लियूयांग शहर के हुआशेंग पटाखा संयंत्र में यह विस्फोट सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 16:40 बजे हुआ। बचाव दल ने मुस्तैदी दिखाते हुए संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन ने खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए तत्काल अधिकारियों की तैनाती की तथा घायलों के उपचार के लिए करीब 500 कर्मियों को भी तैनात किया। रोबोट की मदद से पटाखा कारखाने की इमारत के भीतर फंसे लोगों को ढूंढने का काम किया गया। स्थानीय पुलिस ने विस्फोट के कारणों की जांच का काम आरंभ कर दिया है और इस दौरान पटाखा कंपनी के प्रभारी व्यक्ति से भी पूछताछ की गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने जानकारी दी कि कारखाना परिसर के भीतर स्थित बारूद के दो गोदाम बचाव कार्यों के दौरान उच्च जोखिम पैदा कर रहे थे। बचाव दलों को पटाखा संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे से सभी को हटाना पड़ा। बचाव कार्यों के दौरान कोई दुर्घटना न हो जाए, इसे ध्यान में रखकर दुर्घटनाग्रस्त इलाके में नमी बढ़ाने के उपाय भी किए गए। घटनास्थल से प्रसारित एक टीवी कार्यक्रम में सीसीटीवी के संवाददाता ने बताया कि विस्फोट इतना विनाशकारी था कि कारखाने के पास स्थित एक आवासीय भवन की खिड़कियां भी टूट गईं। रिपोर्ट के मुताबिक पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों की आयु 20 से 60 वर्ष के बीच है और कुछ लोगों को उड़ते हुए मलबे की चपेट में आने से हड्डियों में गंभीर चोटें आई हैं।

# जर्मन में कार के भीड़ में घुसने से दो की मौत, कई घायल

**लीपजिंग।** पूर्वी जर्मन शहर लीपज़िग में सोमवार दोपहर एक कार के भीड़ में घुससे दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बीबीसी ने दी। लीपजिंग के मेयर बुरखार्ड जंग ने कहा कि अधिकारियों द्वारा संदिग्ध अपराधी की पहचान 33 वर्षीय जर्मन नागरिक के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों को अभी तक अपराध के मकसद के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

# बांग्लादेश में खसरे के प्रकोप से एक दिन में 17 की मौत

## संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गई

■ देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है
■ 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है

**ढाका।** बंगलादेश में खसरा और खसरा से संबंधित जटिलताओं के कारण एक ही दिन में 17 लोगों की मौत हो गई। मार्च में इस अत्यधिक संक्रामक लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी के प्रकोप की शुरुआत के बाद से एक दिन में दर्ज मौत की यह सबसे अधिक संख्या है।

यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से मंगलवार को प्राप्त हुई। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, सोमवार सुबह आठ बजे तक दर्ज की गई 17 मौतों में से दो की पुष्टि खसरा से होने जबकि अन्य 15 को संदिग्ध मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गईं। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इसके अलावा, 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है। डीजीएचएस के अधिकारियों ने बताया कि इसी अवधि के दौरान खसरे के लगभग 1302 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए, जिससे 15 मार्च से अब तक संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 41793 हो गई है। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि इसी अवधि के दौरान, खसरा के 154 नए पुष्ट मामले सामने आए जिससे पुष्ट संक्रमणों की कुल संख्या 5467 हो गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 15 मार्च तक खसरा के संदिग्ध मामलों में से 28832 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 25,151 मरीज स्वस्थ हो गए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। कोलंबिया में खदान धंसने से नौ लोगों की मौत बोगोटा। कोलंबिया में सुताताउसा नगरपालिका स्थित 'ला सिस्कुडा' खदान में हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। नेशनल माइनिग एजेंसी (एएनएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने पुष्टि की है कि इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और छह खनिकों को जीवित बचा लिया गया। घायल श्रमिकों का एक क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि 18 श्रमिक जमीन के नीचे थे और उसी दौरान यह हादसा हो गया।




